समृद्धि न्यूज़

सेंसेक्स 59,288.35 | निफ्टी 17,392.70

तापमान — अधिकतम 30 °C, न्यूनतम 14 °C


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष 10 | अंक 191 | लखनऊ, 28 फरवरी, मंगलवार, 2023 | पृष्ठ 12 | मूल्य 2.00

www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



# चार तक सीबीआई रिमांड में सिसोदिया

### आबकारी नीति घोटाला मामलाः आठ घंटे तक पूछताछ के बाद किया गया था गिरफ्तार

## आप का प्रदर्शन जारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली सरकार की नई आबकारी नीति (2021-22) घोटाला मामले में गिरफ्तार उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को राउज एवेन्यू कोर्ट ने पांच दिन की सीबीआई रिमांड पर भेज दिया है। मनीष सिसोदिया को रविवार शाम को मामले में आठ घंटे तक पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद उन्हें सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया।

आबकारी घोटाला मामले में विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को पांच दिन की सीबीआई रिमांड पर भेजा है। सीबीआई ने सिसोदिया को कोर्ट में पेश करके पांच दिन की रिमांड देने की मांग की थी।

फैसले के बाद सीबीआई सिसोदिया को लेकर कोर्ट से निकल गई और सीबीआई मुख्यालय ले जाया जा रहा है।

### सुबह किया गया मेडिकल

सीबीआई मुख्यालय में ही मनीष सिसोदिया का मेडिकल टेस्ट किया गया। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए सिसोदिया को एम्स में नहीं ले जाया गया था।

## आईएएस अफसर ने सीबीआई की पूछताछ में लिया था सिसोदिया का नाम

वहीं दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया लिकर पॉलिसी घोटाले में सीबीआई की गिरफ्त में हैं। सिसोदिया दिल्ली सरकार में तो नंबर दो हैं ही, आम आदमी पार्टी में भी अरविंद केजरीवाल के बाद सबसे बड़े नेता हैं। घोटाले में आरोपी बनाए जाने और अब उनकी गिरफ्तारी से पार्टी, दिल्ली सरकार और अरविंद केजरीवाल खुद मुश्किल में हैं, क्योंकि सिसोदिया का विकल्प तीनों के पास नहीं है। शराब नीति केस में दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को सीबीआई ने रविवार शाम गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई ने 8 घंटे लंबी पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया। बताया गया कि आबकारी विभाग के एक आईएएस अफसर ने सीबीआई की पूछताछ में सिसोदिया का नाम लिया था। अफसर ने कहा- सिसोदिया ने ऐसी शराब नीति बनवाई थी, जिससे व्यापारियों को फायदा हो।

## आप का प्रदर्शन

डिप्टी सीएम और आप नेता मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी के बाद से आम आदमी पार्टी देश के कई शहरों में विरोध प्रदर्शन कर रही है। पार्टी ने आरोप लगाया कि दिल्ली में इमरजेंसी जैसे हालात हो गए हैं। विरोध प्रदर्शन करने के दौरान दिल्ली पुलिस आप दफ्तर में घुस गई।

## सिसोदिया को गिरफ्तार करने का राजनीतिक दबाव था

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मुझे बताया गया है कि ज्यादातर सीबीआई अधिकारी मनीष की गिरफ्तारी के खिलाफ थे। वे सभी उनका बहुत सम्मान करते हैं और उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं है, लेकिन उन्हें गिरफ्तार करने का राजनीतिक दबाव इतना अधिक था कि उन्हें अपने राजनीतिक आकाओं की बात माननी पड़ी।

## एलजी ने की थी जांच की सिफारिश

जुलाई 2022 में दिल्ली के उप-राज्यपाल वीके सक्सेना ने मनीष सिसोदिया के खिलाफ सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। सक्सेना ने सिसोदिया पर नियमों को नजरअंदाज कर भ्रष्टाचार करने के आरोप लगाए थे। इसके बाद ईडी और सीबीआई ने सिसोदिया के खिलाफ जांच शुरू की। इस मामले में भाजपा ने नए टेंडर के बाद गलत तरीके से शराब ठेकेदारों के 144 करोड़ माफ करने के आरोप लगाए हैं।

## राउत बोले- क्या भाजपा में सारे संत हैं?

शिवसेना लीडर संजय राउत ने कहा, सिसोदिया पर हुई कार्रवाई बताती है कि केंद्र सरकार विपक्ष का मुंह बंद कराना चाहती है। हम सिसोदियाजी के साथ हैं। महाराष्ट्र हो, झारखंड हो, दिल्ली हो, केंद्र सीबीआई और ईडी का इस्तेमाल कर विपक्षी नेताओं को जेल भेज रही है या उन्हें समर्पण पर मजबूर कर रही है। चाहे वो सिसोदिया हों, नवाब मलिक हों, अनिल देशमुख हों या फिर मैं। क्या भाजपा में सारे संत हैं?

## अपने पाप छिपाने के लिए भगत सिंह का नाम इस्तेमाल ना करो

केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा, अपने पाप छिपाने के लिए भगत सिंह का नाम इस्तेमाल ना करें। इन्होंने भले ही ईमानदारी के नाम पर सरकार बना ली, लेकिन ये लोग सबसे ज्यादा बेईमान साबित हो चुके हैं। इस सरकार के चलते ही दिल्ली के बच्चे परेशान हो रहे हैं।

## शराब ठेकेदारों के 144 करोड़ माफ करने के आरोप

नई शराब नीति को लेकर 22 जुलाई 2022 को दिल्ली के उप-राज्यपाल वीके सक्सेना ने मनीष सिसोदिया के खिलाफ सीबीआई जांच की मांग की। सक्सेना ने केजरीवाल सरकार के मंत्री सिसोदिया पर नियमों को नजरअंदाज कर भ्रष्टाचार करने के आरोप लगाए हैं। वहीं बीजेपी ने केजरीवाल सरकार पर नए टेंडर के बाद गलत तरीके से शराब ठेकेदारों के 144 करोड़ माफ करने के आरोप लगाए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### रामपुर सीआरपीएफ कैंप पर हमले के 3 दोषियों को उम्रकैद की सजा

**लखनऊ।** रामपुर में सीआरपीएफ कैंप पर 16 साल पहले 2007 में हुए हमले के 3 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। सूत्रों के अनुसार नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी के स्पेशल कोर्ट ने ये सजा सुनाई है। इस मामले में सीआरपीएफकैंप पर हमला किया गया था। जांच में कई आतंकी पकड़े गए थे जिनके पास से भारी मात्रा में गोला-बारूद और एके -47 भी मिली थी। इस मामले में दोषियों की तरफसे सजा मिलने से पहले नरमी बरते जाने की अपील की गयी थी। विस्तृत खबर पेज-2 पर

### रिनेमिंग कमीशन बनाने की मांग वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आक्रांताओं के नामों वाले सभी ऐतिहासिक स्थानों का नाम बदलने के लिए आयोग बनाने की मांग वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इससे वो मुद्दे जिंदा होंगे, जो देश में उबाल ला देंगे। यह फैक्ट है कि एक विदेशी ताकत ने देश पर आक्रमण कर सालों तक शासन किया। हम अपने इतिहास के उस हिस्से की कामना नहीं कर सकते हैं। आप मुस्लिम आक्रांताओं की बर्बरता के मुद्दो को जिंदा रखना चाहते हैं।

### राहुल और जयशंकर के बीच छिड़ी जुबानी जंग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर पर निशाना साधते हुए पूछा कि किस तरह की देशभक्ति और राष्ट्रवाद ने मंत्री को यह कहने के लिए मजबूर कर दिया कि भारत चीन के साथ लड़ाई नहीं कर सकता क्योंकि चीनी अर्थव्यवस्था हमसे बड़ी है। गांधी ने यह आरोप लगाते हुए एक बार फिर पीएम को निशाने पर लिया कि मोदी हिंडनबर्ग-अडानी मुद्दे पर उनके सवालों का जवाब देने से इनकार कर रहे हैं।

### दिवंगत विधायकों की पत्नियों की पेंशन में वृद्धि अब मिलेंगे 25 हजार

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने उप्र विधान सभा के स्वर्गीय सदस्यों की पत्नियों की पेंशन को बढ़ाने का निर्णय लिया है। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने आज सोमवार को विधान सभा में यह जानकारी दी।

### प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड के एक आरोपी का एनकाउंटर

# अतीक के बेटे का ड्राइवर ढेर

**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज़**

प्रयागराज पुलिस ने उमेश पाल हत्याकांड में शामिल एक बदमाश का एनकाउंटर किया है। बदमाश का नाम अरबाज है। मुठभेड़ सोमवार दोपहर धूमनगंज में नेहरू पार्क के पास हुई।

पुलिस के मुताबिक, वारदात के बाद से अरबाज नेहरू पार्क इलाके में छिपा था। उसने पुलिस पर गोली चलाई। जिसमें एक सिपाही घायल हो गया। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। उसके सीने और पैर में गोली लगी है। पुलिस ने घायल अरबाज को स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। उमेश पाल पर हमला करने के बाद अरबाज का चेहरा सीसीटीवी फुटेज में आया था। पता चला था कि पुरामुफ्ती के सल्लाहपुर निवासी अरबाज नाम का शातिर अपराधी कार चला रहा था। उसने उमेश पर हमला भी किया था। अरबाज अतीक अहमद के बेटे असद का ड्राइवर था। हमलावरों की क्रेटा गाड़ी पुलिस ने बरामद की है। अरबाज को बाहुबली अतीक अहमद का बेहद खास माना जाता था। उसका पिता भी अतीक अहमद की गाड़ी चलाता था। अतीक अहमद की पत्नी और बसपा नेता शाइस्ता परवीन, उनके बेटे एजम, अबान, अली, उमर और दोस्त रेहान से पुलिस पूछताछ कर रही है।



● वहीं हमलावरों को गाड़ी में ले गया था

जेलों में बंद अतीक के गुर्गों से भी यूपी स्क्षस्न पूछताछ कर रही है। यही नहीं, अहमदाबाद जेल में बंद अतीक से मिलने वालों की भी डिटेल खंगाली जा रही है। इस काम में जेल अधीक्षक को भी लगाया गया है। पुलिस को इस बात की भी आशंका है कि शूटर नेपाल न भाग जाएं। यही कारण है कि नेपाल के सीमावर्ती जिलों को अलर्ट मोड में डाल दिया गया है।

# माफिया की लिस्ट जारी करे बीजेपी : अखिलेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**

### मनीष सिसोदिया शिक्षा के लिए बेहतर काम कर रहे थे, उन्हें गिरफ्तार कर लिया

विधानसभा सत्र का सातवें दिन बजट पर प्रस्ताव और चर्चा में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने का काम कर रहे थे। उन्हें गिरफ्तार कर लिया। देश में ये कोई पहली घटना नहीं है। बीजेपी जब से सत्ता में है, सेंट्रल एजेंसी का गलत इस्तेमाल हो रहा है। बीजेपी सरकार में विपक्षी नेताओं के पीछे सीबीआई और ईडी एजेंसियां लगाई जा रही है। ये लोग 2024 के चुनाव से पहले व्यवस्था कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूपी में सिर्फ 4 प्रतिशत बेरोजगारी बताई जा रही है। इसका मतलब क्या 96त्र बेरोजगारों को रोजगार मिल गया है। देश में महंगाई चरम पर है। एलआईसी और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का पैसा डूब गया। मित्र की पहचान बुरे दिन में होती है। बीजेपी को बताना चाहिए कि वह मित्र के साथ खड़े हैं कि नहीं। आप लोग समझ गए कौन-कौन मिला है। बड़ी साजिश है यूपी का चुनाव छोटा नहीं देश का चुनाव है। यह प्रदेश प्रधानमंत्री देता ह यह बड़ी साजिश है छोटी नहीं है। बीजेपी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का नाम भी आ रहा है। उन्होंने कहा कि यूपी की जनता ऐसे माफिया लोगों को जवाब देगी।



**बीजेपी माफियाओं की सूची जारी कर दें। मैंने सूची मांगी है, टॉप टेन और टॉप 100 माफियाओं की सूची दीजिए। सरकार माफियाओं की सूची जारी करने में पीछे हट रही है।**
**अखिलेश यादव**

### सपा से पोषित माफियाओं पर कार्रवाई नजीर बनेगी

प्रयागराज उमेश पाल हत्याकांड पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ पीड़ित परिवार के साथ है। हम उनको न्याय दिलाएंगे। ऐसे सभी माफिया हैं, जो समाजवादी पार्टी में पोषित होते रहे। सरकार उनको खोज कर कड़ी कार्रवाई करेगी। कोई भी बख्शा नहीं जाएगा। ये कार्रवाई सबके लिए नजीर बनेगी।

### मायावती का ट्वीट इशारा है

डिप्टी सीएम ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी के लिए कोई भी अपना पराया नहीं है। बसपा न्याय के आधार पर काम करती हैं। आज मायावती के द्वारा किया गया ट्वीट का मतलब है कि अतीक को समाजवादी पार्टी ने विधायक और सांसद बनाया था। आज पूजा पाल खुद समाजवादी पार्टी में जाकर मिल गई हैं। ऐसे में अगर अतीक अहमद की पत्नी दोषी पाई गईं, तो उन्हें पार्टी से बाहर निकाला जाएगा।

### भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर बीएसएफ जवानों पर हमला

# 100 से ज्यादा बांग्लादेशी ग्रामीणों ने धारदार हथियारों से मारा

### बंदूकें भी छीनीं दो जवान गंभीर

**बेरहामपुर (एजेंसी)।** इंटरनेशनल बॉर्डर पर भारतीय किसानों की सुरक्षा में ड्यूटी कर रहे बीएसएफ जवानों पर बांग्लादेशी ग्रामीणों और बदमाशों ने हमला कर दिया। इस हमले में दो जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। इनके सिर पर गंभीर चोट आई है। जवानों के हथियार भी छीन लिए गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे और दोनों घायल जवानों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। बीएसएफ के मुताबिक, घटना रविवार को बंगाल फ्रंटियर के बेरहामपुर सेक्टर में बनी निर्मलचर पोस्ट 35 बटालियन के इलाके में हुई। क्क्स्स्न ने इस मामले को बॉर्डर गार्ड्स बांग्लादेश (क्क्रत्रक्च) के सामने उठाया और फ्लैग मीटिंग बुलाई है, ताकि बांग्लादेशी बदमाशों से जवानों के हथियार बरामद किए जा सकें और ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में आने वाला यह क्षेत्र बांग्लादेश की सीमा से लगता है। निर्मलचर गांव के लोगों का आरोप है कि बांग्लादेशी किसान फसलों को नुकसान पहुंचाने के लिए अपने मवेशियों को जानबूझकर हमारे खेतों में छोड़ देते हैं।

# एनआईए कोर्ट में 8 आतंकियों को सजा आज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**

### 2017 में भोपाल-उज्जैन पैसेंजर ट्रेन में बम ब्लास्ट किया था



● कल कोर्ट ने आरोपियों को दोषी करार दिया था
● 6 साल पहले जनरल कोच में हुआ था ब्लास्ट

लखनऊ की विशेष एनआईए कोर्ट में भोपाल-उज्जैन पैसेंजर ट्रेन धमाके की सुनवाई पूरी हो गई है। कोर्ट दोषियों को मंगलवार को सजा सुनाएगी। सोमवार को 8 आतंकियों को कोर्ट लाया गया था। एनआईए कोर्ट में पेश हुए दोषियों से जज ने कहा- फैसला सुनाए जाने से पहले कोई बात कहनी है? इस पर दोषियों ने कहा कि बीते 15 सालों से हम लोग जेल में हैं। इस पर जज ने कहा कि सजा में 15 साल को माइनस कर दिया जाएगा। उसके बाद जज कोर्ट रूम में चले गए थे। शुक्रवार को कोर्ट ने मामले में सभी आरोपियों को दोषी करार दिया था। विशेष न्यायाधीश विवेकानंद शरण पांडेय ने सजा सुनाए जाते वक्त दोषियों को कोर्ट में पेश किए जाने का आदेश दिया था। 9 आतंकियों पर देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने, आतंकी गतिविधियों के लिए धन, विस्फोटक और हथियार जुटाने के आरोप थे। साथ ही जाकिर नाइक का वीडियो दिखाकर युवाओं को जिहाद के लिए उकसाने सहित अन्य मामले में 21 मार्च, 2018 को आरोप तय किए गए थे। इनमें से एक आतंकी सैफुल्लाह की मौत हो चुकी है। शुक्रवार को कोर्ट ने बाकी 8 आतंकियों मोहम्मद फैसल, गौस मोहम्मद खान, मोहम्मद अजहर, आतिफ मुजफ्फर, मोहम्मद दानिश, सैयद मीर हुसैन, आसिफ इकबाल रॉकी और मोहम्मद आतिफ ईरानी को दोषी ठहराया था। 7 मार्च, 2017 की सुबह 9:38 बजे का वक्त था। मध्य प्रदेश के जबड़ी रेलवे स्टेशन के पास भोपाल-उज्जैन पैसेंजर ट्रेन (59320) में बम विस्फोट हुआ। इसमें 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

# 2024 तक यूपी में होगा अमेरिका जैसा रोड इंफ्रास्ट्रक्चर : गडकरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**



केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि उत्तर प्रदेश का रोड इंफ्रास्ट्रक्चर अमेरिका जैसा होगा। उन्होंने आज सोमवार को कहा कि 2024 के अंत से पहले उत्तर प्रदेश में अमेरिका की तरह सड़कों का बुनियादी ढांचा होगा और सड़कों के विकास से राज्य की तस्वीर बदल जाएगी।उन्होंने कहा कि यूपी देश का अग्रणी राज्य होगा उन्होंने किसानों से भोजन के साथ ऊर्जा का प्रदाता बनने का भी आह्वान किया। इससे पहले नितिन गडकरी ने बलिया के चितबड़गांव में 6,500 करोड़ रुपये की सात राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।नितिन गडकरी ने कहा, यूपी में सड़कों की स्थिति वर्ष 2014 से पहले अच्छी नहीं थी। नरेंद्र मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद यूपी में राष्ट्रीय राजमार्ग 7,643 किलोमीटर से बढ़कर 13,000 किलोमीटर हो गया है। 2024 के अंत से पहले उत्तर प्रदेश में अमेरिका की तरह सड़कों का बुनियादी ढांचा होगा।

### पीएम मोदी ने कहा-

### बजट में आदिवासियों व ग्रामीण क्षेत्रों को अंतिम छोर तक सुविधाएं प्रदान करने पर ध्यान किया गया है केंद्रित

# हमारा उद्देश्य सभी तक पहुंचना, भेदभाव और भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश नहीं होगी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय बजट 2023-24 में आदिवासी और ग्रामीण इलाकों में अंतिम छोर तक सुविधाएं मुहैया कराने पर विशेष ध्यान दिया गया है। रीचिंग द लास्ट माइल पर बजट के बाद के वेबिनार को संबोधित करते हुए, मोदी ने कहा, पहली बार, देश इस पैमाने पर हमारे देश के आदिवासी समाज की क्षमता का दोहन कर रहा है। जितना अधिक जोर हम सुशासन पर देंगे, उतनी ही आसानी से अंतिम मील तक पहुंचने का हमारा लक्ष्य पूरा हो जाएगा, अंतिम मील तक पहुंचने का दृष्टिकोण और संतृप्ति की नीति एक दूसरे के पूरक हैं। जब हमारा उद्देश्य सभी तक पहुंचना है, तो भेदभाव और भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश नहीं होगी। उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय के सबसे वंचित लोगों के लिए विशेष मिशन के तहत तेजी से सुविधाएं प्रदान करने के लिए पूरे देश के दृष्टिकोण की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतिम मील तक पहुंचने के मामले में एक सफल मॉडल के रूप में उभरा है। वांछित लक्ष्यों के लिए सुशासन और निरंतर निगरानी के महत्व पर जोर देते हुए प्रधान मंत्री ने कहा, जितना अधिक हम सुशासन पर जोर देंगे, उतनी ही आसानी से अंतिम मील तक पहुंचने का हमारा लक्ष्य पूरा हो जाएगा। उन्होंने मिशन इन्द्रधनुष के तहत और कोविड महामारी के दौरान टीकाकरण और वैक्सीन कवरेज में नए दृष्टिकोण का उदाहरण दिया, ताकि अंतिम छोर तक डिलीवरी सुनिश्चित करते हुए सुशासन की शक्ति का वर्णन किया जा सके। उन्होंने कहा कि पहले बुनियादी सुविधाओं के लिए गरीब सरकार के पीछे भागता था, उसके विपरीत अब सरकार गरीबों के दरवाजे तक पहुंच रही है। पीएम ने कहा, जिस दिन हम यह तय कर लेंगे कि हर क्षेत्र में हर नागरिक को हर बुनियादी सुविधा मुहैया कराई जाएगी, तब हम देखेंगे कि स्थानीय स्तर पर कार्य संस्कृति में कितना बड़ा बदलाव आएगा।



### सरकार समाज के वंचितों तक पहुंच रही है

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचने के लिए सुशासन के महत्व पर जोर देते हुए सोमवार को कहा कि इस तरह के दृष्टिकोण में भेदभाव और भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश नहीं होगी। मोदी ने पसमांदा मुसलमानों के पिछड़ेपन का भी उल्लेख किया और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के सबसे वंचित वर्गों तक पहुंचने के केंद्र सरकार के प्रयासों को रेखांकित किया। बजट के बाद 'अंतिम छोर तक पहुंचने (रीचिंग द लास्ट माइल) के विषय पर आयोजित वेबिनार में प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार आदिवासियों में सबसे वंचितों के लिए एक विशेष मिशन शुरू कर रही है। उन्होंने कहा, ''हमें देश के 200 से अधिक जिलों और 22,000 से अधिक गांवों में रह रहे जनजातीय लोगों को यथाशीघ्र विभिन्न सुविधाएं प्रदान करनी होंगी।

### पीएम के खिलाफ टिप्पणी, पवन खेड़ा को जमानत नहीं

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफउनकी कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़े एक मामले में दी गई अंतरिम जमानत की अवधि तीन मार्च तक बढ़ा दी। असम पुलिस ने पिछले हफ्ते खेड़ा को गिरफ्तार किया था। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई.चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने असम की तरफसे पेश हुए सॉलीसीटर जनरल तुषार मेहता के उस प्रतिवेदन पर संज्ञान लिया कि प्रदेश की पुलिस मामले में अपना जवाब दाखिल करना चाहती है। उत्तर प्रदेश की तरफसे पेश हुईं अतिरिक्त महाधिवक्ता गरिमा प्रसाद ने कहा कि वह भी इस मामले में जवाब दाखिल करेंगी।

# एनआईए कोर्ट लखनऊ से सबाउद्दीन, इमरान शहजाद और फारुख को उम्रकैद की सजा

## रामपुर सीआरपीएफ कैंप में हमले का मामला

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

लखनऊ की एनआईए कोर्ट ने 2007 में रामपुर जिले में सीआरपीएफ कैंप पर हमला करने वाले तीन आतंकियों को साल की सजा और 5000 का जुर्माना लगाया गया है। साल 2007 में यूपी के रामपुर में सीआरपीएफ कैंप पर हमले के तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गयी है। नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी के स्पेशल कोर्ट ने ये सजा सुनाई है। इस मामले में सीआरपीएफ कैंप पर हमला किया गया था। जांच में कई आतंकी पकड़े गए थे जिनके पास से भारी मात्रा में गोला-बारूद और एके-47 भी मिली थी। इस मामले में दोषियों की तरफ से सजा मिलने से पहले नरमी बरते जाने की अपील की गयी थी। पूरे मामले में सबूतों और गवाहों के आधार पर दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गयी है। रामपुर सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर पर 2007 और 2008 की मध्य रात्रि में हुए आतंकी हमले के मामले में एडीजे थर्ड की अदालत ने सजा सुनाई है।यह मुकदमा पिछले 11 साल 10 महीने से अदालत में चल रहा था जिसमें 56 से अधिक गवाहों को प्रॉसीक्यूशन में पेश किया तमाम सबूत और दलीलें पेश किए जिनके आधार पर अदालत में फैसला सुनाते हुए 4 लोगों को फांसी की सजा सुनाई है। एक व्यक्ति को उम्र कैद और एक को 10 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है जबकि 2 लोगों को बरी कर दिया गया। सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर पर 31 दिसंबर 2007 की रात आतंकी हमले में सीआरपीएफ के सात जवानों की मौत हो गई और एक रिक्शा चालक की मौत हो गई थी। एटीएस और पुलिस ने इस मामले में आठ को गिरफ्तार किया था। लगभग 12 साल के बाद कोर्ट ने आठ में छह को दोषी करार दिया था। छह दोषियों में चार को कोर्ट ने शनिवार को फांसी, एक को आजीवन कारावास और एक को दस साल की सजा सुनाई है। जिन चार आतंकियों को फांसी की सजा सुनाई गई है उसमें दो पाकिस्तान के नागरिक हैं। चार आतंकियों शरीफ, सबाउद्दीन, इरमान शहजाद और मो. फारुख को फांसी की सजा दिए जाने के बाद एहतियात के तौर पर रामपुर में सुरक्षा बढ़ दी गई है। इस मामले से जुड़े उन सभी लोगों की सुरक्षा बढ़ाई दी गई है जिन्होंने आतंकियों को सजा दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर में भी अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। इसके अलावा जिला पुलिस को अलर्ट मोड में रहने को कहा गया है। पुलिस ने इस प्रकरण में फैसला सुनाने वाले न्यायाधीश और डीजीसी की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। सिविल लाइंस इंस्पेक्टर ऋषिपाल सिंह ने बताया कि माननीय न्यायाधीश और डीजीसी की सुरक्षा में चार-चार पुलिसकर्मियों को लगाया गया है, जो उनके आवास पर भी रहेंगे।

- एनआईए कोर्ट 8 आतंकियों को आज सुनाएगी सजा,
- 2017 में भोपाल-उज्जैन पैसेंजर ट्रेन में बम ब्लास्ट किया था

लखनऊ की विशेष एनआईए कोर्ट में भोपाल-उज्जैन पैसेंजर ट्रेन धमाके की सुनवाई पूरी हो गई है। कोर्ट दोषियों को मंगलवार को सजा सुनाएगी। सोमवार को 8 आतंकियों को कोर्ट लाया गया था। एनआईए कोर्ट में पेश हुए दोषियों से जज ने कहा-फैसला सुनाए जाने से पहले कोई बात



कहनी है? इस पर दोषियों ने कहा कि बीते 15 सालों से हम लोग जेल में हैं। इस पर जज ने कहा कि सजा में 15 साल को माइनस कर दिया जाएगा। उसके बाद जज कोर्ट रूम में चले गए थे। शुक्रवार को कोर्ट ने मामले में सभी आरोपियों को दोषी करार दिया था। विशेष न्यायाधीश विवेकानंद शरण पांडेय ने सजा सुनाए जाते वक्त दोषियों को कोर्ट में पेश किए जाने का आदेश दिया था। 9 आतंकियों पर देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने, आतंकी गतिविधियों के लिए धन, विस्फोटक और हथियार जुटाने के आरोप थे। साथ ही जाकिर नाइक का वीडियो दिखाकर युवाओं को जिहाद के लिए उकसाने सहित अन्य मामले में 21 मार्च, 2018 को आरोप तय किए गए थे। इनमें से एक आतंकी सैफुल्ला की मौत हो चुकी है। शुक्रवार को कोर्ट ने बाकी 8 आतंकियों मोहम्मद फैसल, गौस मोहम्मद खान, मोहम्मद अजहर, आतिफ मुजफ्फर, मोहम्मद दानिश, सैयद मीर हुसैन, आसिफ इकबाल रॉकी और मोहम्मद आतिफ ईरानी को दोषी ठहराया था। 7 मार्च, 2017 की सुबह 9.38 बजे का वक्त था। मध्य प्रदेश के जबड़ी रेलवे स्टेशन के पास भोपाल-उज्जैन पैसेंजर ट्रेन (59320) में बम विस्फोट हुआ। इसमें 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। ब्लास्ट के बाद डिब्बे में अफरा-तफरी मच गई। कुछ लोग ट्रेन से कूद गए। उसकी वजह से उन्हें चोटें आईं। इनमें कुछ बुजुर्ग भी शामिल थे। ब्लास्ट की आवाज सुनकर कुछ लोगों ने चेन खींचकर ट्रेन को रोका। 14 मार्च 2017 को केंद्र सरकार ने इस मामले की जांच एनआईए को सौंप दी थी। वर्तमान में 4 आतंकियों में से 3 आतंकी सैयद मीर हुसैन, मोहम्मद दानिश और आतिफ मुजफ्फर हाई सिक्योरिटी वाली भोपाल सेंट्रल जेल में बंद हैं। इन तीनों को मध्य प्रदेश की पिपरिया पुलिस ने घटना के कुछ ही घंटों बाद उसी दिन पकड़ लिया था। तीनों आतंकी एक बस से भागने का प्रयास कर रहे थे। वहीं, चौथे आतंकी गौस मोहम्मद खान को इनके द्वारा दी गई जानकारी पर बाद में यूपी से गिरफ्तार किया गया। उसे लखनऊ जेल में रखा गया है। मामले में एटीएस के डिप्टी एसपी मनीष चंद्र सोनकर ने 8 मार्च 2017 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें बताया गया कि आईएस आईएस लगातार इंटरनेट पर आतंकवादी घटनाओं का वीडियो अपलोड कर नौजवानों को अपने संगठन से जोड़ने और देश विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने की कोशिश में जुटा है। इसी से प्रभावित होकर मोहम्मद फैसल, मोहम्मद दानिश, आतिफ मुजफ्फर, सैफुल्ला और मोहम्मद अजहर ने पैसेंजर ट्रेन में धमाके की साजिश रची थी। पूर्व में भी ये लोग पैैसे के लिए जिहाद और आतंकी वारदातों को अंजाम देने की बात किया करते थे। पुलिस ने इन सभी आतंकियों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। लखनऊ के काकोरी में हुई मुठभेड़ में सैफुल्ला मारा गया था। अन्य आरोपियों के पास से भारी मात्रा में गोला बारूद और हथियार बरामद हुए थे। इसके बाद मामले की विवेचना एनआईए ने करते हुए बाकी आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी।

## खबरें एक नजर में

### एक दिवसीय वर्कशॉप/सेमिनार-जागरूकता कार्यक्रम-202-2023 आयोजित

**लखनऊ।** औरैया हैडीक्राफ्ट प्रोडूषर कंपनी लिमिटेड 67 गायत्री पुरम कुर्सी रोड लखनऊ (उ0प्र0) द्वारा ''एक दिवसीय वर्कषॉप/सेमिनार-जागरूकता कार्यक्रम2022-2023'' का आयोजन विकास आयुक्त (हस्तषिल्प) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के सहयोग से आज दिनांक 26 फरवरी 2023 को सुबह 10:00 बजे से षाम 4:00 बजे तक स्थान-दुर्गा गेस्ट हाउस बिधूना औरिया (उ0प्र0) में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय मुक्तेश पाठक (एच0पी0ओ0), क्षेत्रि कार्यालय आगरा जितेन्द्र सिंह (डारेक्टर), औरैया हैडीक्राफ्ट प्रोडूषर कंपनी लिमिटेड लखनऊ के कर कमलों द्वारा सुभारम्भ किया गया। कंपनी के डारेक्टर जितेन्द्र सिंह ने मुख्य अतिथि व अतिथियों का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर कंपनी के डारेक्टर जितेन्द्र सिंह आज के इस कार्यषाला के आयोजन के बारे में अवगत कराते हुए हस्तषिल्पियों को बताया कि यह वर्कषॉप/सेमिनार-जागरूकता कार्यक्रम उनके कार्य, प्रोडक्षन, डिजाइन, मार्केटिग प्रणाली को बढ़ाने हेतु आयोजित की गयी हैं जिसमें 50 हस्तषिल्पियों को टी0ए0 व डी0ए0 भी दिया गया। संस्था द्वारा समय-समय पर वस्त्र मंत्रालय के सहयोग से यह कार्यषाला आयोजित कि जाती रहेगी और हस्तषिल्पियों को वस्त्र मंत्रालय की अन्य लाभ की योजनाओं के बारे में अवगत कराया जाता रहेगा और वस्त्र मंत्रालय की योजनाओं लाभ उन्हें दिलाया जाता रहेगा।

### लखनऊ विश्वविद्यालय के दो छात्र बायर मेधा फैलोशिप से हुए सम्मानित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के दो परास्नातक छात्रों को बायर मेधा फैलोशिप से सम्मानित किया गया है। एमएससी बायोटेक्नोलॉजी के पहले सेमेस्टर की छात्रा तूलिका सिंह और मानवी असवानी को अकादमिक योग्यता, प्रेरणा पत्र, शैक्षणिक वर्षों के दौरान हासिल की गई। इसके अतिरिक्त उपलब्धियों और साक्षात्कार के प्रदर्शन के आधार पर बायर फेलोशिप प्रोग्राम-मेधा के लिए चुना गया है। फेलोशिप की अवधि दो साल की है जो 20 हजार रुपये प्रति माह की अंदर से सेमेस्टर-वार प्रदान करी जाएगी। फेलोशिप के समय पर संवितरण के लिए चयनित छात्रों को नीतियों के अनुसार लगातार अकादमिक रिकॉर्ड बनाए रखने की आवश्यकता है। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने दोनों छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है। इस योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन दिसंबर 2022 में तथा ऑनलाइन साक्षात्कार जनवरी 2023 में आयोजित किए गए थे।

### लखनऊ विवि में पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**लखनऊ ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में चल रहे तीन दिवसीय विज्ञान महोत्सव के दौरान जूलॉजी विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ में जूलॉजी के शोधार्थियों के बीच एक पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। शिरीन मसूद, प्रियंका अग्रवाल और स्नेहा प्रकाश ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में ओसैद मसूद, श्रीजा राय को सांत्वना पुरस्कार मिला। विभाग का एस.सी.बाघ जूलॉजिकल म्यूजियम छात्रों के लिए पूरे दिन खुला रहा और कल भी सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुला रहेगा। विभाग द्वारा कल के लिए भी कई रोमांचक गतिविधियों की योजना बनाई गई है। जूलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. एम. सेराजुद्दीन ने खुलासा किया कि फेस्टिवल के आखिरी दिन जूलॉजी स्टॉल में निम्नलिखित गतिविधियां होंगी। आगंतुक स्वयं अभ्यास करके अपने ब्लड ग्रुप और अपने क्रोनोटाइप को जान सकेंगे। वे पानी की एक बूंद में सूक्ष्म जीवों को देख सकेंगे। वे खाद्य मछलियों को जानने और पहचानने में सक्षम होंगे। प्रो. अमिता कनौजिया ने कहा कि विकासवादी वृक्ष के शीर्ष पर मनुष्यों (होमो सेपियन्स) के साथ प्राइमेट्स के विकास को दर्शाने वाला एक अनूठा सेल्फी प्वाइंट होगा। विभाग के केएन बहल ऑडिटोरियम में पूरे दिन विज्ञान फिल्में चलती रहेंगी।

### स्वयं प्रकाश गोस्वामी को कांग्रेसजनो ने दी श्रद्धांजलि

लखनऊ । इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व महामंत्री, राष्ट्रीय छात्र संगठन, उत्तर प्रदेश युवक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कांग्रेस नेता स्व0 स्वयं प्रकाश गोस्वामी के निधन पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर कांग्रेसजनों द्वारा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित नेताओं ने कहा कि पार्टी द्वारा चलाये गए जन आंदोलनों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है, पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा, लगाव, योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व मंत्री प्रांतीय अध्यक्ष श्री नकुल दुबे, मीडिया संयोजक अशोक सिंह, प्रदेश प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय, वीरेन्द्र नाथ त्रिपाठी, अमित त्यागी, नीरज तिवारी, राजेश जायसवाल, नरेन्द्र शुक्ला, विजय सोनी, सुजीत राय, राघवेन्द्र सिंह, प्रज्ञा सिंह, सहित आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

### पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड प्राप्त किया सर्टिफिकेट

लखनऊ । पिछले वर्ष दीपावली के अवसर पर राज्य सरकार द्वारा अयोध्या में दीपोत्सव का भव्य आयोजन एवं (1576955) दीपों को प्रज्जवलित करके गिनीज बुक विश्व रिकार्ड बनाया गया था। जिसके लिए प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह को गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड की सर्टिफिक्केट प्रदान की गई है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 23 अक्टूबर (2022) को राम नगरी अयोध्या में राज्य सरकार द्वारा दीपावली का दिव्य एवं भव्य आयोजन किया गया था। इस अवसर पर 1576955 दीप जलाये गये थे। दीपों की यह संख्या विश्व रिकार्ड बनी थी। जो गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड के रूप में दर्ज की गयी थी।



.नेहरू युवा केन्द्र सभागार में शिव काव्यांजलि बाण फाउन्डेशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित पंडित चन्द्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन से पूर्व उनके छायाचित्र श्रद्धाजलि अर्पित करते राष्ट्रीय कवि वेद व्रत बाजपेई चौक के नामित पार्षद अन्नु मिश्रा

## उमेश पाल हत्याकांड, भारत-नेपाल सीमा पर अलर्ट

### एडीजी ने दिए खास निर्देश

**लखनऊ समृद्धि न्यूज।** प्रयागराज में हुई उमेश पाल की हत्या के बाद से ही पुलिस तेजी से आरोपियों की धर पकड़ कर रही है। सोमवार को इस हत्याकांड के एक संदिग्ध आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में मार दिया है। उमेश पाल हत्याकांड में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हैं। आरोपियों के नेपाल भागने की आशंका में भारत नेपाल सीमा पर अलर्ट कर दिया गया है। साथ ही गोरखपुर के एडीजी अखिल कुमार ने संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिए हैं।एडीजी अखिल कुमार ने प्रयागराज हत्याकांड के शूटरों के नेपाल भागने की



आशंका में अलर्ट जारी किया है। एडीजी ने नेपाल सीमा से सटे एसपी को पत्र जारी कर सीमावर्ती क्षेत्रों में चेकिंग बढ़ाने व संदिग्ध पर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया है। एडीजी ने पुलिस अधीक्षकों को आरोपियों का वायरल वीडियो भी भेजा है जिससे उनकी आसानी से पहचनान की जा सके।एडीजी अखिल कुमार ने कहा कि प्रयागराज हत्याकांड के आरोपियों को किसी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा। वह जहां भी होंगे उनकी जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। शूटरों के नेपाल जाने की सूचना पर अलर्ट जारी किया गया है। अब तक शूटर्स की जो तस्वीरें सामने आई हैं, उसे लेकर भारत-नेपाल सीमा के जिलों, खासकर महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर और बहराइच समेत दूसरे जिलों के पुलिस अधीक्षकों को भेज दिया गया है।

## ग़रीबों और ज़रूरतमंदों का हर दिन ख्याल रखा जाए: आफाक़

लखनऊ। राष्ट्रीय समाजिक संगठन क संयोजक मुहम्मद आफाक़ ने अपने बयान में कहा कि 14 शाबान पर मुसलमान अपने परिवारों के साथ कब्रिस्तान जाते है और कबिस्तान में प्रवेश करते हैं ऐसा कर ने से पहले वे गरीबों को खाना देकर एक बेहूदा रस्म अदा करते हैं लेकिन जैसे ही वह नहीं खाता वह कचरे के ढेर मे बदल जाता है उन्होने कहा कि गरिबो को खाना खिलाना और उनकी देखभाल करना इस्लाम सिखाता है साल के किसी भी दिन को खास नहीं बनाना चाहिए क्योंकि गरीब भी हमारी तरह रोज़ भूखे होते हैं और हमारी तरह उन्हे तीन वक्त की रोटी चाहिए तो हम उन्हें एक दिन के लिए खास क्यों बनाते हैं इस्लाम ने यह नही सिखया इस्लाम हमें भूखों को खाना खिलाना, प्यासों को पानी पिलाना, मज़लूमो की मदद करना बेसहारों को सहारा देना सिखाता है।

## कांग्रेस मुख्यालय में मनाया गया चन्द्रशेखर आजाद का शहादत दिवस

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

अपनी अंतिम स्वांस तक मातृभूमि के दुशमनों से लोहा लेने वाले माँ भारती के वीर सपूत महान क्रान्तिकारी, महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और करोड़ों देशभक्तों के प्रेरणाश्रोत चन्देशेखर आजाद का शहादत दिवस प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनाया गया। आज ही के दिन 27 फरवरी 1931 को आजाद वीरगति को प्राप्त हुए थे। उनके चित्र पर कांग्रेसजनो द्वारा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। अपने संबोधन में पूर्व मंत्री एवं प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने कहा कि आजाद जी एक प्रखर देशभक्त थे। चन्द्रशेखर आजाद के सफल नेतृत्व में भगत सिंह तथा बटुकेश्वर दत्त ने 8 अप्रैल 1929 को केन्द्रीय असेम्बली में बम विस्फोट किया। अंग्रेजों द्वारा बनाये गये काले कानूनों के विरोध में यह घटना की गई। आजाद के प्रशंसकों में पंडित मोतीलाल नेहरू, पुरुषोत्तम दास टंडन, जवाहरलाल नेहरू प्रमुख रहे। पंडित नेहरू से आजाद की पहली भेंट आनन्द भवन में हुई थी जिसका जिक्र नेहरू जी ने अपनी आत्मकथा में किया है। श्री दुबे ने आगे कहा कि अजाद के वीरगति के प्राप्त होने के उपरान्त अगले दिन उनकी अस्थियां लेकर एक जुलूस प्रयागराज की मुख्य सड़कों पर निकला ऐसा लग रहा था पूरा हिन्दुस्तान अपने सपूत को अंतिम विदाई दे रहा है। ज्ञात हो कि वीरगति प्राप्त होने के कुछ ही दिन पूर्व 6 फरवरी 1931 को पंडित मोती लाल नेहरू के देहान्त के बाद आजाद वेश बदलकर उनकी शव यात्रा में शामिल हुए थे। श्रद्धांजलि देने वालों में पूर्व मंत्री प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे, मीडिया संयोजक अशोक सिंह, प्रदेश प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय, वीरेन्द्र नाथ त्रिपाठी, अमित त्यागी, नीरज तिवारी, राजेश जायसवाल, नरेन्द्र शुक्ला, विजय सोनी, सुजीत राय, राघवेन्द्र सिंह, प्रज्ञा सिंह, सहित आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## स्टार्टअप्स और एमएसएमई को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड एक्सपो ने बड़ा प्लेटफॉर्म दिया: डॉ रंजीत मेहता

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

23 फरवरी से 27 फरवरी 2023 तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, उत्तर प्रदेश चैप्टर द्वारा उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार एक्सपो ( के पांचवे दिन दर्शकों की बड़ी संख्या ने प्रदर्शनी को देखा और खरीदारी की।

मेगा एक्सपो में अब तक 1 लाख से ज्यादा लोगों ने अपने फुटप्रिंट्स मार्क किए हैं। सभी आयु वर्ग के लोग स्थल पर एकत्र हुए और होम डेकोर, फूड कुजीन, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, एफएमसीजी, फर्नीचर, बिल्डिंग मटेरियल, ईवीएस, आईटी और कई अन्य स्टालों का जायजा लिया। मेगा एक्सपो को बहुत उत्साह के साथ कई लोगों द्वारा सराहा और पसंद किया जा रहा है।यूपीआईटीईएक्स को रेडिको खेतान लिमिटेड, एमडीएच स्पाइसेस, कजारिया ग्रुप, रोलेक्स एलीवेटर्स प्राइवेट लिमिटेड, राजेश स्पाइसेस, सिग्मा ट्रेड विंग्स, काउंसिल ऑफ लेदर एक्सपोर्ट इंडिया, नेशनल जूट बोर्ड, डायरेक्टरेट ऑफ हैंडीक्राफ्ट एंड हैंडलूम्स एंड झारक्राफ्ट और कई अन्य प्रदर्शकों का समर्थन प्राप्त है। आगंतुकों से बड़ी संख्या में



ऑर्डर मिलने के बाद प्रदर्शक और प्रायोजक बहुत खुश हैं। पीएचडीसीसीआई के उप महासचिव डॉ. रंजीत मेहता ने एक्सपो के लिए उनके समर्थन और संरक्षण के लिए प्रायोजकों - प्रदर्शकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के लाखों स्टार्टअप्स एमएसएमई और कारोबार को इस एक्सपो से बड़ा प्लेटफॉर्म मिला है।5 दिवसीय एक्सपो में उत्तर प्रदेश की संस्कृति और विरासत को प्रदर्शित करने के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों को भाग लेने के लिए कलाकारों द्वारा दैनिक शाम को लाइव थीम आधारित सांस्कृतिक गतिविधियां भी दिखाई जा रही हैं। अधिक आकर्षण जोड़ने के लिए, मेगा एक्सपो में पूरे भारत के चटपटे व्यंजनों के फूड स्टॉल लगाए जा रहे हैं।उल्लेख करने की आवश्यकता नहीं है, यूपीआईटीईएक्स व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देगा और राज्य में प्रमुख निवेश के इरादे को आकर्षित करेगा।

## मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी से आप कार्यकर्ताओं में आक्रोश

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

दिल्ली के उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया को सीबीआई ने शराब घोटाले में पूछताछ के बाद रविवार शाम गिरफ्तार कर लिया था। सिसोदिया की गरिफ्तारी को आम आदमी पार्टी ने लोकतंत्र के लिए काला दिन बताया। मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी का विरोध कर रहे आप सांसद संजय सिंह, मंत्री गोपाल राय विधायक ऋतुराज झा, दिनेश मोहनिया, रोहित महरौलिया, आदिल खान समेत कई पार्षदों और कार्यकर्ताओं को फतेहपुर बेरी थाने से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं की ओर से इस गिरफ्तारी को लेकर आज प्रदेश भर में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। लखनऊ में स्वास्थ्य भवन चौराहे पर भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस से धक्का-मुक्की झड़प भी हुई। कार्यकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और इको गार्डन ले गई।अवध प्रांत के अध्यक्ष सूरज प्रधान ने इस मौके पर कहा कि शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया बेकसूर हैं और जनता इसका जवाब जरूर देगी। उन्होंने कहा कि इससे हमारा संघर्ष और मजबूत होगा।मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी तानाशाही की इंतेहा है।

- प्रदेश के जिलों में किया विरोध प्रदर्शन
- हम न झुकेंगे, न डरेंगे बल्कि लड़ेंगे: सूरज प्रधान



उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली के बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए रात दिन मेहनत करने वाले आम आदमी पार्टी के शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार करके भाजपा ने साबित कर दिया कि वह आम आदमी पार्टी के सिद्धांतों और उसकी बढ़ती लोकप्रियता से कितना भयभीत है।महानगर प्रभारी शेखर दीक्षित ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री मोदी वास्तव में भ्रष्टाचारियों को सजा देना चाहते हैं तो आज तक अपने मित्र अडानी के ऊपर उन्होंने किसी तरह की जांच क्यों नहीं करवाई? मोदी की तानाशाही चरम सीमा पर है लेकिन हम अरविंद केजरीवाल के सिपाही हैं, हम जेल और लाठियों से डरते नहीं हैं। निवर्तमान प्रदेश महासचिव दिनेश सिंह पटेल ने कहा कि सारी दुनिया देख रही है कि किस तरह से फर्जी मुकदमों में आम आदमी पार्टी के मंत्रियों को फसाया जा रहा है इसलिए मोदी जी यह न समझें कि उनकी फर्जी कार्रवाई से आम आदमी पार्टी का कारवां थम जाएगा बल्कि हम और मजबूत होंगे और देश का समर्थन हमारे साथ है। भाजपा निराधार और फर्जी मुद्दों में आप के मंत्रियों को जेल भेज कर खुद ही कटघरे में खड़ी हो चुकी है।उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में आज जमकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा और हमें जन समर्थन भी प्राप्त है।प्रदर्शन में सरबजीत सिंह मक्कड़, वंशराज दुबे, प्रीतपाल सिंह सलूजा, अलोक सिंह, जॉनी, पंकज यादव, इराम रिजवी, नूर सिद्दीकी, सुभाषिनी मिश्रा, तुषार, शादाब राइन, संगीता जायसवाल, सईद सिद्दीकी, माजिद अली, अंकित परिहार, जॉनी, वसीम सिद्दीकी, ललित वाल्मीकि, परमात्मा गिरी, नाजिश फरजाना, शहंशाह, जुबैर, अभिषेक, युसूफ, ताबिशा, हर्षित मेहमूद अमन, सलमा आफताब अरविन्द रेहमत अली अभिषेक प्रताप सलमान शेख् फैजी हसरत अली ऋतु अग्रवाल रीना गुड़िया अरविन्द कश्यप सहित कई कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## रालोद ने किसानों की समस्याओं की ओर खींचा राज्यपाल का ध्यान

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कुक्कुट उद्योग से जुड़े व्यापारियों तथा अन्य व्यापारियों की समस्याओं को लेकर विगत 17 दिसंबर को राज्यपाल से मिलकर सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन का ज्ञापन सौंपा था जिस पर उन्होंने आश्वासन दिया था। उसको संज्ञान लेते हुये प्रशासन ने यूपी के जिलाधिकारियों को जनसामान्य को गुणवत्ता युक्त अण्डे की उपलब्धता सुनिश्चित कराने तथा जनस्वास्थ्य एवं कुक्कुट विकास सुनिश्चित किये जाने के आदेश दिये हैं।रोहित अग्रवाल द्वारा सौंपे गए ज्ञापन का संज्ञान ग्रहण करते हुए शासन द्वारा आदेश में कहा गया है कि राज्य सरकार द्वारा प्रख्यापित कुक्कुट विकास नीति-2013 अन्तर्गत प्रदेश में काफी संख्या में पोल्ट्री फार्म स्थापित किये गये हैं इसके अतिरिक्त निजी स्त्रोतों से भी प्रदेश में कुक्कुट फार्म संचालित हैं। अन्य प्रदेशों से भी अण्डों का आयात प्रदेश में हो रहा है। लम्बी दूरी तक बंद वाहन में परिवहन से अंडों की गुणवत्ता खराब हो जाती है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 में विद्यमान व्यवस्थानुसार कोल्ड स्टोरेज,कोल्ड रूम में परिरक्षित किये जाने वाले अण्डों पर अमिट स्याही से उत्पादन तिथि एवं उत्पादन स्थान अंकित किया जायेगा।रालोद व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने राज्यपाल को धन्यवाद ज्ञापित करते कहा कि इसी तरह से प्रदेश में एक तरफ किसान अपनी फसल का मूल्य पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं ,दूसरी तरफ सरकार की नीतियों के चलते डाटा के अनुसार फ्लोर मिल और राइस मिलों की संख्या लगातार घट रही है, देश की आर्थिक व्यवस्था में कृषि और व्यापार बड़े पैमाने पर सहयोग करते हैं ऐसे में खाद्यान्न फैक्ट्रियों का लगातार घटना चिंताजनक है। उन्होंने राज्यपाल से आशा की है कि किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए हस्तक्षेप करते हुए प्रदेश सरकार को निर्देशित करेंगी।

# विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती कर ट्रामा सेंटर को पूर्ण रूप से सक्रिय करेंगे: ब्रजेश पाठक

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है और विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती कर आंशिक तौर पर क्रियाशील ट्रामा सेंटर को जल्द पूर्ण रूप से संचालित करेगी।

विधानसभा के बजट सत्र में प्रश्न काल के दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी (सपा) की नेता डॉ. रागिनी समेत अन्ध्य सदस्ध्यों के सवालों के जवाब में कहा कि प्रदेश के 35 जिलों में 36 ट्रामा सेंटर स्थापित किए गए हैं, जिनमें से तीन पूर्ण रूप से क्रियाशील, 28 आंशिक रूप से क्रियाशील और पांच अक्रियाशील है। पाठक ने कहा कि सभी ट्रामा सेंटर में स्टाफकी उपलब्धता सुनिश्चित करने की कवायद की जा रही है, ताकि उन्हें पूर्ण क्षमता के साथ संचालित किया जा सके। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी है और अब सरकार ने ढाई लाख रुपये वेतन की जगह पांच



लाख रुपये वेतन प्रस्तावित किया है, जिससे जल्द भर्ती की प्रक्रिया पूरी कर इस समस्या का समाधान किया जा सकेगा ।डॉ. रागिनी ने प्रश्नकाल में इस मुद्दे पर ध्यान आकर्षित किया कि 25 करोड़ की आबादी वाले राज्य में सिर्फ तीन ट्रामा सेंटर क्रियाशील हैं और इससे इतनी बड़ी आबादी को आपात स्थिति में कैसे चिकित्सकीय सुविधा मिलेगी। पाठक ने समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। सपा के वरिष्ठ सदस्य माता प्रसाद पांडेय, डॉ. संग्राम यादव, लालजी वर्मा के अलग-अलग प्रश्घ्नों के उत्तर में उपमुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि सरकार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे पहले, राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रसन्न कुमार के प्रश्घ्न का उत्तर देते हुए पाठक ने कहा, फ्चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के ट्रामा सेंटर में न्यूरोलॉजी चिकित्सक का पद सृजित नहीं है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में सेकेंडरी देखभाल की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। न्यूरोलॉजी की चिकित्सा सेवा टर्शियरी केयर के अंतर्गत आती है, जो चिकित्सा शिक्षा विभाग के तहत मेडिकल कॉलेज एवं संस्थानों में उपलब्ध है।फ्र राष्ट्रीय राजमार्गों पर होने वाले हादसों और आकस्मिक चिकित्सा सुविधा तथा पैरा मेडिकल स्टाफकी कमी को लेकर सपा के मुख्ध्य सचेतक मनोज कुमार पांडेय द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में पाठक ने बताया कि प्रदेश में स्थापित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं उच्च प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पैरा मेडिकल स्टाफ के कुल 10,480 पद स्वीकृत हैं, जिनके सापेक्ष 8,004 पदों पर पैरामेडिकल कर्मी कार्यरत हैं। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि पैरामेडिकल संवर्ग के फार्मासिस्ट और एक्स-रे

> ▸ अखिलेश यादव के सवाल पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक बोले, हम आपकी चिंता से सहमत

टेक्नीशियन के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए अधियाचन उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को प्रेषित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश के माध्यम से संविदा पर 1,478 फार्मासिस्ट और 195 एक्स-रे टेक्नीशियन कार्यरत हैं। सपा के ही पंकज मलिक के प्रश्न के उत्तर में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार मरीजों के बेहतर उपचार के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के कुल 28 जिला चिकित्सालयों में डेंगू के मरीजों के इलाज के लिए प्लेटलेट्स की उपलब्धता सुनिश्चित करने के वास्ते एक-एक 'ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट' संचालित है। पाठक ने कहा कि प्रदेश के 46 जिलों में 'ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट' की स्थापनाध्संचालन से संबंधित काम पूरा हो गया है।

उधर उत्तर प्रदेश की विधानसभा में सोमवार को नेता विरोधी दल अखिलेश यादव के चिकित्सकों की भर्तियों के लिए विज्ञापन निकालने और फिर उसे निरस्त करने के सवाल पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि हम आपकी चिंता से सहमत हैं। विधानसभा में सोमवार को प्रश्न काल के दौरान एक पूरक प्रश्न में नेता विरोधी दल अखिलेश यादव ने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा महकमा संभाल रहे उप मुख्ध्यमंत्री ब्रजेश पाठक से पूछा कि आप लगातार विज्ञापन निकालते और निरस्त कर देते हैं। यादव ने कैंसर इंस्टीटयूट लखनऊ और सैफई यूनिवर्सिटी में खाली पदों को भरने के लिए विज्ञापन निकालने और फिर निरस्त कर देने का मामला उठाते हुए पूछा कि आखिर इसका क्या कारण है, क्या आप किसी को खुश करने के लिए या किसी का इंतजार करने के लिए तो ऐसा नहीं कर रहे हैं कि जब उसका कोर्स पूरा हो जाएगा, तब विज्ञापन के माध्ध्यम से उसकी भर्ती की जाएगी। ब्रजेश पाठक ने कहा, माननीय नेता विरोधी दल ने जो सवाल पूछा है, वह मूल प्रश्न से हटके है, लेकिन हम इस सवाल का जवाब देंगे। पाठक ने कहा कि आज ही अधिकारियों से हम बात करेंगे कि ऐसा क्यों हुआ, हम आपकी चिंता से सहमत हैं। इसके पहले सपा सदस्य शहजिल इस्लाम ने पूछा था कि प्रदेश में नर्सिंग एवं पैरामेडिकल प्रशिक्षण क्षेत्र में सुधार के लिये सरकार ने क्या कोई योजना बनाई है। पाठक ने कहा, मेडिकल कॉलेज जहां-जहां खुलेंगे, हर मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग कॉलेज खोलने की प्रक्रिया शुरू होगी।

उन्होंने कहा, अधिक से अधिक छात्र नर्सिंग क्षेत्र में आकर्षित हों और रोजगार की संभावनाएं तलाश पाएं, इसके लिए सोशल मीडिया पर 'हर घर एक नर्स' अभियान चलाया गया। पाठक ने बताया, प्रदेश में नर्सिंग एवं पैरामेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार तथा प्रदेश को नर्सिंग एवं पैरामेडिकल के क्षेत्र में अग्रणी केंद्र बनाने के लिए अक्टूबर, 2022 में श्मिशन निरामया का शुभारम्भ किया गया। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार द्वारा इन कार्यक्रमों के माध्यम से नर्सिंग एवं पैरामेडिकल प्रशिक्षण क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण सुधार किया जा रहा है।

## हमने कहा था मिट्टी में मिला देंगे मिला दिया

**लखनऊ।** एनकांटर में एक बदमाश ढेर होने के बाद भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संजय चौधरी ने कहा कि निश्चित तौर पर उत्तर प्रदेश पुलिस की यह बड़ी सफलता है। उत्तर प्रदेश पुलिस चार राज्यों में आरोपियों की तलाश कर रही थी। हमने दिखा दिया कि हम किसी को नहीं बताएंगे।हमारे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि माफिया को मिट्टी में मिला दिया जाएगा।हमने मिट्टी में मिलाना शुरू कर दिया है। किसी को भी नहीं छोड़ा जाएगा। शुक्रवार को विधायक राजूपाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल और उनके एक गनर को घर के सामने ही 4 से 5 बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।इस दौरान बदमाशों ने बमबाजी भी की थी। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें दिखाई दे रहा है कि उमेश पाल के गाड़ी से उतरते ही हथियारों से लैस बदमाश उन पर फायरिंग करना शुरू कर देते हैं।

# किसानों का सहारा लेकर कसाइयों को बचाना चाहता है विपक्ष: धर्मपाल सिंह

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने सोमवार को राज्य विधानसभा में आरोप लगाया कि विपक्ष किसानों का सहारा लेकर कसाइयों को बचाना चाहता है। विधानसभा के बजट सत्र में, प्रश्न काल के दौरान सोमवार को कांग्रेस की आराधना मिश्रा श्मोना ने राज्य सरकार से किसानों के फसलों को छुट्टा जानवरों से बचाने के लिए ठोस और सार्थक नीति बनाने की मांग की। उन्होंने किसानों द्वारा खेतों में लगाये गए कटीले और धारदार तार को सरकार द्वारा प्रतिबंधित किये जाने का विषय भी उठाया। पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने अपने जवाब में कहा, विपक्ष किसानों का सहारा लेकर कसाइयों को बचाना चाहता है। इस पर, विपक्षी सदस्यों ने नाराजगी



जताई, जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने शोरगुल कर रहे विपक्षी सदस्यों को शांत कराने की कोशिश की। राष्ट्रीय लोकदल(रालोद) के राजपाल सिंह बालियान और समाजवादी पार्टी (सपा) के स्वामी ओमवेश तथा अनिल कुमार ने भी किसानों से जुड़ा यह मुद्दा उठाया। बालियान ने सवाल किया कि क्या सरकार किसानों के नुकसान की भरपाई करेगी। सपा के अवधेश प्रसाद समेत अन्य सदस्यों ने सांड के हमले से किसानों की मौत होने पर आर्थिक अनुदान प्रदान करने की मांग की। वहीं, पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री ने कहा कि कंटीले तार से गोवंश को खरोंच लगती है, इसलिए किसान रस्सी जैसे तार का उपयोग कर सकते हैं। सिंह ने एक अन्य प्रश्घ्न का जवाब देते हुए कहा कि दो जनवरी, 2019 के शासनादेश के जरिये प्रदेश के समस्त ग्रामीण, शहरी स्थानीय निकायों में अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल की स्थापना तथा संचालन नीति बनाई गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 303 स्थायी वृहद गो संरक्षण केन्द्र की स्ध्थापना की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इसके अलावा, मुख्यमंत्री निराश्रित-बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना के अंतर्गत निराश्रित-बेसहारा गोवंश को इच्ध्छुक कृषकों, पशुपालकों, अन्य व्यक्तियों को सुपुर्द कर निराश्रित गोवंश का संरक्षण किया जा रहा है।



वाल्मीकि रंगशाला में क्रियेटिव फिल्म एण्ड टेलीविजन एकेडमी द्वारा प्रस्तुत नाटक अकबर की जोधा का दृश्य

## खबरें एक नजर में

### आईसीएसई 10वीं की बोर्ड परीक्षा शुरू,करीब 12 हजार स्टूडेंट्स ने दिया एग्जाम

लखनऊ । आईसीएसई यानी काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन की आज से बोर्ड परीक्षा की शुरुआत हुई। 10वीं में पहले दिन आज इंग्लिश लैंग्वेज का पेपर रहा। सुबह 11 बजे परीक्षा शुरू हुई और 2 घंटे बाद एग्जाम खत्म हुए। सुबह 10.30 पर स्टूडेंट्स को एग्जाम सेंटर्स पर एंट्री दी गई। पहला बोर्ड एग्जाम होने के कारण स्टूडेंट्स भी थोड़ा नर्वस दिखें। हालांकि ज्यादा केंद्रों पर बोर्ड और स्कूल की तरफव्यवस्था चुस्त और दुरुस्त नजर आई। अनएडेड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने बताया कि 10.45 पर प्रश्नपत्र बांटे गए थे। स्टूडेंट्स को इसे पढ़ने के लिए 15 मिनट का अलग से समय दिया गया था। आईसीएसई बोर्ड की सिटी कन्वीनर डॉ. गीतिका कपूर ने बताया कि करीब 12 हजार स्टूडेंट्स ने 109 परीक्षा केंद्रों पर एग्जाम दिया। सभी जगह एग्जाम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए। पहला दिन होने के कारण स्टूडेंट्स थोड़ा नर्वस दिखें पर एग्जाम देने के बाद राहत में भी नजर आए। 10वीं के एग्जाम करीब एक महीने तक चलेंगे।

### अधिकार सेना ने कमल निशान गमछा टांगने पर इंस्पेक्टर के निलंबन की मांग

लखनऊ। अधिकार सेना ने पीलीभीत जिले के थाना गजरौला के पूर्व इंस्पेक्टर आशुतोष रघुवंशी द्वारा सार्वजनिक रूप से पुलिस की वर्दी के ऊपर भारतीय जनता पार्टी का कमल निशान गमछा टांग कर फोटो खिंचवाने और इसे सोशल मीडिया पर प्रदर्शित किए जाने के मामले में कार्यवाही की मांग की है। अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने अपनी भेजी शिकायत में कहा कि वह भी एक लंबे समय तक पुलिस विभाग में रहे हैं। उन्होंने आज तक ऐसा होते नहीं देखा है जब एक थाना प्रभारी किसी राजनीतिक दल का सिंबल इस प्रकार सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित कर रहा हो। उत्तर प्रदेश पुलिस पूरी तरह सत्ताधारी पार्टी की गुलाम हो चुकी है। अमिताभ ठाकुर ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए आशुतोष रघुवंशी को निलंबित करते हुए उनके विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस पर पीलीभीत पुलिस ने बताया है कि क्षेत्राधिकारी नगर को संपूर्ण प्रकरण की जांच कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

### विधानसभा सदस्य होंगे उत्कृष्ट विधायक सम्मान से पुरस्कृत

लखनऊ । लोकसभा की तरह ही उत्तर प्रदेश विधानसभा भी अपने सदस्यों को उत्कृष्ट विधायक की पदवी से पुरस्कृत करेगी। यह घोषणा आज स्पीकर सतीश महाना ने विधानसभा सत्र में चर्चा के दौरान की। विधानसभा की कार्यवाही के दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सदन को अवगत कराया कि इस विषय पर उनकी नेता सदन यानि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात हुई थी। उसके बाद इसे लागू करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि इसके लिए एक नियमावली बनी है। उत्कृष्ट विधायक घोषित करने के लिए विधानसभा सदस्य के सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेने, सदन में कार्यशैली, सदन में बात रखते वक्त भाषायी मर्यादा, आचरण, व्यवहार, जनता के बीच उपस्थिति, क्षेत्र में विधायक की लोकप्रियता जैसे कई बिंदुओं के आंकलन के बाद निर्णय लिया जायेगा। बनाई गई नियमावली के पैमाने पर जो सदस्य खरा उतरेगा, उत्कृष्ट विधायक का सम्मान पायेगा। विधान सभा अध्यक्ष ने बताया कि उत्कृष्ट विधायक का पुरस्कार एक वर्ष के लिए होगा। इस साल का पुरस्कार अगले वर्ष दिया जाएगा। यह पदवी सदस्य के पास एक वर्ष तक रहेगी। नये का नाम घोषित होने के साथ ही पुराने की पदवी समाप्त हो जाएगी।

### डार्क फीनिक्स ने यंग ब्लड को फाइनल मुकाबले में हराया



**लखनऊ समृद्धि न्यूज।** डिवाइन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित तुषार मिश्रा मेमोरियल फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में डार्क फीनिक्स ने यंग ब्लड को 2-1 से हराया। प्रतियोगिता रविवार को चौक स्टेडियम में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में डिवाइन एफसी और व्हाइट ईगल को सेमीफाइनल में ही हार का सामना करना पड़ा। पहले सेमीफाइनल में डार्क फीनिक्स ने व्हाइट ईगल को हराया, वहीं दूसरे सेमीफाइनल में यंग ब्लड ने डिवाइन एफसी को हराया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि लखनऊ बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री जितेंद्र सिंह यादव जीतू ने पुरुस्कार वितरण किया। डिवाइन स्पोर्टस एसोसिएशन के अध्यक्ष शुभांकर भानु ने बताया कि जल्द ही डिवाइन स्पोर्ट्स एक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन कराएगी जिसका नाम %अम्मा बाबू क्रिकेट टूर्नामेंट होगा %। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डिवाइन एफसी के मैनेजर और प्रेम मिष्ठान भंडार के संचालक विनय यादव, हेड कोच अभिषेक मिश्र, आदित्य, प्रशांत ,आकाश सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

## मुख्यमंत्री की भाषा स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मर्यादित नहीं: कांग्रेस

**लखनऊ समृद्धि न्यूज।** प्रदेश की कानून व्यवस्था मुखिया (मुख्यमंत्री) के भाषा एवं कार्यप्रणाली पर निर्भर करता है। जिस प्रदेश के मुख्यमंत्री की भाषा ''ठोक देंगे'' तथा '' मिट्टी में मिला देंगे'' जैसी होगी यह स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मर्यादित नहीं है। अपराधियों पर निश्चित रूप से कठोर कार्यवाही होनी चाहिए परन्तु इसमें पक्षपात भी नहीं होना चाहिए। उत्तर प्रदेश में बहुत लंबे समय तक कांग्रेस ने सरकार चलाई कई मुख्यमंत्री हुए अपराध नियंत्रित रहा लेकिन भाषा सदैव मर्यादित रही। उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय ने कहा कि जनपद कानपुर देहात की दर्दनाक घटना अभी ठंडी भी नहीं हो पाई थी कि प्रयागराज में वकील और गनर की हत्या ने एक बार फिर प्रदेश को झकझोर कर रख दिया। जौनपुर में बेखौफ बदमाशों ने पत्रकार देवेन्द्र खरे को कार्यालय में घुसकर गोली मारी जो उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था की पोल खोलता है। मुख्यमंत्री के बड़बोलेपन से नहीं बल्कि मजबूत संकल्प से अपराध रूकता है। प्रदेश में हो रही लगातार घटनाएं गंभीर चिन्ता का विषय हैं। श्री पाण्डेय ने आगे कहा कि भाजपा द्वारा बार-बार डबल इंजन की सरकार कहा जाता है, लगता है कि अपराध भी डबल हो गया है। अन्याय, उत्पीड़न जहां चरमोत्कर्ष पर है वहीं अपराधियों द्वारा बेखौफ होकर आएदिन घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है।

जनपद उन्नाव के सफीपुर में 15 वर्ष की छात्रा को दबंगों द्वारा अगवा किया जाना तथा पुलिस चौकी से कुछ ही दूरी पर हत्या कर शव को फेंक देना क्रूरता की पराकाष्ठा को दर्शाता है। इसी तरह से जनपद चन्दौली के चकिया में तथा लखनऊ के मोहनलालगंज में छात्रा से छेड़छाड़ ''बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ'' भाजपा सरकार की दावे की पोल खोलती है।श्री पाण्डेय ने आगे कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था के साथ ही स्वास्थ्य विभाग की भी स्थिति कम गंभीर नहीं है।

# अखिलेश ने सिसोदिया की गिरफ्तारी की आलोचना की बताया बड़ी साजिश का हिस्सा

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भ्रष्टाचार के आरोप में दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी की आलोचना करते हुए सोमवार को कहा कि यह कार्रवाई एक बड़ी साजिश का हिस्सा है।

अखिलेश ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी का जिक्र आने पर कहा यहां यह बात समझनी होगी कि इसमें कौनकृकौन मिला हुआ है। यह एक बड़ी साजिश है। हमें तो यह पढ़ने को मिल रहा है कि भाजपा का कोई अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ है, वह भी इसमें शामिल है। उन्होंने कहा इस तरह के जितने भी विपक्षी नेता हैं, उनके खिलाफ जांच चल रही हैं। जितनी भी संस्थाएं हैं,



चाहे आयकर विभाग हो, चाहे प्रवर्तन निदेशालय हो या सीबीआई हो, सबको लगाया जा रहा है ताकि आने वाले लोकसभा चुनाव को प्रभावित किया जा सके। जनता यह देख रही है। सपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि भाजपा के पास बेरोजगारी और महंगाई का कोई जवाब नहीं है।

जिस तरीके से देश की संपत्तियां बेची जा रही हैं.... सरकार के पास उसका भी जवाब नहीं है। आप उत्तर प्रदेश को ही देख लीजिए। यहां की राज्यपाल के अभिभाषण में राज्य में बेरोजगारी की दर चार प्रतिशत बताई जा रही है। बजट भाषण में भी चार प्रतिशत बेरोजगारी दर बताई गई है। इसका मतलब यह हुआ उत्तर प्रदेश के 90 प्रतिशत से अधिक पढ़ने लिखने वाले नौजवानों को रोजगार या नौकरी मिली हुई है मगर क्या यह सच है?

इससे पहले, अखिलेश ने सोमवार को एक ट्वीट में भी कहा दिल्ली में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाले मनीष सिसोदिया जी को गिरफ्तार करके भाजपा ने साबित कर दिया है कि वह शिक्षा ही नहीं बल्कि दिल्ली के बच्चों के भविष्य के खिलाफ भी है। दिल्ली की जनता इसका जवाब अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को राज्य की सातों सीटें हराकर देगी।

# उमेश पाल हत्याकांड में शहीद संदीप निषाद के घर पहुँचे मंत्री संजय निषाद

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

> ▸ परिजनों से मुलाकात कर बंधाया ढांढस
> ▸ शहीद संदीप निषाद के नाम पर बनेगी सड़क,स्मारक ,पत्नी को सरकारी नौकरी

मत्स्य विभाग के मंत्री संजय कुमार निषाद ने उमेश पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह गनर संदीप निषाद कि हुई हत्या पर उनके पैतृक निवास ग्रामसभा बसही अहिरौला आजमगढ़ पहुंच कर परिजनो से मिलकर सांत्वना एवं ढांढस बंधाया। परिजनो को आश्वासन देते करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार इस दुख कि घड़ी मे उनके साथ है। उन्होंने ने कहा कि संदीप निषाद ने बहुत ही बहादुरी का परिचय देते हुए मुकाबला करते हुए शहीद हुए है, उन्हे शहीद का दर्जा दिया गया। मंत्री ने मृतक के पिता जी से कहा कि संदीप निषाद के नाम पर गांव मे स्मारक, सड़क एवं अन्य विकास कार्य कराए जाएगे।उन्होने कहा कि मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी, सरकारी आवास, पेंशन एवं अनुमन्य सुविधाए सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी। उन्होने उपजिलाधिकारी नवीन प्रसाद को निर्देश दिया कि स्मारक बनाने के लिए जमीन को चिन्हित कर लें, यदि ग्राम सभा की जमीन न हो तो उसके बदले मे किसान को दूसरी जगह दुगुनी जमीन देकर गांव के किसान से जमीन ले लें। उन्होने उपजिलाधिकारी को निर्देश दिया कि 15 दिन के अन्दर कागजी कार्यवाही पूर्ण कर अनुमन्य सरकारी सुविधाएं देना सुनिश्चित करें।

# किसानों को बैंक या एटीएम जाने की जरुरत नहीं

> ▸ घर बैठे डाकिया पहुंचा देगा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि

**लखनऊ समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक के बेलगांव में आयोजित एक कार्यक्रम में ज्यों ही श्प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनाश् की बहुप्रतीक्षित 13वीं किस्त जारी की तो किसानों और उनके परिवारजनों की बांछें खिल गईं। सरकार ने डीबीटी माध्यम से देशभर के 8 करोड़ लाभार्थी किसानों के खाते में 16,800 करोड़ से ज्यादा की धनराशि ट्रांसफर की। अब लाभार्थी किसान घर बैठे इस राशि को तुरंत प्राप्त कर सकते हैं। पीएमजी वाराणसी कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि विभिन्न बैंकों के अपने खातों में प्राप्त डीबीटी राशि को किसान घर बैठे डाकिया के माध्यम से निकाल सकते हैं। इसके लिए किसानों को किसी बैंक की शाखा या एटीएम पर जाने की जरुरत नहीं होगी। देश के किसी भी बैंक में स्थित मोबाईल और आधार लिंक्ड खाते से घर बैठे आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम के माध्यम से एक दिन में 10 हजार रूपये तक की राशि निकाली जा सकती है। इसके लिए डाक विभाग द्वारा कोई शुल्क नहीं लगेगा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत लाभार्थी किसानों को हर साल 6 हजार रुपये की आर्थिक मदद की जाती है। लाभार्थी किसानों को ये राशि हर 4 महीने के अंतराल पर तीन किस्तों में दो-दो हजार रुपये करके उनके खातों में डीबीटी माध्यम से ट्रांसफर की जाती है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत अपने खातों में प्राप्त डीबीटी राशि को लाभार्थी किसान घर बैठे डाकिया के माध्यम से निकाल सकते हैं। आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम के माध्यम से एक दिन में 10 हजार रूपये तक की राशि निकाली जा सकती है। इसके लिए किसी बैंक या एटीएम पर जाने की जरुरत नहीं होगी।

# जल शक्ति मंत्री ने कहा जल को बचाना है इसलिये भूजल स्तर बढ़ाना है

## उत्तर प्रदेश भूजल सम्मलेन का हुआ आयोजन

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने उत्तर प्रदेश भूजल सम्मलेन का शुभारंभ करते हुए कहा कि जल को बचाना है इसलिये भूजल स्तर बढ़ाना है। भूजल को बढ़ाने और उसके संरक्षण के लिये गांव के लोगों की सोच बदलनी होगी। जल संचय के अलावा कोई विकल्प नहीं है। जिससे भूजल को बचाया जा सकता है।दयालबाग रिसोर्ट, सुशांत गोल्फ सिटी, अमर शहीद पथ पर फ्सस्टेनेबल ग्राउंड वाटर मैनेजमेंट एंड फ्यूचर चौलेंजेसफ्र विषय पर आयोजित सम्मेलन में जल शक्ति मंत्री ने कहा कि देश व प्रदेश की सरकारें जल संरक्षण के लिये पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। सम्मेलन में देश भर से आए



वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, छात्रों, इंजीनियरों, स्वयंसेवी संस्थानों के विषय विशेषज्ञों को विश्वास दिलाया। उत्तर प्रदेश की सभी नदियां सुरक्षित और भूजल संरक्षित रखेंगे। जल शक्ति मंत्री ने कार्यक्रम मे संबोधन करते हुए कहा कि भूजल को बचाना हम सबकी संयुक्त जिम्मेदारी है। राज्य सरकार जल संरक्षण के विषय पर गंभीर है। इससे संबंधित कार्यक्रम जैसे वर्षा जल संचयन, भूजल संरक्षण को प्राथमिकता पर रखा गया है। भूजल का स्तर बढ़ाने के लिये दो बड़े अभियान 'अमृत सरोवर' और 'खेत तालाब' शुरू किए गए है। बुंदेलखण्ड का जिक्र करते हुए कहा कि ष्खेत में मेड़ और मेड़ पर पेड़, खेत का पानी खेत में, घर का पानी घर में चले अभियान से बुंदेलखण्ड के कई जनपदों में जल स्तर ऊपर आया है। स्वच्छ भारत अभियान की तरह जल संरक्षण अभियान को भी आगे बढ़ाना होगा। भूजल चिंता का बड़ा विषय है, इस पर मिलकर काम करने की जरूरत है। इसके लिये लोगों की सोच बदलनी होगी, जब तक सोच नहीं बदलेगी काम नहीं चलेगा। भूजल संरक्षण के लिये निरंतर प्रयास और अपने जैसे लोगों का निर्माण करना होगा।

# भाजपा एक कार्यकर्ता आधारित पार्टी है : अवनीश

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

▸ कार्यकर्ता का निर्माण विचारधारा से होता है

आज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर एक जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। आज की इस जिला कार्यशाला का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रगीत गायन के साथ किया गया।

आज की बूथ सशक्तिकरण अभियान कार्यशाला के मुख्य अतिथि एमएलसी एवं जिला प्रभारी संगठन इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह रहे। अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अमर किशोर कश्यप द्वारा की गई एवं संचालन जिला महामंत्री एवं संयोजक बूथ सशक्तिकरण अभियान राकेश तिवारी द्वारा किया गया। कार्यशाला का आयोजन तीन सत्रों में किया गया प्रथम सत्र में जिला महामंत्री राकेश तिवारी ने बताया कि कि हमें प्रत्येक बूथ की नई संरचना खड़ी करनी है जो कि 11 कार्यकर्ताओं की एक समिति होगी। मतदाता सूची के प्रत्येक पन्ने पर एक प्रमुख एवं कमेटी के 5 सदस्यों के नाम तय करने हैं। बूथ पर आने वाले समस्त डाटा को सरल ऐप पर अपलोड करना है। प्रत्येक बूथ पर संगठनात्मक एवं सामाजिक ऐसे दो तरह के व्हाट्सएप ग्रुप का निर्माण करना है। साथ ही साथ प्रत्येक बूथ पर मन की बात कार्यक्रम को सुनने हेतु एक संयोजक के नाम को तय करना है। प्रत्येक बूथ को एबीसीडी कैटेगरी में विभाजित करना है। बूथ पर पार्टी के दायरे को बढ़ाना है इसमें स्वयं सहायता समूह, सहकारिता, एनजीओ, एफपीओ जैसे संगठनों के सदस्यों को बूथ पर जोड़ना है। बूथ पर सोशल मीडिया के प्रयोग को बढ़ाना है। मुख्य अतिथि अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि भाजपा एक कार्यकर्ता आधारित पार्टी है। कार्यकर्ता का निर्माण विचारधारा से होता है। हमें अपनी विचारधारा के लोगों को और बढ़ाना है। कार्यशाला में प्रमुख रूप से अर्जुन प्रसाद तिवारी, संदीप पांडे, अंजू सिंह खरवार, विनय शर्मा, सोनी सिंह, संदीप सिंह,अजय सिंह, राघवेंद्र ओझा, शशांक मिश्रा, दीपक गुप्ता विद्याभूषण द्विवेदी, बीना राय, रामनाथ मौर्य, राजा बाबू गुप्ता, श्रवण शुक्ला, रामजी शुक्ला, जितेंद्र पांडे सहित सैकड़ो पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# अटल आवासीय विद्यालय के निर्माण में गुणवत्ता से न हो कोई समझौता : जिलाधिकारी

▸ राजकीय मेडिकल कालेज का निर्माण समय पर हो पूरा : डीएम

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को जिलाधिकारी डॉ उज्जवल कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में बन रहे राजकीय मेडिकल कॉलेज व अटल आवासीय विद्यालय की अलग से समीक्षा की। उन्होंने बॉयस हास्टल और गर्ल्स हास्टल व एकेडमिक भवन की प्रगति के बारें मे जानकारी ली।

बैठक के दौरान उन्होंने एक्सईएन को निर्देशित किया कि मेडिकल कॉलेज व अटल आवासीय विद्यालय का निर्माण समय से पूरा कराया जाए। निर्माण करते समय गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। यदि गुणवत्ता से कोई लापरवाही हुई तो सम्बन्धित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। निर्माण करते समय सभी मानको का ध्यान रखा जाये। अगली बैठक में पूर्ण हो चुके कार्य का पूरा विवरण उपलब्ध कराया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी एम अरून्मौली व अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



# निमंत्रण के लिए निकले दो सगे भाइयों की मार्ग दुर्घटना में मौत, दो घायल

**मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के थाना क्षेत्र नवाबगंज अंतर्गत नवाबगंज कटरा रोड पर दुल्लापुर गांव के बगल डंपर बोलेरो भिड़ंत होने से निमंत्रण खाने जा रहे दो सगे भाइयों की मौत तथा दो के घायल होने की खबर है। पुलिस ने मृतक के शव को पंचायत नामा करा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना नवाबगंज अंतर्गत कटरा मार्ग पर नवाबगंज थाना क्षेत्र के तुरकौलिया गांव में निमंत्रण के लिए निकले तरबगंज थाना क्षेत्र से एक ही परिवार के चार लोगों की मार्ग दुर्घटना में डंफर बोलेरो भिड़ंत होने से दो की मौत व दो के गंभीर रूप से घायल होने की खबर है। बताया जाता है कि तरबगंज थाना क्षेत्र के बबुरहिया घांचा निवासी रंजीत सिंह गोविंद सिंह पुत्र सीताराम सिंह व पिंटू पुत्र लल्लू अपने ड्राइवर के साथ पर नवाबगंज थाना क्षेत्र के तुरकौलिया निमंत्रण के लिए जा रहे थे।रास्ते में ही अचानक दुल्लापुर गांव के पास पहुंचते ही अयोध्या की तरफ से आ रहे डंपर से बुलोरो की जोरदार टक्कर हो गई।जिससे बोलेरो में बैठे चारों गंभीर रूप से घायल हो गए घायल अवस्था में चारों को श्री राम चिकित्सालय अयोध्या भेजा गया जहां पर डॉक्टरों ने दो सगे भाइयों रंजीत सिंह 45 वर्ष गोविंद सिंह 30 वर्ष पुत्रगण सीताराम सिंह निवासी घाँचा तरबगंज को मृत घोषित कर दिया वही गाड़ी के ड्राइवर व पिंटू पुत्र लल्लू को गंभीर घायल अवस्था में अयोध्या के एक निजी चिकित्सालय में इलाज के लिए एडमिट कराया गया है।थानाध्यक्ष करुणाकर पांडे ने बताया की दुर्घटना की सूचना मिली थी। कार्यवाही की जा रही है तथा मृतक की लाश को पंचायत नामा करा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# फायर झोकने वाले चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

▸ फायरिंग में दो लोग हुए थे घायल
▸ चोरी किए गए जेवरात, दो अवैध असलहा मय कारतूस व एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



दिनाकं 24.02.2023 को थाना करनैलगंज क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में चोरी करने आए चार अज्ञात चोरों को परिवार व गांव वालों द्वारा घेराबंदी करने पर चोरों द्वारा फायरिंग की गई जिसमें 2 लोग घायल हुए, जिनका इलाज चल रहा है जिसके सम्बन्ध में हरीत कुमार मिश्र पुत्र स्व0 श्री कृष्ण नारायण निवासी धमसड़ा थाना कोतवाली कर्नैलगंज द्वारा सूचना दी गयी उक्त सूचना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। उक्त घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर ने अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा शिवराज के पर्यवेक्षण में घटना का सफल अनावरण हेतु क्षेत्राधिकारी कर्नैलगंज नवीना शुक्ला के नेतृत्व में थाना कर्नैलगंज, थाना कटराबाजार व एस0ओ0जी0 की सयुक्त टीमें गठित की गयी थी।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनाकं 27.02.2023 को थाना कर्नैलगंज, थाना कटराबाजार व एस0ओ0जी0 की सयुक्त टीम द्वारा पतारसी- सुरागरसी करते हुए मुखबिर खास की सूचना पर थाना कर्नैलगंज क्षेत्र के अन्तर्गत चोरी करने वाले 02 आरोपी अभियुक्त 01. ज्ञानचन्द्र पासी 02. जंगबहादुर उर्फ जंगू को पुलिस मुठभेड़ में प्राथमिक विद्यालय दत्तनगर से गिरफ्तार कर लिया गया। तथा उनके कब्जे से 03 अदद अगूठी(पीली धातु), 06 जोड़ी पायल(सफेद धातु), 01 अदद मंगल सूत्र(पीली धातु), 01 अदद थाली(सफेद धातु), 01 नारियल (सफेद धातु), 01 अदद सुपाड़ी(सफेद धातु), 02 अदद कट्टा, चोरी की 01 अदद मोटरसाइकिल पैशन प्रो(कूटरचित नं0 प्लेट लगी हुई) बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना कर्नैलगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी। अभियुक्त ज्ञानचन्द्र पासी के विरूद्ध 42 मुकदमें व अभियुक्त जंगबहादुर उर्फ जंगू के विरूद्ध 13 मुकदमें पंजीकृत है।




## लाइफ लाइन ब्लड सेवा समिति को हरियाणा के मुख्यमंत्री ने अवार्ड से नवाजा

**परसपुर /गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** वर्ल्ड बुक आफ रिकार्ड लंदन इन्टर नेशनल लाइफ़ सेंवर अवार्ड होल्डर की ओर से लाइफ लाइन ब्लड सेवा समिति को नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट एण्ड एक्टिविस्ट (निफा) द्वारा वर्ल्ड एनजीओ डे के अवसर पर 26 फरवरी को डॉ. मंगलसेन ऑडिटोरियम करनाल हरियाणा में नेशनल कॉन्फ्रेंस एवं अवार्ड सेरेमनी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा सरकार के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर व विशिष्ट अतिथि संजय भाटिया (संसद सदस्य) ने अवार्ड से नवाजा है ।बताते चलें कि यहूदी अवार्ड सामाजिक कार्यों को लिए समित को मिला है। जगजीत सिंह दर्दी (पद्मश्री अवार्डी), अनीस यादव आईएएस (डिप्टी कमिश्नर करनाल), गंगाराम पुनिया आईपीएस (सुप्रिटेंडेंट ऑफ पुलिस करनाल), एस साहिब थिंद (कनाड़ा), विजय सेटिया चेयरमैन (चमनलाल सेटिया ग्रुप), डॉ. मुकेश अग्रवाल स्टेट सेक्रेटरी (रेडक्रॉस सोसाइटी हरियाणा) की ओर से समित को राष्ट्रीय अवार्ड व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। पिछले छ वर्षो से निरन्तर रक्तदान व अन्य उल्लेखनीय सामाजिक कार्यों के लिए संस्था को यह राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। अध्यक्ष मोनू चौरसिया ने पूरी संस्था के सदस्यों को समर्पित करते हुये कहा कि आज यह अवार्ड पूरी टीम की मेहनत व क्षेत्र के लोंगों के सहयोग से मिला है। पिछले वर्ष भी लंदन की ओर से यूथ ब्रिगेड को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट और निफा की तरफ से इंटरनेशनल लाईफ़ सेवर अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया था। उन्होंने परसपुर के समित के सदस्यों व सम्मानित जनता प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सभी सहयोगियों व मार्गदर्शकों का आभार व्यक्त किया।

## खबरें एक नजर में

### सड़क पर कुत्ते से टकराकर बाइक सवार घायल, सीएचसी से नाजुक हालत में गोंडा रेफर

**कर्नलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत गोण्डा-लखनऊ राजमार्ग पर पावर हाउस के पास एक बाइक सवार सड़क पर कुत्ते से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सरकारी एम्बुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया गया,जहां डाक्टर ने उसे गोण्डा रेफर कर दिया। मिली जानकारी के मुताबिक कर्नलगंज ग्रामीण मेंहदीहाता (नचनी) निवासी श्रीचंद मौर्य उम्र लगभग 42 वर्ष जो किसी कार्य से जा रहे थे,इसी दौरान गोंडा-लखनऊ हाइवे स्थित पावर हाउस के पास कुत्ते से टकरा कर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों द्वारा सरकारी एंबुलेंस बुलाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया गया तथा घायल के बताने पर परिजनों को सूचना दी गई। वहीं सीएचसी से डाक्टर ने नाजुक हालत में उसे गोण्डा रेफर कर दिया।

### डीएम ने स्वच्छता पाठशाला का किया शुभारम्भ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** प्लान इण्डिया अन्तर्गत जिले के 100 विद्यालयों में संचालित ''बनेगा स्वस्थ इण्डिया'' के तहत कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने स्वच्छता पाठशाला का शुभारम्भ किया तथा टीचर्स को स्वच्छता सामग्री (किट) का वितरण किया गया। इस अवसर पर डेटाल इण्डिया के राष्ट्रीय प्रबंधक अमित शुक्ला द्वारा स्वच्छता के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि सभी चयनित विद्यालयों में टीचर्स का प्रशिक्षण सम्पन्न हो चुका है। शीघ्र ही स्वच्छता पाठशाला प्रारम्भ होगी। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्त राम तिवारी, प्लान इण्डिया के जिला प्रबन्धक सियाराम अवस्थी सहित सदस्य आदर्श अवस्थी व देवेश कुमार मौजूद रहे।

### गन्ने के खेत में मिला तेंदुए का शव, पोस्टमार्टम के लिए बनाई गई टीम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** मोतीपुर रेंज के झाला गांव में सोमवार सुबह एक तेंदुए का शव पड़ा मिला। सूचना पाकर वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। तीन डॉक्टरों की टीम द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। विभाग आपसी संघर्ष में तेंदुए के मौत की आशंका जता रहा है। कतरनिया घाट वन्यजीव प्रभाग के मोतीपुर रेंज अंतर्गत झाला गांव में सोमवार को ग्रामीण अपने खेत की ओर गए। गांव निवासी ग्रामीण के गन्ने के खेत में एक तेंदुए का शव पड़ा देखा। जिस पर रेंज कार्यालय पर सूचना दी। वन क्षेत्राधिकारी महेंद्र मौर्य टीम के साथ मौके पर पहुंचे। डीएफओ आकाशदीप वधावन भी गांव पहुंच गए। वन विभाग ने तेंदुए के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। डीएफओ ने बताया कि तेंदुए की मौत किसी वन्य जीव से आपसी संघर्ष में होने की आशंका है। उन्होंने बताया कि तेंदुए की उम्र दो वर्ष के आसपास है। डीएफओ ने बताया कि तीन पशु चिकित्सक की टीम द्वारा शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। इसके बाद आगे की कार्यवाई की जायेगी।

### जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों ने चलाये ईंट पत्थर, पुलिस ने दर्ज किया क्रास केस

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत ग्राम रोहनीभारी में सोमवार सुबह जमीनी विवाद के चलते दो पक्ष आपस मे भिड़ गए ।दोनों तरफ से जमकर एक दूसरे पर ईंट पत्थर बरसाए गए,जिससे दोनों पक्षों को गंभीर चोटें आई ।दोनों पक्षों की तरफ से तहरीर मिलने पर पुलिस ने धारा 452,323,504,506 आई पी सी के तहत अभियोग दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है ।थाना प्रभारी श्यामदेव चौधरी ने बताया कि दोनों पक्षों रामछबि पाण्डेय पुत्र राम लगन व सूबेदार मिश्र पुत्र सीताराम के तरफ से तहरीर मिली है जिसमे दोनों तरफ से चिकित्सीय रिपोर्ट के आधार पर चार चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही है।

# बच्चों को सहज, सरल व परिवेशीय उदाहरणों से पढ़ाएं

▸ शैक्षिक स्तर सुधारने के लिए डायट में लग रहीं रिमीडियल कक्षाएं, शिक्षकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**




विद्यालय से गैर हाजिर छात्रों को शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़ने के उद्देश्य से डायट पयागपुर में आयोजित रिमीडियल शिक्षक प्रशिक्षण में अंतिम दिन प्रतिभागियों को कक्षा में मैथ किट के द्वारा गणित पढ़ाने की ट्रेंनिंग दी गयी। इसके बाद प्राचार्य उदयराज व उपप्राचार्य सूर्यभान ने शिक्षकों को रिमीडियल कक्षाये शुरू कर कमजोर छात्रों को उपचारात्मक शिक्षण देने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण उपरांत प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। इस दौरान प्राचार्य उदयराज ने शिक्षकों से कहा कि हमें बच्चों को ऐसे सहज और सरल अंदाज में पढ़ाना है जिससे वे विभिन्न विषयों को आसानी से समझ सकें। उन्होंने आगे कहा कि हमें बच्चो में पढ़ाई की पुरानी पद्धति रटंत विधा को छुड़वाना होगा। कक्षा समाप्त होने पर बच्चों को रोजाना होमवर्क देना है, उसे जांचना है। घर पर जब बच्चे खुद से समझते हैं अभ्यास करके लिखते हैं फिर वो आसानी से याद कर पाते हैं। पढ़ाने में जीवंत उदाहरण व यथसम्भव प्रकरण के अनुसार परिवेशीय माहौल का भी ध्यान रखा जाय।प्रशिक्षण प्रभारी गोविंद किशोर ने जानकारी देते हुए बताया कि नवीन सत्र से जूनियर कक्षाओं में कमजोर विद्यार्थियों के लिए रिमीडियल यानी निदानात्मक कक्षाएं लगेंगी। सभी स्कूलों में रिमीडियल कक्षाओं के संचालन की निगरानी की जिम्मेदारी ब्लॉक स्तर पर खंड शिक्षा अधिकारी करेंगे। रिमीडियल कक्षाएं लगाने का उद्देश्य एनएटी परीक्षा परिणाम 60 फीसदी से अधिक ले जाना है। इसी क्रम में कमजोर छात्र- छात्राओं पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। कक्षा संचालन से पहले विषयवार शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। शिक्षकों को यह बताया जा रहा है कि वे कठिन समझे वाले टॉपिक को कैसे सरल अंदाज में बच्चों को समझाएं। बच्चों को गणित और भाषा विषय में अधिक कठिनाई होती है इस कारण इन विषयों पर विशेष जोर दिया जा रहा है। समापन सत्र में डायट प्रवक्ता दशरथ, इश्तियाक,रामपाल, अवनीश, सन्दर्भदाता अश्विनी कैराती, राजेश मिश्र, अवधेश द्विवेदी, निहाल सिंह, पवन गुप्ता, शमसाद, अरुण गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद रहे। उदयराज ने बताया रिमीडियल प्रशिक्षण पर विभाग का फोकस है। शिक्षक विद्यालय में इसका क्रियान्वयन गंभीरता से करेंगे।

# रेलवे क्रासिंग 41 सी को खोलवाए जाने की मांग



▸ सांसद बोले- कराया जाएगा समस्या का निराकरण
▸ बक्सीपुरा संघर्ष समिति की बैठक संपन्न

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

महात्मा बुद्ध विद्यापीठ इंटर कालेज में बक्सीपुरा संघर्ष समिति की बैठक आयोजित की गई। मुख्य अतिथि बहराइच के सांसद अक्षयवर लाल गोंड रहे। बैठक में मुहल्ले के आवागमन मार्ग पर पड़ने वाली रेलवे क्रासिंग संख्या 41सी पर अंडर पास, फ्लाई ओवर अथवा अपर पास बनवाए जाने का मामला उठाया गया। सबसे पहले मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया। उसके बाद सांसद व अन्य अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मोहल्ले के मनीराम वर्मा, पीके सिंह, अरुण मिश्र, रमेश चंद्र त्रिपाठी, संतोष त्रिपाठी, दुर्गेश पांडेय व अन्य लोगों ने नई बस्ती बक्सीपुरा चांदमारी मुहल्ले में जलभराव, रेलवे क्रासिंग 41सी को खोलवाए जाने समेत अन्य समस्याओं को रखा गया। सांसद ने कहा कि उन्होंने इससे पहले भी रेलवे क्रासिंग से आवागमन सुलभ होने के लिए रेलवे के अधिकारियों व मंत्रालय तक आवाज उठाई है। अब फिर से प्रयास कर समस्या का निराकरण कराया जाएगा।इसके साथ ही यहां के जलभराव व अन्य समस्या का भी निराकरण कराया जाएगा। सांसद ने बताया कि जल्द ही संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल के साथ रेलवे के डीआरएम से मुलाकात की जाएगी। इसके साथ ही रेल मंत्री को भी समस्या से अवगत कराया जाएगा। इसके बाद संघर्ष समिति के पदाधिकारी पैदल यात्रा कर विधान परिषद सदस्य डा. प्रज्ञा त्रिपाठी के आवास पहुंचे और समस्या से अवगत कराया।समिति के पीके सिंह ने बताया कि इस रेलवे क्रासिंग से मोहल्ले के साथ ही श्रावस्ती जिले के तकरीबन पचास हजार लोगों का आवागमन होता है। इसके बंद होने के कारण आवागमन में तमाम प्रकार की कठिनाइयां हो रही हैं। एमएलसी ने भी समस्या के निराकरण का आस्वासन दिया है। इस दौरान कालेज के प्रधानाचार्य अजीत कुमार वर्मा, प्रवीण श्रीवास्तव, सत्यदेव मिश्रा, जगदंबा प्रसाद मिश्रा, मंशाराम शुक्ला समेत सैकड़ों मुहल्लावासी मौजूद रहे।

# ब्लाक सभागार बलहा में डीएम-एसपी ने की शान्ति समिति की बैठक

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

▸ शरारती तत्वों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी : डीएम

आगामी होली व शब-ए-बारात सहित अन्य पर्वों के अवसर पर जिले में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से विकास खण्ड बलहा के सभागार में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र व पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा की मौजूदगी में शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए डीएम डॉ. चन्द्र ने मौजूद लोगों को होली पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए सभी से अपील की कि आसन्न त्यौहारों को आपसी भाई-चारे के साथ मनाएं। डीएम ने लोगों से अपेक्षा की कि त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने में जिला प्रशासन को सहयोग प्रदान करें तथा यदि कोई अप्रिय तथ्य संज्ञान में आता है तो जिम्मेदार अधिकारियों के संज्ञान में अवश्य लाएं। डीएम ने बीडीओ व ईओ को निर्देश दिया कि त्यौहार के अवसर पर ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में होलिका दहन स्थलों व अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर पर्याप्त साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। जबकि एसडीएम नानपारा अजित परेश को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये। डीएम ने सचेत किया कि त्यौहारों के अवसर पर किसी भी व्यक्ति को गड़बड़ी पैदा करने की अनुमति नहीं होगी। शरारती तत्वों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएंगी। पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने कहा त्योहारों के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाएं रखने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है। सम्पूर्ण जनपद विशेष चौकसी बरती जा रही है तथा असामाजिक तत्वों सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि होली हर्ष और उल्लास का पर्व है। सभी नागरिक एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए आसन्न त्यौहारों को मनाएं। एसपी ने कहा कि त्यौहारों के अवसर पर जिले में गुड पुलिसिंग व्यवस्था रहेगी। बैठक के दौरान होली समिति के अध्यक्ष अतुल जायसवाल द्वारा होली त्यौहार के अवसर पर साफ-सफाई, पानी व बिजली की व्यवस्था के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। पूर्व चेयरमैन अब्दुल वहीद व अब्दुल मोहीद राजू सहित अन्य गणमान्य व संभ्रान्तजन द्वारा जिला प्रशासन को आश्वस्त किया गया कि त्यौहार के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाएं रखने में हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। बैठक का संचालन क्राइम इंस्पेक्टर मनोज कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी नानपारा अजित परेश, क्षेत्राधिकारी राहुल पांडेय, बीडीओ बलहा सौरभ श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार गौड़ सहित अन्य अधिकारी, क्षेत्र पंचायत प्रमुख प्रतिनिधि कृपा राम, व्यापार मण्डल अध्यक्ष अब्दुल मुशीर, विश्वनाथ, धर्मेन्द्र गुप्ता, कावंड़िया संघ अध्यक्ष जगत राम पटेल सहित संभ्रान्तजन राम विलास लोधी, नागेंद्र प्रताप सिंह, मनोज गुप्ता, बबलू सिंह, छत्रपाल वर्मा, शफीक कुरेशी, सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# जिलधिकारी ने झंडारोहण कर श्री 1008 कल्पद्रुम महामण्डल विधान का किया शुभारम्भ

▸ श्री 108 आचार्य दयासागर महाराज से प्राप्त किया आशीर्वाद
▸ जैन समाज ने अंगवस्त्र भेंट कर डीएम को किया सम्मानित



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

श्री 1008 चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर बहराइच में श्री 1008 कल्पद्रुम महामण्डल विधान श्री 108 आचार्य दयासागर महाराज के सानिध्य में किया जा रहा है। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र द्वारा झंडारोहण कर विधान का विधि विधान के साथ शुभारम्भ किया गया। झंडारोहण के पश्चात डीएम डॉ. चन्द्र ने श्री 108 आचार्य दयासागर महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। जबकि जैन समाज की ओर से डीएम को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर ब्रह्मचारिणी दीदी, राधा दीदी, जैन समाज संरक्षक सुभाष चंद्र जैन, उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारी कुलभूषण अरोड़ा सहित अजय जैन, अतुल कुमार जैन, स्वरूप चंद जैन, अनुराग जैन, डॉक्टर डिंपल जैन, अंशुल जैन, आशीष जैन, रमेश जैन, योगेंद्र जैन, सीमा जैन, प्रियंका जैन, रिन्शू जैन तथां जैन समाज के स्त्री-पुरूष व श्रद्धालु बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# बच्चों के शारीरिक, बौद्धिक विकास के लिए सांस्कृतिक गतिविधियां आवश्यक

▸ स्कूल के वार्षिक उत्सव पर आयोजित हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल के वार्षिक उत्सव के अवसर पर आयोजित समागम कार्यक्रम का रंगारंग शुभारम्भ छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किये गये गणेश वन्दना से हुआ जबकि छात्राओं ने सामुहिक रूप से स्वागतगान प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड व जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र, विशिष्ट अतिथि विधायक नानपारा राम निवास वर्मा व पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा सहित अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया। जबकि प्रबन्ध समिति द्वारा मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि सहित अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी, एसडीएम नानपारा अजित परेश व सीओ राहुल पाण्डेय को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वाषिकोत्सव में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किये गये मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम लोगों के आकर्षण का मुख्य केन्द्र रहा। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डीएम डॉ. चन्द्र ने बच्चों की मेधा की सराहना करते हुए प्रबन्ध तन्त्र से अपेक्षा की कि बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी सिखाएं। क्योकि एक शिक्षित नागरिक राष्ट्र के निर्माण में बेहतर योगदान कर सकता है। डीएम ने शिक्षण संस्थान को मन्दिर की संज्ञा देते हुए कहा कि विद्यालय संचालन का उद्देश्य मुनाफा कमाना नहीं बल्कि समाज सेवा होना चाहिए। डीएम को अपने बीच पाकर जोश से लबरेज बच्चों को भी डॉ. चन्द्र ने निराश नहीं किया बल्कि पूरी उदारता के साथ सबके साथ फोटो शूट कराई और पूरे मन से शिक्षा ग्रहण करने का मंत्र दिया। सांसद अक्षयवर लाल गोंड ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गये सांस्कृतिक कार्यक्रम की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि खेल तथा सांस्कृतिक गतिविधियां बच्चों के शारीरिक एवं बौद्धिक विकास के लिए बहुत जरूरी है। सांसद ने कहा कि ऐसे आयोजन से बच्चों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने हेतु उचित मंच प्राप्त होता है। सांसद ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए सभी जिम्मेदारान को बधाई दी।



वार्षिकोत्सव में उप जिलाधिकारी नानपारा अजित परेश व क्षेत्राधिकारी राहुल पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार गौड़ सहित अन्य अधिकारी, प्रधानाचार्य सुनीता यादव सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं, प्रबन्ध समिति के पदाधिकारी व अभिभावक राम स्वरूप अग्रवाल, सत्य प्रकाश गुप्ता, आनंद पोद्दार, अनिल अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, ओम प्रकाश गुप्ता, डॉ चंद्रभान, प्रकाश वीर गुप्ता, सुनील अग्रवाल तथा बड़ी संख्या स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

# 15 मार्च तक चलेगा विशेष प्रवर्तन अभियान

**अवैध मदिरा के निर्माण एवं तस्करी पर अंकुश के लिए तहसीलवार टीमें की गठित : डीएम**




**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी श्रीमती माला श्रीवास्तव ने कहा कि आगामी होली का त्यौहार में मदिरा की मांग बढ़ जाने के साथ साथ अवैध एवं नकली शराब के निर्माण/विक्रय तथा तस्करी की सम्भावना के दृष्टिगत 01 मार्च से 15 मार्च 2023 तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाकर अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री तथा तस्करी पर अंकुश लगाये जाने हेतु समस्त तहसीलवार टीमो का गठन किया है। जिलाधिकारी ने आबकारी, पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर प्रभावी प्रवर्तन कार्य सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि आगामी त्योहारों के दृष्टिगत पूरे जनपद में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण, तस्करी, परिवहन आदि पर प्रभावी अंकुश लगाया जाये। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए प्रत्येक तहसील में उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी तथा आबकारी निरीक्षक विशेष रूप से सक्रिय रहेंगे। पूरे जनपद में 6 प्रवर्तन दलों का गठन किया गया है। यह टीमें अवैध मदिरा के कार्य में संलिप्त पाये जाने पर आवश्यकतानुसार गैंगस्टर/गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत कठोरतम कार्यवाही की जायेगी। इन टीमों द्वारा जनपद में अवैध मदिरा के चिन्हित संदिग्ध स्थानों तथा अवैध मद्य निष्कर्षण के बिक्री के अड्डों से चेकिंग पर छापेमारी की कार्यवाही की जायेगी। आबकारी दुकानों एवं थोक अनुज्ञापनों का निरीक्षण चेक लिस्ट के अनुसार किया जायेगा। स्टाक के बारकोड व क्यू0आर0कोड की सूक्ष्मता एवं सतर्कतापूर्वक स्कैनिंग/जांच की जायेगी। देशी/विदेशी मदिरा/बियर एवं माडल शाप की फुटकर बिक्री की दुकानों पर ओवर रेट के सम्बन्ध में रैंडम टेस्ट परचेज की कार्यवाही की जायेगी।

## रजत और सोनाली ने जय गणेश का बढ़ाया मान

**मार्गदर्शन और कठिन परिश्रम से कुछ भी किया जा सकता है**

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों से नियुक्ति पत्र मिलने के बाद लगातार अभ्यर्थियों के चेहरों पर चमक देखने को मिल रही है और इस चमक को उनके चेहरे पर लाने का काम शहर कोतवाली क्षेत्र की कचहरी रोड पर संचालित जय गणेश आईएएस कोचिंग संस्थान और बच्चों का मार्गदर्शन करने वाले गुरु सनोज त्रिवेदी के मार्गदर्शन में लगातार वहां पर पढ़ने वाले बच्चे सफलता की ओर आगे बढ़ रहे हैं बीते दिन जहां पर सूबे के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा संस्थान के चयनित दो बच्चों सोनाली सिंह और रजत सिंह के द्वारा दरोगा भर्ती में सफलता पाई गई थी और नियुक्ति पत्र उन्हें सूबे के मुखिया के हाथों से दिया गया जिसको लेकर संस्थानों संस्थान के बच्चों में खुशी देखने को मिल रही है वही संस्थान के संचालक सनोज त्रिवेदी का कहना है कि अगर कोई भी बच्चा सच्ची लगन और मेहनत के साथ पढ़ाई करेगा तो सफलता उसके कदम चूमेगी।

# ब्लॉक परिसर में हुआ 27 जोड़ों का विवाह

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



ब्लॉक परिसर में सामूहिक विवाह का हुआ आयोजन। ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 27 जोड़ों ने वैवाहिक बंधन में बंध कर जीवन भर साथ निभाने का संकल्प लिया नव दांपत्य जोड़ों ने वैदिक मंत्रोचार के बीच अग्नि के सात फेरे के साथ सातों वचन निभाने का वचन लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह एवं बीजेपी नेता दिनेश सिंह राठौर रहे कार्यक्रम में शामिल सभी जोड़ों ने वैदिक रीत से मंगल फेरे लेकर एक दूसरे को अपना जीवनसाथी बनाया खंड विकास अधिकारी एसबी सिंह की देखरेख में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 27 जोड़ों का विवाह कराया गया और उन्हें शासन द्वारा निर्धारित वस्तुओं के साथ विवाह प्रमाण पत्र सौंपा गया इस मौके पर ब्लाक प्रमुख राजकुमार महराजगंज प्रधान संघ अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह उर्फ दद्दू ग्राम प्रधान उमेश कुमार उर्फ कन्नू सहित ब्लाक के कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### श्रीमद् भागवत कथा का लोग कर रहे रसपान



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र में दुसौंती ग्राम सभा में अमरेश बहादुर सिंह के आवास पर श्रीमद्भागवत कथा हो रही है जिसमें ओरक्षा धाम से पधारे परम् पूज्य गुरुदेव स्वामी रमाकांत तिवारी जी ने कथा सुनाते हुए महादानी राजा बलि,एवं राम लीला और कृष्ण लीला पर सुन्दर प्रसंग रखा। सुरेश बहादुर सिंह जी ने बताया कि आगामी अट्ठाइस फरवरी तक कथा अनवरत चलेगी तत्पश्चात पूर्णाहुति के पश्चात दो मार्च को विशाल भंडारे का आयोजन है कार्यक्रम में उपस्थित अन्य लोगों में धीरेन्द्र बहादुर सिंह, सुरेन्द्र बहादुर सिंह नथुवा पुर, संकठा बक्स सिंह विजयपुर, रामनरेश वर्मा एवं महंत स्वामी राधा कृष्ण संपद रायबरेली, तथा ग्राम सभा के गणमान्य लोगों के साथ सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने कथा का श्रवण किया।

### कार व पिकअप की भीषण टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**सूची सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** तेज रफ्तार का कहर थमने का नाम नही ले रहा हैं।पिकअप व कार में आमने सामने भीषण टक्कर हो गई। जिससे दोनों वाहनों में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भिजवाया जहां इलाज जारी हैं।सलोन कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी सूची अंतर्गत स्टेट बैंक के सामने कार व पिकअप में रविवार रात आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई।जिसमें कार सवार सुशील तिवारी सुल्तानपुर व पिकअप चालक सुरेंद्र उन्नाव तथा पिकअप में बैठा एक युवक सतीश गंभीर रूप से घायल हो गये।हादसे में दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए।तेज आवाज सुन स्थानीय लोग मौके पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।जानकारी मिलते ही सूची चौकी इंचार्ज पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को कड़ी मशक्कत से वाहन से बाहर निकाला।जिसके बाद एंबुलेंस की मदद से तीनों घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया।क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को सूची पुलिस ने कब्जे मे लेकर कार्यवाही शुरू कर दी हैं।

### बीएसएफ जवान पर लगाया हाथ काटने एवं धमकाने का आरोप

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** निषाद संघ डलमऊ के अध्यक्ष ने डलमऊ कोतवाली में तहरीर देते हुए कस्बे के एक बीएसएफ के सिपाही पर अश्लील गालियां देते हुए लाइसेंसी पिस्टल से जान से मारने की धमकी देने और हाथ काट लेने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की गई और जान मांग की रक्षा की गुहार लगाई गई। कस्बे के मोहल्ला चरण दास पुर निवासी आनंद कुमार निषाद ने डलमऊ कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि कस्बे के ही एक युवक जो बीएसएफ में तैनात है द्वारा जमीनी विवाद के चलते कई दिन पूर्व मोबाइल पर हाथ काट लेने और जान से मार देने की एलानिया धमकी के साथ रविवार को देर शाम जब पीड़ित मुराई बाग मोटरसाइकिल से जा रहा था तभी बीएसएफ जवान द्वारा रास्ते में रोककर अपनी लाइसेंसी पिस्टल निकालकर धमकाने और जान से मार देने का आरोप लगाया गया और मुकदमा दर्ज कर जानमाल की रक्षा की गुहार लगाई गई।

### पीस कमेटी की बैठक में त्यौहारों को सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की अपील

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बीघापुर थाना परिसर में उपजिलाधिकारी दयाशंकर पाठक की अध्यक्षता में होली के त्यौहार व शब-ए-बरात को लेकर जनप्रतिनिधियों गणमान्य लोगों की बैठक हुई जिसमें शांतिपूर्ण त्यौहार मनाए जाने की अपील की गई। पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी दयाशंकर पाठक ने कहा कि 7 तारीख को होली का त्यौहार व शाम को शबे-बरात का त्यौहार है। सभी लोग आपस में मिलजुलकर त्यौहार मनाए। रंग जबरदस्ती रंग न लगाये। किसी के ऊपर मिट्टी गोबर न फेंके। त्यौहार आपसी भाईचारा बढ़ाने का संदेश देते हैं। क्षेत्राधिकारी बिजय आनंद ने कहा कि पूरा प्रशासन पूरी तरह चौकन्ना है और प्रत्येक गांव में माहौल बिगाड़ने वाले लोगों की काउंसलिंग की जा रही है। ग्राम प्रधानों, पंचायत सदस्यों का कर्तव्य है कि वह भी पुलिस का सहयोग करें जिन लोगों को डीजे में डांस करना है वह उपजिलाधिकारी से अनुमति ले ले। नए जुलूस की परंपरा न डालें। बैठक में प्रधान संघ के अध्यक्ष मनोज सिंह, उदल फौजी, सुरेंद्र सिंह, हाजी अब्दुल गनी, वीरेंद्र सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य नरेंद्र कुमार, गोविंद तिवारी उपनिरीक्षक हसमत अली, अचल कुमार रावत, अरविंद कुमार त्रिपाठी, यशपाल, विकास कुमार, दिवाकर शुक्ला आदि रहे।




## क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेला गया, क्रिकेट मिनी स्टेडियम की घोषणा

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** रविवार को मऊ मुरैनी सिकंदरपुर एकता क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेला गया। आपको बता दें मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे हरचंदपुर ब्लॉक प्रमुख पीयूष प्रताप सिंह ने मऊ में एक क्रिकेट मिनी स्टेडियम बनाने की घोषणा किया। वहीं विजेता टीम को 21 हजार रुपये का पुरस्कार उपविजेता टीम को 11 हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया। मुख्य अतिथि पीयूष प्रताप सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर लक्ष्मीकांत रावत पूर्व प्रत्याशी बछरावां विधानसभा, भाजपा नेता देवेन्द्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष भाजपा जन्मेजय सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह दद्दू, प्रधान डब्बू सिंह, राजकुमार सिंह (मोंगा सिंह), भोलू सिंह, सतीश सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे ।।

# मुस्लिम धर्मावलंबी का जत्था उमराह के लिए रवाना


**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज**

तहसील सलोन रायबरेली के ग्राम पंचायत गढ़ी इस्लामनगर शमशाद इदरीसी एवं उनकी धर्मपत्नी अफसरी बेगम भी जत्थे में शामिल

पूरे गांव में जश्न का माहौल अल्लाहुम्मा लब्बैक के नारों से गूंज उठा गांव

मुस्लिम के साथ-साथ क्षेत्र के हिंदू भाइयों ने भी माल्यार्पण कर स्वागत किया एवं देश में अमन शांति और सद्भाव के लिए प्रार्थना करने की अपील भी की

जायरीन ओं को विदा करने आई मुस्लिम महिला धर्मगुरु तस्कीन तालिब इदरीसी ने बताया हज वर्ष में केवल एक बार होता है। लेकिन



उमरा के लिए पूरे वर्ष कभी भी जाया जा सकता है हज में जहां 45 दिन लग जाते हैं वही उमराह मे जायरीन 14 दिन में लौट सकते हैं शमशाद इदरीसी के पुत्र शोएब ने बताया जायरीन पहले सलोन स्थित सूफी संत नईम अताशाह की दरगाह पर जाएंगे उसके बाद लखनऊ एयरपोर्ट से सलाम एयर की एयरलाइंस से जद्दा के लिए उड़ान भरेंगे

## 122 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**शिवगढ़ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध वाहन चेकिंग अभियान में गुमावा चौकी प्रभारी ने अवैध मादक पदार्थ के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक 27 फरवरी को गुमावा चौकी प्रभारी भारत सिंह तोमर पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध चेकिंग अभियान में दूबे का पुरवा पालेसर के पास मो. रिजवान पुत्र मो. कलीम निवासी रायपुर थाना शिवगढ़ जिला रायबरेली के कब्जे से 122 ग्राम अवैध स्मैक बरामद किया है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में गुमावा चौकी प्रभारी भारत सिंह तोमर,मुख्य आरक्षी अम्बुज वर्मा, आरक्षी सौविन्द्र कुमार, सोनदेव, विवेक तोमर मौजूद रहे।

## शार्ट सर्किट से लगी आग, धूं-धूं कर जली कार



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** औरास थाना क्षेत्र के चकलवंशी-संडीला मार्ग पर कस्बा औरास के सई नदी के पास एक्सप्रेस-वे के अंडर पास पर सोमवार सुबह कार में आग लग गई जिसमें सवार बोरिंग मजदूर किसी तरह बाहर निकले। आग से पूरी कार जलकर खाक हो गयी। राहगीरों व पुलिस की मदद से आग बुझाई गयी। कस्बा हैदराबाद निवासी शमीम औरास क्षेत्र के किसी गांव में कार में पाइप लादकर बोरिंग करने जा रहे थे तभी कस्बा औरास के पास कार में शार्ट सर्किट से हादसा हो गया। गनीमत रही कि कार सवार सभी लोग बाल बाल बच गये।

# सदर विधायक ने दुसौंती सहित अन्य ग्राम सभाओं का किया भ्रमण

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी की सदर विधायक अदिति सिंह ने क्षेत्र का किया भ्रमण सदर विधायक अदिति सिंह अपने विधानसभा क्षेत्र के दुसौंती गांव में पहुंचकर ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह के निवास स्थान पर जनसंवाद कार्यक्रम में भाग लिया । सदर विधायक अदिति सिंह ने अपने उद्गार में कहा कि दुसौंती गांव से हमारा रिश्ता बहुत पुराना है और यह हमारा घर है। ग्राम सभा के विकास के लिए जो भी हो सकेगा विधायक निधि एवं ब्लॉक से ग्रामसभा को उन योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा । वही अल्प समय में ही विकास के मामले में झंडा गाड़ने वाले ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह द्वारा किए गए कार्यों की भी चर्चा हुई आज ग्राम प्रधान के अथक प्रयासों से ग्राम सभा के 2 विद्यालय किसी मॉडल स्कूल से कम नहीं दिखाई पड़ रहे हैं। वहीं ग्राम प्रधान द्वारा ग्रामसभा में सड़कों का जाल ऐसा बिछाया जा रहा है लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी ।ग्राम प्रधान राजेंद्र सिंह द्वारा ने भगवान श्रीराम चित्र देखकर सदर विधायक अदिति सिंह का सम्मान किया गया। वहीं सदर विधायक अदिति सिंह ने अन्य कई ग्राम सभाओं में चौपाल लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना ग्राम पंचायत दाऊद नगर बहादुरपुर रुकुनपुर आदि ग्राम पंचायतों का दौरा किया और लोगों की समस्याओं को सुनकर हर संभव मदद करने की बात कही।

## दस हजार का इनामिया गिरफ्तार



**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश सरकार अब अपराधियों पर लगातर शिकंजा कसने के लिए पुलिस महकमे को सख्त निर्देश दे चुकी है तो पुलिस भी उन अपराधियों पर नकेल कसने की कार्रवाई करना शुरू कर दिया है । इसी क्रम में लालगंज पुलिस ने एक साल से पास्को एक्ट के वांछित एवं दस हजार के इनामिया अभियुक्त प्रवीन कुमार उर्फ परवीन कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी जगतपुर पंजीटेरा थाना फिल्लोर जनपद जालंधर पंजाब को डलमऊ बाईपास के पास से नियमानुसार गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

# न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर का वार्षिक परिणाम घोषित



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज**

न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में 'प्री-प्राइमरी विंग' के बच्चों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय अध्यक्ष श्री इन्द्रेश विक्रम सिंह, एन.एस.पी.एस. त्रिपुला प्रधानाचार्य श्री शिवलखन प्रजापति, एन.एस.बी.वी.एम प्रधानाचार्य श्री तारकेश्वर सिंह एवं हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल जी सहित आये हुए सम्मानित अभिभावकों द्वारा माँ भगवती सरस्वती का विधि-विधान पूर्वक पूजन-अर्चन सम्पन्न किया गया। तद्पश्चात एन.एस.बी.वी.एम. प्रधानाचार्य जी ने विद्यालय अध्यक्ष एवं एन.एस.पी.एस. प्रधानाचार्य जी का बुकें भेंटकर सम्मान किया। कार्यक्रम में नन्हें-मुन्ने बच्चों ने एक से बढ़कर एक सुन्दर प्रस्तुतियों के माध्यम से अभिभावकों का मनमुग्ध कर लिया।

# सिकन्दरपुर में अण्डरपास को लेकर डिप्टी सीएम से मिले ग्रामीण

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

उन्नाव-लालगंज राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिकंदरपुर कस्बा में अंडरपास बनाए जाने की लम्बे अर्से से मांग को पीएनसी द्वारा नजरअंदाज किए जाने से आक्रोशित कस्बावासियों ने उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मिलकर समस्या निदान की मांग की है।

बीघापुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिकंदरपुर कर्ण में राष्ट्रीय राजमार्ग उन्नाव-लालगंज एनएच-31 के निर्माण में बाजार के मुख्य चौराहे पर एक मिनी अंडरपास बनाए जाने की मांग लंबे अरसे से कस्बावासी कर रहे थे लेकिन पीएनसी अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही न किए जाने होने से आक्रोशित ग्रामीणों व्यापारियों किसानों ने ग्राम प्रधान विपिन चतुर्वेदी के नेतृत्व में लखनऊ पहुंच उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मिनी अंडरपास बनवाए जाने की मांग की। उप मुख्यमंत्री को दिए गए पत्र में पत्र में स्थानीय लोगों ने बताया कि मुख्य चौराहे पर एक छोटा अंडर पास न होने से हृदयनगर, फत्तेपुर, बाजपेईखेड़ा, किशनपुर, सत्तीखेड़ा आदि मजरों गांवों के मजदूर, व्यापारियो को सिकंदरपुर बाजार पहुंचने व सिकंदरपुर कस्बावासियों को अपने खेतो में जाने के लिए रावतपुर के सामने बने अंडरपास तक जाना पड़ेगा। कटरी क्षेत्र का मुख्य बाजार कस्बा सिकंदरपुर कर्ण होने के चलते लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। छोटा पैदल मार्ग बन जाने से लोगों को काफी राहत मिलेगी। पत्र देने वालो में प्रमुख रूप से साकिर हुसैन, मंजुल त्रिवेदी, लालता प्रसाद, राजू नंबरदार, मुनी आदि रहे।

# नायब तहसीलदार के विरोध में अधिवक्ताओं की हड़ताल जारी

**रजिस्ट्री आफिस में काम बन्द करा किया हंगामा**

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

भ्रष्ट नायब तहसीलदार की कार्यशैली के विरोध में जारी हड़ताल के दो माह में बार संघ ने सोमवार को रजिस्ट्री दफ्तर बंद कर एसडीएम कार्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

बताते चले कि बार एसोसिएशन हसनगंज के अधिवक्ता नायब तहसीलदार धीरेश कुमार सिंह की न्याय प्रणाली की कार्यशैली के विरोध में बीते 27 दिसंबर 2022 से हड़ताल पर चल रहे हैं। अधिवक्ताओं की मांग है कि नायब तहसीलदार का स्थानांतरण कर दिया जाये या फिर नायब तहसीलदार के अजगैन व



औरास न्यायालयों को वापस लिया जाय। अधिवक्ताओं की मांग उच्च अधिकारियों द्वारा न मानने और राजनीतिक नेताओं द्वारा नायब तहसीलदार को संरक्षण देने पर अधिवक्ता संघ शासन प्रशासन के खिलाफ आक्रोशित है लेकिन धरना-प्रदर्शन पर एसडीएम अंकित शुक्ला ने आफिस से बाहर निकलकर अधिवक्ताओ के साथ बैठक कर हड़ताल समाप्त करने का प्रयास किया लेकिन अधिवक्ता नहीं माने। हड़ताल अनिश्चितकालीन तक जारी रखने का फैसला लिया। जिसको लेकर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बार एसोसिएशन हसनगंज अध्यक्ष दाताराम शुक्ला व महामंत्री सजीवनलाल के नेतृत्व में संघ के धरना-प्रदर्शन के बाद सोमवार को अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्री पर रोक कर किसी प्रकार का उप निबंधक कार्यालय में कार्य नहीं करने दिया। अधिवक्ताओं की हड़ताल पर डीड राइटरो स्टांप वेंडरों ने सहयोग किया। श्री शुक्ला ने कहा कि जब तक नायब तहसीलदार धीरेश कुमार सिंह का स्थानांतरण नहीं हो जाता तब तक अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे और हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि अभी तो हम लोगो ने एक दिन का उपनिबंधक कार्यालय में कार्य नहीं किया और अगर हमारी मांगे पूरी न की गई तो हम लोग अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। बैठक में मुख्य रूप से महामंत्री सजीवनलाल रावत, पूर्व महामंत्री राजीव कुमार सिंह, उपाध्यक्ष मेवालाल रावत, विजय कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, प्रमोद यादव, राजीव मिश्रा, अमर सिंह, सलिल कुमार त्रिपाठी, रामनाथ, राघवेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, कुलदीप शुक्ल, मुनेश्वर वर्मा, रामनरेश यादव सहित एक सैकडा से अधिक अधिवक्ता मौजूद रहे।

# मार्च से कानपुर लखनऊ रूट पर दौड़ेंगी हाई स्पीड वंदेभारत ट्रेन

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

**जगह-जगह जीपीएस सिस्टम लगाने को डाली जा रही फाइबर केबिल**

कानपुर-लखनऊ रेल रूट पर सरैयां से सीपीवी ब्रिज तक ओएफसी केबिल बिछाने का कार्य शुरू हो गया है। इस रूट पर हाई स्पीड की ट्रेनें मार्च माह से चलाई जानी है। जिसको लेकर विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी है। ट्रेन संचालन की सुरक्षा को देखते हुए रेल प्रशासन द्वारा रेलवे ट्रैक के पास जीपीएस सिस्टम को संचालित करने के लिए ओएफसी केबिल डालने का काम भी किया जा रहा है।

पटरी की मजबूती के साथ रेल संचालन के दौरान किसी भी खतरे के अंदेशे को लेकर अब सेफ्टी के दृष्टि से विभाग जीपीएस टेक्नोलाजी का प्रयोग करने जा रहा है। पटरी पर जीपीएस सेंसर को एक्टिवेट करने के लिए विभाग के निर्देश पर रेलवे ट्रैक से कुछ दूरी पर आप्टीकल फाइबर केविल डालने का काम किया जा रहा है। जिसके तहत सरैया क्रासिंग से कानपुर रेलवे ब्रिज के आगे तक ओएफसी केबिल डालने का काम तेजी से शुरू किया गया। इस दौरान कार्यदायी संस्था ने बताया कि मार्च में वंदे भारत इस रूट पर चलायी जायेगी।

### ट्रैक बाधित होने पर पहले ही चल जायेगा पता

जीनएस टेक्नोलाजी से ट्रैक पर कोई ट्रेन या जानवर भी आगे होगा तो जीपीएस सिस्टम से इसका पता चल जायेगा, साथ ही ट्रेन की लोकेशन ट्रैस करना और लोको पायलेट से सेटेलाइट के जरिये मिल जायेगी।

### 200 की स्पीड से चलनी है वंदे भारत

कार्यदायी संस्था ने बताया कि इस रूट पर दो सौ किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से वंदे भारत चलाई जानी है। ट्रैक मजबूत नहीं है। इसलिये अभी 180 किलोमीटर प्रतिघंटा तक चलाई जा सकती है।

### डीआरएम ने ट्रैक का किया था निरीक्षण

लखनऊ मंडल के डीआरएम एसके सपरा ने 3 दिन पहले गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर रेलवे ट्रैक का निरीक्षण किया था। साथ में सेफ्टी विभाग के अफसर मौजूद थे सिगनल विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए थे सभी तैयारियां पूरी कर लें जिससे ट्रेन संचालन में किसी प्रकार की कोई बाधा उत्पन्न ना हो और सकुशल यात्री अपने गन्तव्य को पूरा कर सकें।

# सैनिक सम्मेलन में सीओ ने सुना पुलिसकर्मियों का दर्द

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

**ज्यादातर सिपाहियों ने छुट्टी समय पर न मिलने की कही बात**

सदर कोतवाली परिसर में सीओ के नेतृत्व में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सीओ आशुतोष कुमार ने कोतवाली के सभी पुलिसकर्मियों की समस्याओं को सुना। किसी ने अपने वेतन को लेकर समस्या बताई तो कुछ ने छुट्टी को लेकर। अक्सर छुट्टी शासन स्तर से बंद होने की बात पुलिसकर्मियों ने बताई। हालांकि सीओ ने आश्वासन दिया कि छुट्टियों को लेकर समस्या नही होनी चाहिए। यदि ऐसी कोई समस्या आ रही है तो इसका निस्तारण भी किया जाएगा। सदर कोतवाली में सैनिक सम्मेलन में पचास से अधिक पुलिसकर्मी शामिल हुए। उन्होंने अपनी परेशानियों को सामने रखा। इसके अलावा कई सिपाहियों ने अपने परिवार में समस्या बताकर छुट्टी नहीं मिलने की शिकायत की गई। इस दौरान सीओ ने थाना प्रभारी को अपने स्तर पर आरक्षी की समस्या के अनुसार छुट्टी सबमिट करने का आदेश जारी करने का आश्वासन दिया। वहीं, पुलिसकर्मियों से कहा कि जो भी बीट आरक्षी बेहतर काम करेगा, उसे सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा गुडवर्क करने वाले सिपाही को प्रशस्ति पत्र भी दिया जाएगा। सिपाही अपने क्षेत्र की पूरी जानकारी रखे। जो भी गलत काम हो रहे हो, इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दें और कार्रवाई करें। यहीं नहीं, कहा कि जो भी सिपाही बड़ा काम करेगा, उसे नकद इनाम दिया जाएगा। इस दौरान कई सिपाहियों के द्वारा किए गए बेहतर काम की तारीफ भी की गई। सैनिक सम्मेलन में उनके नाम बोले गए।

# दहशत के दंश

हाल के दिनों में देश के कई भागों में सड़कों पर घूमने वाले कुत्तों के हमलों में कई बच्चों व बड़ों के घायल होने व मरने के समाचारों ने व्यथित किया है। कमोबेश ऐसी ही स्थिति हरियाणा में भी देखी गई है। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध आंकड़े बताते हैं कि राज्य में पिछले दस सालों में ग्यारह लाख लोगों को आवारा कुत्तों ने काटा है। सरकार का दावा है कि वर्ष 2014 से लेकर 2022 तक राज्य के ग्यारह जिलों में चलाये गए नसबंदी अभियान में एक लाख सैंतीस हजार के करीब कुत्तों की नसबंदी की गई ताकि उनकी बढ़ती संख्या पर अंकुश लगाया जा सके। लेकिन इस अभियान पर करीब साढ़े सत्रह लाख रुपये खर्च करने के बावजूद सकारात्मक परिणाम देखने में नहीं आये। बल्कि उनकी संख्या में कुछ हजार का इजाफा ही हुआ है। कहा जा रहा है कि नसबंदी अभियान को कारगर ढंग से चलाकर ही समस्या का समाधान किया जा सकता है। काटे लोगों को रैबीज का इंजेक्शन लगाकर अपनी सुरक्षा करने को बाध्य होना पड़ता है। हालांकि, सरकारी अस्पताल व डिस्पेंसरियों में कम दाम में वैक्सीन उपलब्ध है, लेकिन निजी अस्पताल वैक्सीन के प्रति डोज डेढ़-दो हजार रुपये वसूलते हैं। जो गरीब आदमी के लिये कष्टदायक ही है। कहा जा रहा है कि राज्य में आवारा कुत्तों की नसबंदी का अभियान कारगर ढंग से नहीं चलाया जा रहा है। जानकार लोग तेजी से नसबंदी अभियान चलाने को समस्या का उपयोगी समाधान बता रहे हैं। वैसे यह विचारणीय प्रश्न है कि सदियों से मनुष्य का साथी रहा कुत्ता क्यों आक्रामक हो चला है। कभी समाज में उसकी वफादारी की मिसाल दी जाती थी। कहीं न कहीं शहरी जिंदगी में उसकी उपयोगिता कम होने के चलते उसे सड़क पर आना पड़ा है। वहीं लोगों में विदेशी नस्ल के कुत्तों के बढ़ते मोह ने उसे आम भारतीयों के घरों से बाहर का रास्ता दिखाया है। देश में विदेशी नस्ल के कुत्तों की खरीद-फरोख्त का बड़ा बाजार भी विकसित हुआ है। वहीं हमारी खान-पान की आदतों में बदलाव का असर भी कुत्तों में देखा गया है। अकसर मांस व अन्य तामसिक पदार्थों की दुकानों के बाहर इनका जमावड़ा देखा जाता है। मारे गये जीवों के अवशेषों का सावधानी से निस्तारण नहीं किया जाता। वहीं मांसाहारी लोग भी इसके अवयव बाहर फेंक देते हैं, जिसके चलते कुत्ते हिंसक होते हैं। दूसरे, वातावरण में बढ़ती गर्मी भी इन्हें उग्र बनाती है। हम महसूस करें तो समाज में वाहनों व अन्य उपकरणों का शोर बहुत बढ़ा है। यह जानवर ध्वनि के प्रति बेहद संवेदनशील होता है। शहरों, कस्बों के गली-कूचों में लोगों द्वारा दुत्कारे जाते, मार-पीटकर भगाये जाते कुत्ते कालांतर आक्रामक होने लगते हैं। सड़कों का तेज व भीड़-भाड़ वाला ट्रैफिक भी उन्हें उग्र बनाता है। निःसंदेह, आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर योजनाबद्ध ढंग से नियंत्रण, सामाजिक जागरूकता व जीवों के संरक्षण में लगी स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से ही इस समस्या का समाधान संभव है।

# अजय बंगा : भारत का गौरव

*आदित्य नारायण*

**अजय बंगा अगर वर्ल्ड बैंक के प्रमुख बनते हैं तो उनके सामने रास्ता आसान होगा। वर्ल्ड बैंक का मुख्य कार्य विकास परियोजनाओं और उससे जुड़े कामों को बढ़ाना है।**
**इन दिनों कोरोना महामारी से जूझने के बाद कई देशों की अर्थव्यवस्था डांवाडोल है। कई देश कर्ज के जाल में फंसे हुए हैं। वर्ल्ड बैंक के प्रमुख के तौर पर अजय बंगा के सामने कम आय वाले देशों की वित्तीय जरूरतों को संतुलित करने की भारी भरकम चुनौती होगी। बिना अतिरिक्त वित्तीय संसाधनों के वे चुनौतियों से कैसे निपटते हैं यह देखना अभी बाकी होगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि अजय बंगा को अमेरिका सरकार के साथ काम करने का काफी अनुभव है। उनके पास सही नेतृत्व और प्रबंधन कौशल है। उभरते बाजारों में रहने और काम करने का अनुभव है और वर्ल्ड बैंक का नेतृत्व करने के लिए विशेषज्ञता है। बंगा ने सफल वैश्विक कम्पनियों को बनाकर सफलतापूर्वक चलाया है जिससे विकासशील देशों में निवेश और रोजगार का सृजन हुआ है। अजय बंगा का इस पद पर पहुंचना एक ऐसे भारतीय की यात्रा है जिसने अपनी योग्यता के बल पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। पिछले कुछ वर्षों से भारत-अमेरिका के संबंध भी काफी मजबूत हुए हैं। उनमें प्रवासी भारतीयों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है।**
**विदेशों में रहने के बावजूद प्रवासी भारतीय अपने देश की माटी की सौगंध को नहीं भूले हैं। वे आज भी अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं।**

पूरी दुनिया में आजकल भारतीय और भारतीय मूल के प्रवासियों का डंका बज रहा है। अमेरिका हो या ब्रिटेन, कनाडा हो या मॉरिशस इन के अलावा भी कई देशों में प्रवासी भारतीय अहम पदों को संभाले हुए हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक भी भारतीय मूल के हैं।
अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन में लगभग 130 से ज्यादा भारतीय अमेरिकी अहम पदों पर हैं। अमेरिकी आबादी में भारतीय मूल के समुदाय की हिस्सेदारी लगभग एक प्रतिशत है लेकिन प्रशासन में उसे अब तक का सबसे बड़ा प्रतिनिधित्व मिला हुआ है। भारतीयों की यह विशेषता रही है कि वे जहां भी गये हैं वहां के संविधान और संस्कृति को आत्मसात कर उन्होंने देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जिस देश में भी भारतीय प्रशासन का हिस्सा बने हैं उन्हें इस बात का गर्व है कि वह विविधता बनाए रखने के साथ-साथ ऐसे नेताओं के साथ सरकार बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो एक समान सोचते हैं और उस देश की भावना को प्रदर्शित करते हैं। आज दुनिया की टैक कम्पनियों के सीईओ भारतीय मूल के हैं। भारतीय मूल के लोग सांसद भी हैं, महापौर भी हैं और बड़ी कम्पनियों का नेतृत्व कर रहे हैं। भारत के लिए यह गर्व की बात है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भारतीय मूल के अमेरिकी कारोबारी और मास्टर कार्ड के पूर्व चीफ अजय बंगा को वर्ल्ड बैंक के चीफ के पद के लिए मनोनीत किया है। तीन दशक पहले तक अजय बंगा कोलकाता के नेस्ले के ब्रांच मैनेजर हुआ करते थे। उनका सफर हर भारतीय के लिए प्रेरणादायक है।
जो बाइडेन ने यह कदम ऐसे वक्त में उठाया है जब अमेरिका वर्ल्ड बैंक पर जलवायु परिवर्तन की समस्याओं को सुलझाने की दिशा में कदम उठाने का दबाव डाल रहा है। अमेरिका वर्ल्ड बैंक का सबसे बड़ा शेयर होल्डर है इसलिए यह माना जाता है कि अजय बंगा ही वर्ल्ड बैंक के चीफबनेंगे। अजय बंगा की पढ़ाई-लिखाई पूरी तरह से भारत में ही हुई। यहीं से उच्च शिक्षा हासिल करने के बाद वे यूएस गए और वहां जाकर अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया। उनका जन्म 10 नवंबर 1959 को पुणे में हुआ था। उनकी स्कूलिंग जालंधर और शिमला से हुई है। दिल्ली विश्वविद्यालय से



अर्थशास्त्र में स्नातक करने के बाद उन्होंने आईआईएम अहमदाबाद से एमबीए किया। 1981 में उन्होंने अपना करियर नेस्ले इंडिया में बतौर मैनेजमेंट ट्रेनी शुरू किया और 13 साल में मैनेजर की पोजिशन तक का सफर तय कर लिया। इसके बाद वे पेप्सिको के रेस्टोरेंट डिविजन का हिस्सा बने। केएफसी और पिज्जा हट को भारत में लाने का श्रेय उन्हीं को जाता है। 1996 में वह सिटी ग्रुप के मार्केटिंग प्रमुख बने। साल 2000 में सिटी फाइनेंशियल के हेड नियुक्त किए गए। 2009 में वे मास्टर कार्ड के सीईओ बने।

2012 में मशहूर पत्रिका फार्च्यून ने उन्हें शक्तिशाली उद्योगपति के तौर पर चुना था। बिजनैस के क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए 2016 में भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया था। अजय बंगा की कुल सम्पत्ति 143 मिलियन डालर है। अमेरिका चाहता है कि वर्ल्ड बैंक सही एजेंडा चुने और अच्छे कामों पर जोर डाले। अजय बंगा को ऐसा व्यक्तित्व करार दिया जा रहा है जिनमें जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याओं को सुलझाने के लिए विशेष योग्यता है। जलवायु समस्या को सुलझाने की दिशा में सरकारी कम्पनियों और गैर लाभकारी संगठनों के बीच भागीदारी कायम करने के मामले में अजय बंगा को अच्छा खासा अनुभव है। अजय बंगा प्राइवेट इक्यूटी फर्म जनरल एटलांटिक के वाइस चेयरमैन हैं और वह 3.5 अरब डालर के क्लाइमेंट चेंज फंड के एडवाइजरी बोर्ड में भी हैं। ऐसा नहीं है कि अजय बंगा अगर वर्ल्ड बैंक के प्रमुख बनते हैं तो उनके सामने रास्ता आसान होगा। वर्ल्ड बैंक का मुख्य कार्य विकास परियोजनाओं और उससे जुड़े कामों को बढ़ाना है।

इन दिनों कोरोना महामारी से जूझने के बाद कई देशों की अर्थव्यवस्था डांवाडोल है। कई देश कर्ज के जाल में फंसे हुए हैं। वर्ल्ड बैंक के प्रमुख के तौर पर अजय बंगा के सामने कम आय वाले देशों की वित्तीय जरूरतों को संतुलित करने की भारी भरकम चुनौती होगी। बिना अतिरिक्त वित्तीय संसाधनों के वे चुनौतियों से कैसे निपटते हैं यह देखना अभी बाकी होगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि अजय बंगा को अमेरिका सरकार के साथ काम करने का काफी अनुभव है। उनके पास सही नेतृत्व और प्रबंधन कौशल है। उभरते बाजारों में रहने और काम करने का अनुभव है और वर्ल्ड बैंक का नेतृत्व करने के लिए विशेषज्ञता है। बंगा ने सफल वैश्विक कम्पनियों को बनाकर सफलतापूर्वक चलाया है जिससे विकासशील देशों में निवेश और रोजगार का सृजन हुआ है। अजय बंगा का इस पद पर पहुंचना एक ऐसे भारतीय की यात्रा है जिसने अपनी योग्यता के बल पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। पिछले कुछ वर्षों से भारत-अमेरिका के संबंध भी काफी मजबूत हुए हैं। उनमें प्रवासी भारतीयों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है।

विदेशों में रहने के बावजूद प्रवासी भारतीय अपने देश की माटी की सौगंध को नहीं भूले हैं। वे आज भी अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं। अजय बंगा को पंजाब की संस्कृति से अत्यंत लगाव है। वर्ल्ड बैंक के प्रमुख पद पर पहुंचने से हर भारतीय को गर्व महसूस हो रहा है। अजय बंगा का परिवार डिफेंस कालोनी दिल्ली में रहता है इसलिए दिल्ली वालों को उनके दौरे का इंतजार रहेगा।

विचार

# शिक्षित, आत्मनिर्भर नारी भारत का शक्तिशाली एवं उज्जवल भविष्य

*संजीव ठाकुर*

आज स्त्री के संदर्भ में सारी पुरातन अवधारणाओं को बदलने का समय आ गया है ।नारी अब घर में पूज्या तो है ही साथ ही वह समाज में अपनी अहमियत की दस्तक देकर देश की सीमा सुरक्षा में भी अपना योगदान दे रही है। राष्ट्र निर्माण में नारी की शिक्षा एवं उनकी सहभागिता भारत का शक्तिशाली भविष्य है, अतः नारी की शिक्षा देश के लिए अति महत्वपूर्ण मुद्दा बन गई है। वह समय चला गया जब किसी घर में कन्या के पैदा होने से पूरे परिवार में मातम छा जाता था अब भारत में धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश में लिंग भेद बदलने लगा है स्थिति यह है कि शिक्षित परिवार केवल एक संतान ही पैदा करना चाहती है चाहे वह कन्या हो या बेटा।
अब परिवार में कन्या पैदा होने से खुशियां मनाई जाती है और पुरातन सोच अब धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश को मस्तिष्क के मूल्यांकन के साथ बदलते जा रही है। पुरुष प्रधान समाज में नारी को पूज्या कह कर बहला दिया जाता था और उसे घर की चहारदीवारी में सीमित कर दिया गया था। यही कारण था कि वे पुरुषों की बराबरी मैं ना आकर बहुत पिछड़ गई और देश की समग्र विकास की स्थिति एकांगी हो गई थी।
समाज यह भूल गया था कि जिन हाथों में कोमल चूड़ियां पहनी जाती हैं वही हाथ तलवार भी उठा कर युद्ध में एक वीरांगना की भूमिका निभाती है, इसकी सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रजिया बेगम और रानी लक्ष्मीबाई रही हैं। मनुस्मृति पर यदि आप नजर डालेंगे तो पाएंगे कि उसमें स्पष्ट कहा गया है कि जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है। प्राचीन भारत में नारी शिक्षा का काफी प्रचार प्रसार किया गया था इसके कई प्रमाण भी हैं कि वेद की रिचाओं का ज्ञान नारियों को था इसमें कुछ महत्वपूर्ण नारियां समाज के लिए एक उदाहरण बन गई थी उनमें मैत्री, गार्गी, अनुसूया, सावित्री, आदि उल्लेखनीय हैं। वैदिक काल के विद्वान मुंडन मिश्र की पत्नी उदय भारती ने प्रकांड पंडित विश्व विजयी आदि शंकराचार्य को भी शास्त्रार्थ में भरी सभा में पराजित किया था। इसीलिए वेदों और पुराणों में भी उल्लेखित है की बालिका शिक्षा समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला होता है।



नारी के उत्थान में कई कुप्रथा कुठाराघात करती रही हैं, जो नारी के विकास में बाधा बनकर सामने आई थी इनमें बाल विवाह सबसे बड़ा अवरोध बना था और इसी का प्रतिफल है कि नारी पुरुष के समाज में काफी पिछड़ गई थी। महादेवी वर्मा ने नारी शिक्षा को पुरुष शिक्षा से ज्यादा महत्वपूर्ण बताया था उन्होंने कहा था स्त्री को शिक्षित बनाना एक पुरुष को शिक्षित बनाने से ज्यादा आवश्यक और महत्वपूर्ण है यदि एक पुरुष शिक्षित -प्रशिक्षित होता है तो उससे एक ही व्यक्ति को लाभ होता है किंतु यदि स्त्री शिक्षित होती है तो उससे संपूर्ण परिवार शिक्षित हो जाता है। उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण बात कही नारी को अशिक्षित रखना समाज के लिए अपराध के समान है। समय के परिवर्तन के साथ साथ नारी का महत्व अब पूरे तौर पर समझा जा रहा है आज समाज तथा देश में नारियां सर्वोत्कृष्ट कार्य कर रही है।
समाज हो या विज्ञान या राजनीति अथवा समाज सेवा संपूर्ण क्षेत्र में आज नारियां पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर सर्वश्रेष्ठ कार्य कर रही है। मैडम क्यूरी, कल्पना चावला, इंदिरा गांधी, श्रीमति भंडार नायके, सरोजनी नायडू, कस्तूरबा गांधी जैसी महिलाएं राष्ट्र का मार्गदर्शन करने का काम करती रही है।
महात्मा गांधी ने स्वयं कहा है कि जब तक भारत की महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में काम नहीं करेगी तब तक भारत का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। आज का सबसे ताजा उदाहरण कॉमनवेल्थ गेम में महिला क्रिकेट टीम ने फाइनल में प्रवेश किया है और गोल्ड मेडल की तालिका में साक्षी मलिक बहनो, फोगाट बहनों ने विश्व में भारत का नाम ऊंचा किया है। पी वी संधू, वित्त मंत्री सीतारमण स्मृति ईरानी और मंत्रिमंडल में शामिल महिलाएं किसी से पीछे नहीं हैं। और सबसे ताजा उदाहरण भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने महिला होकर महिलाओं का नाम राष्ट्र की प्रथम पंक्ति में दर्ज कर देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पद को सुशोभित किया है। उन्होंने भारत के लिए एक स्वर्णिम इतिहास भी बनाया है।अब भारत में नारियों की स्थिति प्रथम पंक्ति में मानी जाती है। ऐसे में भारत में नारी शिक्षा, उनकी सहभागिता तथा उनकी आत्म निर्भरता भारत के भविष्य की शक्तिशाली ऊर्जा एवं संपत्ति ही होगी। भारत की नारियों को नमन, प्रणाम एवं अभिनंदन।

साहित्य

झरोखा

## कितनी बार तुम्हें देखा पर आँखें नहीं भरीं...

**शिवमंगल सिंह 'सुमन'**

कितनी बार तुम्हें देखा
पर आँखें नहीं भरीं।

सीमित उर में चिर-असीम
सौंदर्य समा न सका
बीन-मुग्ध बेसुध-कुरंग
मन रोके नहीं रुका
यों तो कई बार पी-पीकर
जी भर गया छका
एक बूँद थी, किंतु,
कि जिसकी तृष्णा नहीं मरी।
कितनी बार तुम्हें देखा
पर आँखें नहीं भरीं।

शब्द, रूप, रस, गंध तुम्हारी
कण-कण में बिखरी
मिलन साँझ की लाज सुनहरी
ऊषा बन निखरी,



हाय, गूँथने के ही क्रम में
कलिका खिली, झरी
भर-भर हारी, किंतु रह गई
रीती ही गगरी।
कितनी बार तुम्हें देखा
पर आँखें नहीं भरीं।



# राशिफल

**मेषः-** आलस्य निजी महत्वपूर्ण दावित्वों की पूर्ति में बाधक होगा। मानसिक अवसाद व कार्य-पेशे में अरुचि से आर्थिक संकट की आशंका बनेगी। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्क रहें।

**बृषभः-** अत्याधिक कर्जभार से मन परेशान होगा। कुछ नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। रोजगार में व्यस्तता संभव। अत्याधिक पारिवारिक जिम्मेदारियां मन को बोझिल करेंगी।

**मिथुनः-** महत्वपूर्ण दायित्वों की समयानुकूल पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। नई दायित्व अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगे। कानूनी मामलों में कठिनाइयां संभव। तामसिक विचारें पर नियंत्रण रखें।

**कर्कः-** आर्थिक सबलता हेतु मन नई युक्तियों पर केंद्रित होगा। कोई अचल सम्पत्ति संबंधी तनाव मन को चिंतित करेगा। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जरूरी कार्य में कतई देरी न करें।

**सिंहः-** सगे-संबंधियों के सहयोग से उत्साह का संचार होगा। किसी रचनात्मक कार्य के प्रति रुचि पैदा होगी। पुराने संबंधों के भावनात्मक स्मरण से मन भावुक होगा। राजकीय क्षेत्र कुछ परिवर्तन के आसार बनेंगे।

**कन्याः-** महत्वपूर्ण कार्य के प्रति समुचित साधन व्यवस्था के लिए मन केंद्रित होगा। नई महत्वाकांक्षी योजनाएं बनेंगी किंतु समुचित साधन न होने से पूर्ति में अवरोध होगा। पुराने संबंध के प्रति प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**तुलाः-** अच्छी कल्पनाएं मन पर प्रभावी होंगी परन्तु अपने मन को लक्ष्य से न भटकने दें। व्यावसायिक क्षेत्र में संबंधों का लाभ उठाएंगे। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में प्रयत्न तीव्र होगा।

**वृश्चिकः-** कार्य-पेशे में कुछ नई तब्दीली रुचिकर लगेगी। वर्तमान स्थिति को देखते हुए भविष्य की चिंता बढ़ेगी फिर भी कुछ नये आसार आत्मबल में वृद्धि करेंगे। घर में खुशहाली रहेगी।

**धनुः-** उच्चस्तरीय लोगों के सानिध्य से मनोबल मजबूत होगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को सफलता मिलेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

**मकरः-** नये संबंधों के साथ आपकी सहज घुलसशीलता प्रशंसनीय है। कार्य को समयानुकूल पूर्ण करने का प्रयत्न करें। बिना वजह दूसरों की अलोचना न करें। आलस्य कतई न करें।

**कुंभः-** पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे। अच्छी सोच का लाभ प्राप्त करेंगे। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन में चिंता होगी। किसी महत्वपूर्ण कार्य के प्रति चिंताएं समाप्त होंगी।

**मीनः-** समय व स्थिति के साथ अपने स्वभाव में थोड़ा लचीलापन लाने का प्रयास करें। क्षमता से अधिक कार्यों का बोझ से बोझिल होंगे। शिक्षा-प्रतियोगिता के क्षेत्र मे सफलताएं मिलेंगी।

# कांग्रेस को व्यावहारिक होने की जरूरत

रायपुर में हुए कांग्रेस के 85वें अधिवेशन में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी दोनों के भाषण जबरदस्त रहे। क्योंकि इन भाषणों में आम लोगों की बात थी। बीते 8-10 बरसों में जो राजनैतिक भाषण सुनने मिलते रहे हैं, उनमें मैं यानी अहं इतना हावी नजर आता है, मानो जो कुछ भी कार्य सत्ता में रहकर किए गए हैं, वो जिम्मेदारी नहीं अहसान की तरह किए गए। मैंने ये किया, मेरी सरकार ऐसी, मैं ऐसा हूं, मुझे ये कहा, ऐसे ही पदबंधों से भाषण भरे रहते हैं। चाहे संसद हो या चुनावी सभाएं, हर जगह यह मैं ही हावी दिखा है। हम की बात करना नेता भूलते जा रहे हैं। ऐसे में जब प्रियंका गांधी ने अधिवेशन के मंच से कांग्रेस के उन कार्यकर्ताओं का नाम लिया, जो भारत जोड़ो यात्रा में तिरंगा थामे चले या फिर टिकट न मिलने पर भी उत्साहपूर्वक कांग्रेस का प्रचार किया और काम करते-करते ही दुनिया को अलविदा कह दिया, तो यह उन दिवंगत कार्यकर्ताओं के लिए बड़ी श्रद्धांजलि है। साथ ही उन लाखों अनाम कार्यकर्ताओं के लिए संदेश भी है कि कांग्रेस के लिए उनका योगदान अनदेखा नहीं रहेगा।

आखिर कोई भी संगठन केवल बड़े नेताओं से नहीं बनता, संगठन की नींव उसके समर्पित कार्यकर्ता ही होते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शुरु से ऐसे कार्यकर्ताओं को तैयार किया और अब भाजपा सफलता की फसल ऐसे कार्यकर्ताओं के भरोसे ही काट रही है। कांग्रेस में यह एक बड़ी कमी थी, जिसे दूर करने का काम अब शायद शुरु हो गया है। प्रियंका गांधी ने देश की मौजूदा परिस्थिति में बदलाव लाने की जरूरत बतलाई और इसके साथ ही इस बात पर जोर दिया कि अब कांग्रेस को गांव-गांव तक जाकर मजबूत बनाना है।

राहुल गांधी के भाषण में स्वाभाविक तौर पर भारत जोड़ो यात्रा का जिक्र था। उनकी और उनके साथ चलने वाले भारत यात्रियों की अथक मेहनत के कारण ही 4 हजार किमी तक पैदल यात्रा करने का असंभव लगने वाला काम संभव हो पाया। भारत जोड़ो यात्रा के समापन पर श्रीनगर में राहुल गांधी ने जो भाषण दिया था, उसने बहुत से लोगों को भावुक कर दिया था। इसमें राहुल गांधी ने अपने पिता और दादी के बलिदानों का बड़ा मार्मिक वर्णन किया था। अपने दर्द के साथ उन्होंने उन तमाम कश्मीरियों और सुरक्षा बलों के परिवारों का दर्द साझा किया था, जिन्हें आकस्मिक मौत की खबर सुननी पड़ती है। रायपुर अधिवेशन में उन्होंने इस बात को साझा किया कि कैसे भारत जोड़ो यात्रा के कारण उन्हें हिंदुस्तान के लोगों का अनकहा दर्द समझ में आने लगा। एक राजनेता और आम जनता के बीच जब दर्द का यह रिश्ता कायम होता है, तो वहां लोकतंत्र की जीत होती है। लेकिन सत्ता की राजनीति में जीत के लिए भावुकता के साथ व्यावहारिक पक्ष भी अहम होता है।

गांधी परिवार का योगदान और बलिदान स्वतंत्रता आंदोलन के साथ ही चस्पां है। घर के अनेक सदस्यों का जेल जाना, सुख-सुविधाओं का त्याग करना, और आतंकवाद से लड़ते हुए शहादत देना,



दुनिया में बहुत कम ऐसे परिवार होंगे, जिन्होंने देश के लिए इतनी कुर्बानियां दीं। लेकिन इसी हिंदुस्तान में गांधी-नेहरू परिवार के लिए कितनी नफरत फैलाई गई, ये सब जानते हैं। भाजपा के कई नेता अब भी इसी नफरत के दर्शन अपने भाषण में कराते हैं। जब प्रधानमंत्री संसद में नेहरू सरनेम न लगाने का सवाल उठाते हैं, तो उसके पीछे भी यही भावना काम करती है। इस नफरत का नुकसान कांग्रेस को सत्ता से हटकर चुकाना पड़ा है। और अब जबकि देश में 2024 के चुनाव की तैयारी हो रही है, जब विधानसभा चुनावों में जीत या हार को 2024 के सेमीफाइनल की तरह प्रस्तुत कर जनमानस को प्रभावित किया जाएगा, तब कांग्रेस के लिए यही बेहतर है कि वह भावनाओं के साथ व्यावहारिक फैसले ले। अधिवेशन के दूसरे दिन कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बड़े नपे-तुले ढंग से अपनी बात रखी। वे हमेशा ही ऐसा प्रशंसनीय संतुलन दिखाती रही हैं। उन्होंने अपने भाषण में संकेत दिए कि बतौर अध्यक्ष उन्होंने अपनी पारी पूरी की और अब नये नेतृत्व के हाथ में पार्टी की कमान है। लेकिन उनकी बात को उनके राजनीति से संन्यास की तरह प्रचारित कर दिया गया। हालांकि जल्द ही इसका खुलासा भी आ गया कि सोनिया गांधी अभी सक्रिय राजनीति नहीं छोड़ रही हैं। लेकिन यह समझना कठिन नहीं है कि राजनीति में उनकी उपस्थिति मात्र ही उनके विरोधियों को कितना परेशान कर देती है।

सोनिया गांधी अगला चुनाव भी लड़ेंगी, इस बात की संभावनाएं अभी बनी हुई हैं। लेकिन अगले साल होने वाला आम चुनाव कांग्रेस नए अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में लड़ेगी, जबकि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी कांग्रेस के महत्वपूर्ण स्तंभों की तरह उनके साथ रहेंगे, फिलहाल यही तस्वीर बन रही है। अब ये त्रिभुज कांग्रेस में जीत के कोण की संभावनाएं कैसे बनाता, गठबंधन के कितने समीकरणों को सही-सही बिठा पाता है, ये कांग्रेस की व्यावहारिक सोच से तय होगा। रायपुर अधिवेशन में कांग्रेस ने यह तो स्पष्ट कर दिया कि वह विपक्षी एकता के लिए तैयार है, और तीसरे मोर्चे से होने वाले नुकसान का आकलन भी हो गया है। मगर क्या अभी कांग्रेस ने कोई ऐसी रणनीति बनाई है कि तीसरा मोर्चा न बने और तीसरे मोर्चे में शामिल होने वाले दलों के साथ कांग्रेस का तालमेल बन जाए। क्योंकि केसीआर, ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल, अखिलेश यादव ऐसे तमाम नेताओं की महत्वाकांक्षाएं भाजपा की जीत के लिए जमीन तैयार करेंगी। महाराष्ट्र के साथी उद्धव ठाकरे अगर अरविंद केजरीवाल के बगल में बैठे दिखाई दिए, तो यह भी कांग्रेस के लिए अच्छा संकेत नहीं है।

दक्षिण में डीएमके और जेडीएस जैसे दलों का साथ कांग्रेस को मिला है, लेकिन वाम दलों और कांग्रेस के बीच रिश्तों में स्पष्टता जरूरी है। नीतीश कुमार ने विपक्ष के नेतृत्व के लिए कांग्रेस का आह्वान किया है। लालू प्रसाद यादव, शरद पवार भी यही चाहते हैं। कांग्रेस भी हामी भर रही है। लेकिन अब केवल बातों से काम नहीं चलेगा, यूपीए 3 का गठन कर चुनाव की तैयारियों में भिड़ना होगा। रायपुर अधिवेशन का आयोजन सफल रहा, लेकिन इसके उद्देश्यों की सफलता 2024 में ही साबित होगी। कांग्रेस अब भावनाओं से ऊपर उठकर व्यावहारिक बने, यही वक्त की मांग है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# प्राकृतिक आपदाओं से फसल को सुरक्षा देती है पीएमएफबीवाई : डीएम

- मेरी पॉलिसी मेरे हाथ अभियान : पीएमएफबीवाई के बीमित किसानों को डीएम ने बांटी बीमा पॉलिसी
- ग्राम पंचायत स्तर पर करें बीमा पॉलिसी वितरण, लगाएं फसल बीमा पाठशाला : डीएम



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

पीएम फसल बीमा योजना के तहत पालिसी को बीमित किसान के द्वार तक पहुंचाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में मेरी पॉलिसी मेरे हाथ पॉलिसी वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ।

डीएम ने पीएमएफबीवाई के 46 लाभार्थियों को बीमा पॉलिसी के प्रपत्र वितरित किए। कार्यक्रम का सफल संयोजन, संचालन जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी ने किया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव पर सरकार का संकल्प है कि किसानों को मौसम के खतरों से आजादी मिले, इसलिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्राकृतिक आपदाओं से फसल को सुरक्षा देती है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। डीएम ने निर्देश दिए कि मेरी पॉलिसी मेरे हाथ अभियान के तहत प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के तहत बीमित कृषकों के घर-घर जाकर फसल बीमा पॉलिसी का वितरण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराया जाए। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बीमा कंपनी को निर्देश दिए कि वह ग्राम पंचायत स्तर पर बीमा पॉलिसी का वितरण सुनिश्चित कराएं। कार्यक्रम से एक घंटे पूर्व फसल बीमा पाठशाला का आयोजन करते हुए उपस्थित कृषकों को योजना, योजना के लाभ के संदर्भ में जागरूक करें। जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि रबी 2022-23 के तहत व्यवसायिक बैंकों ने जनपद के इस योजना से 11537 किसानों को बीमित किया गया है, जिसमें 8371 गैर ऋणी एवं 3166 ऋणी किसान शामिल है। उन्होंने बताया कि गत फसल वर्ष से बीमित किसानों की संख्या अधिक है। शासन के निर्देश पर ÷मेरी पॉलिसी मेरे हाथ कार्यक्रम 28 फरवरी तक चलाया जा रहा है। उप निदेशक कृषि अरविंद मोहन मिश्रा ने पीएम फसल बीमा योजना से जुड़ी हर जरूरी जानकारी दी।

उन्होंने बीमा कंपनी से निर्देश दिए कि सरकार की मंशा के अनुरूप रबी फसल के लिए सभी बीमित किसानों को अनिवार्य रूप से बीमा पॉलिसी का वितरण सुनिश्चित कराएं।

### पीएमएफबीवाई पर हुआ प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की मौजूदगी में पीएम फसल बीमा योजना के लिए किसानों की सहायता के लिए प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी हुआ, जिसमें योजना से जुड़े अफसरों ने योजना की विस्तृत जानकारी, बीमित राशि, उसका प्रीमियम, योजना में शामिल किए गए जोखिमों, बीमा फसल में परिवर्तन की प्रकिया, योजना से जुड़े दस्तावेज, बीमा इकाई, स्थानीय आपदाओं से फसल में नुकसान होने पर सूचना दर्ज कराने की प्रक्रिया सहित अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

# एसपी को फरियाद देने पहुंची महिला हुई बेहोश, पहुंचाया अस्पताल

- पीड़िता के अचेत होते ही पुलिस कर्मियों में मचा रहा हड़कंप

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक कार्यालय अपने पति के खिलाफ शिकायत लेकर पहुंची एक महिला अपनी व्यथा सुनाते समय बेहोश हो गई।जिसे देख कार्यालय में हड़कंप मच गया। महिला को बेहोश देख वहां मौजूद महिला पुलिस कर्मी पानी लेकर मौके पर पहुंची। जहां महिला के ऊपर पानी डालकर होश में लाने का प्रयास किया। मगर महिला की हालत देखते हुये उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। मगर कार्यालय में अंदर सुनवाई कर रहे एसपी ने बाहर आकर महिला के बारे में जानने का प्रयास नहीं किया।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी डॉ. ईरज राजा सोमवार को जनसुनवाई कर रहे थे। उसी दौरान शहर कोतवाली क्षेत्र के कालपी रोड स्थित अनमोल होटल के पास रहने वाली महिला सुनीता पत्नी अजय कुमार उर्फ अज्जू अपने पति के खिलाफ शिकायती पत्र लेकर अपनी बेटी और पुत्र के साथ एसपी कार्यालय पहुंची थी। जहां वह मौजूद पुलिस कर्मियों को पति की करतूत के बारे में आपबीती सुना रही थी और वह एसपी से मिलकर अपनी बात कहने के लिए कार्यालय में मौजूद पुलिस कर्मियों से बात कर रही थी। तभी आपबीती सुनाते सुनाते वह महिला बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी, जिसे देख एसपी कार्यालय में हड़कंप मच गया। महिला को बेहोश देखते हुए मौजूद महिला पुलिसकर्मी पानी की बोतल लेकर महिला के पास पहुंची। जहां उसके ऊपर पानी डालकर उसे होश में लाने का प्रयास किया। यह सब हो जाने के बावजूद भी कार्यालय में अंदर मौजूद पुलिस अधीक्षक ने उस महिला का हाल जानने का बाहर आकर प्रयास भी नहीं किया। महिला को बेहोश देख तत्काल पुलिस जीप से वहीं मौजूद पुलिसकर्मियों ने अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका चिकित्सक द्वारा इलाज किया गया। पीड़ित महिला का कहना है कि उसका पति उसको परेशान करता है। साथ ही उसको और बच्चों को झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी देता है। बच्ची के साथ गलत काम करने की धमकी देता है। इसके बारे में कई बार उरई कोतवाली और महिला थाने में शिकायत की, मगर पुलिस उसकी सुनवाई न करते हुए वहां से भगा देती है। कई बार डीएम और एसपी कार्यालय में जाकर भी शिकायत कर चुकी है वहां भी उसे न्याय नहीं मिला है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि मामला उरई कोतवाली पुलिस को दिया है, जो मामले की जांच करने के बाद आगे की कार्रवाई करेंगे।

## खबरें एक नजर में

### किसानों का भुगतान कराने के लिए सरकार नहीं उठा रही कोई कठोर कदम : अंजनी दीक्षित

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का आंदोलन को 2 माह बीतने वाले हैं अब तक पिछले सत्र का भुगतान नहीं हो पाया जिला अध्यक्ष अंजनी दीक्षित ने कहा आंदोलन करने से भुगतान में गति तो बड़ी है लेकिन संपूर्ण भुगतान कराने में अभी पूर्ण सफलता नहीं मिल पाई है जिसका सीधा उदाहरण है कि 2 दिसंबर से 2 जनवरी के बीच कोई आंदोलन नहीं हो रहा था एक माह में मात्र 2295.00 लाख का भुगतान हुआ राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के आंदोलन की वजह से 2 जनवरी से आज तक 11330.00 लाख का भुगतान हो पाया है आज की तारीख में पिछले सत्र का 6700.45 लाख रुपए बजाज ग्रुप गोला पर बकाया है किसानों का बकाया भुगतान दिलाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है अगर सरकार चाहती तो किसानों का भुगतान बहुत पहले हो चुका होता हम सरकार से मात्र यही चाहते हैं सरकार गन्ना अधिनियम एवं माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश का अनुपालन करा दे किसानों की समस्याओं का समाधान हो जाएगा पता नहीं क्यों उत्तर प्रदेश सरकार किसानों के प्रति गंभीर नहीं है वोट किसान से काम उद्योगपतियों का यह कब तक चलेगा आज क्रमिक अनशन पर रामसनेही वर्मा, सरदार अक्षर सिंह, श्रवण कुमार यादव, बाल गोविंद वर्मा, अवधेश कुमार वर्मा और सहयोग में मोहनलाल दुलीचंद वर्मा रघुवीर प्रसाद महेंद्र वर्मा शालिग्राम वर्मा अमरजीत सिंह बृजलाल अभिषेक मिश्रा ओमप्रकाश तेज कुमार वर्मा राम नरेश वर्मा लाल बिहारी गौतम संजय वर्मा सूरत मनोज कुमार राहुल वर्मा विकास कुमार मोहनलाल शर्मा राम सिंह वर्मा कुलदीप यादव चेयरमैन सुरेश वर्मा डायरेक्टर बादाम सिंह सुरेश कुमार प्रसादी लाल गौतम विनोद कुमार वर्मा सगीर अहमद डॉ राजेश कुमार राधेश्याम आदि किसान शामिल रहे।

### नि:शुल्क नेत्र परीक्षण, चश्मा वितरण शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**बिसवां सीतापुर।** भारतीय उधोग व्यापार मंडल और लखनऊ जर्नलिस्ट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में रामलीला मैदान में नि:शुल्क, नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम सयोंजक मोहित जायसवाल ने जरूरतमंदों की सेवा और समाज सेवा को ही सही मायने में भगवान की सेवा बताते हुए कहा कि कैम्प का उद्देश्य जरूरत मन्दो को निशुल्क चिकित्सा देना है।शिविर के दौरान कुल 505 मरीजो ने रजिस्ट्रेशन कराया जिसमे 190 लोगो को निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित की गई तथा 315 मरीजो को नेत्र परीक्षण कर निशुल्क चश्मा वितरित किये गए। शिविर में नेत्र परीक्षक डॉ राजन अग्रवाल, फिजिशियन के रूप में डॉ विमल गुप्ता ने परीक्षण किया। इस मौके पर बादल मौर्य रिंकू मौर्य ,पप्पू सिंह,अंशु रस्तोगी लकी श्रीवास्तव चांद मियां,मो सादिक़ अतुल त्रिवेदी शिवकुमार गुप्ता ,दीपू रस्तोगी, शुभम रस्तोगी के अलावा सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

### बिखरने की कगार पर पहुंचे परिवार में कराया समझौता

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** एसपी के निर्देशानुसार महिला सेल प्रभारी की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार में सोमवार को परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन किया गया। जिसमें आई शिकायत में बिखरने की कगार पर पहुंचे परिवार को समझा-बुझाकर मौके पर ही उनका समझौता कराया गया।

पुलिस अधीक्षक ईरज राजा के निर्देशानुसार महिला प्रभारी नीलम की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार में परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन किया गया। जिसमें आई शिकायत में उमेश कुमार पुत्र जयनारायन निवासी ग्राम पीए निरंजनपुर थाना कोतवाली उरई का प्रतिवादी कुसमा पुत्री तीरतराम निवासी ग्राम इटौरा वावनी थाना कदौरा का पति पत्नी के विवाद में समझा-बुझाकर कर मौके पर ही उनका समझौता कराया गया। इस दौरान अरविंद दीक्षित, विनोद पाठक, नसीम खान, बंदना सिंह, उर्मिला यादव, प्रियंका सहित टीम मौजूद रही।

# रिवैम्पड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम से विद्युत वितरण के क्षेत्र में आएगा व्यापक सुधार : केंद्रीय मंत्री

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**




सोमवार को केंद्रीय गृह राज्यमंत्री, खीरी सांसद अजय कुमार मिश्र ÷टेनी÷ ने केंद्र सरकार द्वारा वित्तपोषित ÷रिवैम्पड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम÷ के क्रियान्वयन की समीक्षा की, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। बैठक का संचालन अधीक्षण अभियंता अशोक सुंदरम ने किया। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि ÷रिवैम्पड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम÷ केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसके तहत आने वाले समय में विद्युत वितरण के क्षेत्र में व्यापक सुधार किए जाएंगे। लाइन हानियों में कमी लाए जाने के उद्देश्य से सरकार ने इस योजना शुरू किया है। योजना के क्रियान्वयन के लिए जनपद खीरी में स्वीकृत कार्यों के लिए 171.95 करोड़ की धनराशि व्यय की जाएगी, जिसमें विद्युत वितरण मंडल लखीमपुर में स्वीकृत कार्यों के लिए 104.77 करोड़ व विद्युत वितरण मंडल गोला स्वीकृत कार्यों के लिए 67.18 करोड़ की धनराशि का खर्च प्रस्तावित है।

डीएम ने आरडीएसएस योजना की आवश्यकता, प्रासंगिकता बताई। कहा कि यह योजना किए गए कार्यों के सापेक्ष प्राप्त परिणामों पर पूरी तरह निर्भर है। उन्होंने योजना के तहत चरणबद्ध प्रस्तावित, निर्धारित कामों की जानकारी दी। निर्देश दिए कि योजना का क्रियान्वयन जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में सुनिश्चित किया जाए। अधीक्षण अभियंता अशोक सुंदरम ने बताया कि इस योजना के तहत प्रथम चरण में लाइन हानियों को कम करने से संबंधित कार्यों को 02 वर्ष के अंतर्गत पूर्ण किया जाएगा। द्वितीय चरण में प्रीपेड स्मार्ट मीटरिंग से संबंधित कार्य प्रस्तावित हैं। तृतीय चरण में 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्रों के निर्माण से संबंधित कार्य किए जाएंगे। योजना के कार्यों की निगरानी, अनुश्रवण के लिए मेसर्स वैपकोस लिमिटेड से मुख्यालय द्वारा अनुबंध किया है। बैठक की शुरुआत में ईई, विद्युत वितरण खंड लखीमपुर शैलेंद्र कुमार ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन से ÷रिवैम्पड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम÷ से संबंधित सभी जरूरी पहलुओं को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि लखीमपुर व गोला सर्किल में चार-चार 33/11 केवीए सब स्टेशन (बिजली घर) का निर्माण भी प्रस्तावित किया है।

# गर्मी की दस्तक देख विद्युत महकमा हुआ चौकन्ना

- छोटे बिजली घर की केबिल ठीक करायी गयी

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

गर्मी की दस्तक के साथ ही बिजली विभाग चौकन्ना होने लगा है। सोमवार को छोटे बिजलीघर की केबिल ठीक करने का काम कराया गया। काम होने के कारण तहसील मार्ग समेत बाजार व आसपास मोहल्लों की बिजली आपूर्ति 4 घंटे ठप रही। गर्मी के मौसम में फाल्ट आदि की समस्याएं बढ़ने लगी है। जिससे बिजली आपूर्ति बाधित होती है। ऐसे में सोमवार को साप्ताहिक बंदी का दिन होता है। बाजार बंदी के दिन बिजली विभाग ने छोटे बिजलीघर पर जमीन पर पड़ी केबिल आदि को ठीक करने का काम कराया। गर्मी के मौसम में केबिल में किसी तरह की स्पार्किंग न हो और किसी तरह की कोई अप्रिय घटना न घटे। इसके लिए बिजली विभाग ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी है। अवर अभियंता पैश्वनीराम के नेतृत्व में लाइनमैन सामीर अली, सोनू, राजेंद्र, दीपू आदि ने साढ़े 11 बजे से काम शुरू किया था। 4 घंटे की मेहनत के बाद लगभग साढ़े 3 बजे पूरा हो पाया। बिजली घर में काम होने के चलते बाजार, तहसील मार्ग के आलावा मोहल्ला बापूसासहब, गोविंदेश्वर, काशीनाथ, चौधरयाना बैठगंज आदि की 4 घंटे बिजली आपूर्ति ठप्प रही ।

# एक वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रामपुरा (जालौन), समृद्धि न्यूज।** एसपी के निर्देशानुसार रामपुरा थाना प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त करने में लगी हुई थी। तभी मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक ईरज राजा के निर्देशानुसार रामपुरा थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार बैस के नेतृत्व में रामपुरा पुलिस क्षेत्र से अपराध व अपराधियों को जड़ से खत्म करने को लेकर चोर, लुटेरे, शराब तस्कर, टप्पेबाजों के अलावा वांछित वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर धरपकड़ अभियान चलाने में लगी हुई थी। तभी मुखबिर द्वारा क्षेत्र में घूम रहे एक वारंटी की भनक लगी। भनक लगते ही पुलिस टीम ने मुखबिर के बताए ठिकाने पर दबिश डालते हुए घेराबंदी कर वारंटी उदयवीर सिंह पुत्र जहान सिंह निवासी डेलपुरा थाना रामपुरा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के हाथ लगे वारंटी के विरुद्ध मामला पंजीकृत कर, कार्रवाई की गई।

# ग्रामीणांचल के 4 छात्रों ने सैनिक स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण की

- बच्चों की सफलता से परिजनों के चेहरे खुशी से चहक उठे

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**



नगर व ग्रामीण क्षेत्र के 4 बच्चों ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा पासकर अपने परिजनों व शिक्षकों का नाम रोशन किया। इस दौरान जहां छात्र खुश नजर आए वहीं अध्यापकों ने बच्चों को मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया।

अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा कक्षा 6 का परिणाम घोषित हो गया है। एसएस एकेडमी के 4 छात्रों ने कक्षा 6 की प्रवेश परीक्षा पास कर एकेडमी का नाम रोशन किया है। जिनमें रापटगंज निवासी हरेंद्र कुमार के पुत्र प्रिंस राज, नया रावतान निवासी प्रमोद साहू के पुत्र कृष्णा, तोपखाना निवासी रवि राठौर के पुत्र कार्तिक राठौर व उरगांव निवासी दिनेशचंद्र त्रिपाठी के पुत्र संकल्प त्रिपाठी ने सैनिक स्कूल कक्षा 6 प्रवेश परीक्षा 2023 उत्तीर्ण की है। बच्चों द्वारा प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने की सूचना ने घरों में खुशी ला दी है। बच्चों ने इस उपलब्धि का श्रेय एकेडमी के संचालक मधुसूदन सिंह व तैयारी कराने वाले शिक्षक जितेंद्र साहू व रीता सिंह को दिया है। बच्चों की इस उपलब्धि पर अध्यापकों ने बच्चों को माला पहनाकर व शील्ड देकर सम्मानित किया। साथ ही मिठाई खिलाकर उनकी प्रशंसा भी की। बच्चों ने अध्यापकों के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया।

# प्रिंस ओलंपियाड के विजेताओं को आगरा में किया सम्मानित

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**



एनएसटी स्कूल के छात्र छात्राओं ने नवंबर 2022 में प्रिंस ओलंपियाड द्वारा आयोजित कक्षा 5 से 12 तक की प्रदेश स्तरीय परीक्षा में भाग लिया था। आगरा में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में कक्षा 8 से अंशिका तिवारी ने प्रदेश में 6वीं, हर्ष कुमार ने 7वीं, कक्षा 6 से सामर्थ ने 8वीं और अंकुश प्रजापति ने 9वीं रैंक हासिल कर नगद पुरस्कार, अवार्ड किट व प्रमाण प्राप्त किए।

बच्चों के स्किल टेस्ट के लिए प्रदेश स्तर पर प्रिंस ओलंपियाड द्वारा प्रदेश स्तरीय परीक्षा का आयोजन नवंबर 2022 में कराया गया था। जिसमें नगर क्षेत्र से एनएसटी स्कूल के छात्रों ने प्रतिभाग किया था। उक्त प्रतियोगिता में विद्यालय के 4 छात्रों ने टॉप टेन में स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय में कक्षा 8 में अध्ययनरत अंशिका तिवारी ने प्रदेश में 6वीं, हर्ष कुमार ने 7वीं, कक्षा 6 से सामर्थ ने 8वीं और अंकुश प्रजापति ने 9वीं रैंक हासिल की। सभी प्रतिभागियों को आगरा में आयोजित हुए पुरस्कार वितरण समारोह में बुलाया गया। जिसमें टॉप टेन में आने वाले अंशिका, हर्ष कुमार, सामर्थ व अंकुश प्रजापति को नगद पुरस्कार के अलावा प्रमाण पत्र एवं अवार्ड किट के रूप में दीवार घड़ी, छाता, कैलेंडर, पेन एवं 80 फीसदी की स्कॉलरशिप प्रदान की गई। इसके अलावा अन्य रैंक प्राप्त करने वाले छात्रों में कक्षा 8 से लक्ष्मी तिवारी, तन्मय नगायच, संस्कार लाक्षाकार, हर्ष कुमार, अर्पण द्विवेदी अनमोल साहू, प्रथम तिवारी चंद्रप्रकाश, वेदांत गिरी, वाही कक्षा 7 से कृष्णा पटेल, अनामिका नगाइच, सुम्बुल अंसारी, कक्षा 6 से प्रदुमन सिंह, अयराज, आशीष सिंह, विष्णु सोनी कक्षा 5 से नव्या पांडे एवं पलक प्रजापति को प्रमाण पत्र, अवार्ड किट एवं 60 फीसदी स्कॉलरशिप प्रदान की गई। प्रिंस ओलंपियाड की परीक्षा में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने प्रदेश स्तर पर रैंक प्राप्त कर अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका जरिका सिद्दीकी ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों में ज्ञान बढ़ता है और उनका सर्वांगीण विकास भी होता है। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक जसवंत सिंह, भानुप्रताप सिंह, कपिल पांचाल, ऋषभ, दीपिका भदौरिया उपस्थित रही।

# स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण का आयोजन दो मार्च को

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** इंडियन बैंक स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में फ्रिज, एसी, वाशिंग मशीन, गीजर, आरओ आदि इलेक्ट्रिक आइटम की रिपेयरिंग करने का नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षुओं द्वारा 2 मार्च दिन गुरुवार को ब्लॉक परिसर के अंदर स्थित आरसेटी में शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी संस्थान के संकाय स्वयं प्रकाश शुक्ला ने दी। संस्थान के निदेशक राकेशचंद त्रिवेदी ने कहा कि संस्थान 18 से 45 वर्ष के ग्रामीण युवाओं को नि:शुल्क प्रशिक्षण देता है। जिसमें भोजन, चाय यूनिफार्म, स्टेशनरी आदि शामिल होती है। कहा कि संस्थान सीसीटीवी कैमरा, मोटरसाइकिल रिपेयरिंग, बिजली मरम्मत यंत्र आदि का प्रशिक्षण आगामी माह में प्रदान करेगा, जिसके नि:शुल्क आवेदन शुरू है।

# चकरोड पर विद्युत लगाने से किसानों के वाहन आने जाने में परेशानी

- किसानों की खेती हो रही है प्रभावित

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

बिजली विभाग ने चकरोड पर बिजली के खंभे लगा दिए हैं। रास्ते में खंभे लगने के कारण किसान अपने कृषि उपकरण खेतों तक नहीं ले जा पा रहे हैं जिससे उन्हें परेशानी हो रही है।

विकास खंड के ग्राम सिहारी दाऊदपुर निवासी किसान अनिल कुमार, शिवकुमार आदि ने बताया कि उनका खेत मौजा करनपुरा में गाटा संख्या 190 में स्थित है। उनके खेत तक पहुंचने के लिए चकरोड पड़ा हुआ है। वह अपनी पत्नी के इलाज के लिए बाहर गया हुआ था। इसी दौरान पड़ोसी किसान ने अपने खेत में बोरिंग कराई। जिसमें उन्होंने बिजली के खंभे चकरोड पर ही गाड़ दिए हैं। चकरोड जाम होने की वजह से अब वह और उसके आगे के खेत के किसान अपने कृषि उपकरण उक्त चकरोड से होकर खेतों तक नहीं ले जा पा रहे हैं। जिससे उनकी खेती प्रभावित हो रही है। पीड़ित किसान ने चकरोड पर लगे हुए खंभों को हटवाने की मांग एसडीएम से की थी लेकिन इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। अबकी किसान ने चकरोड से खंभे हटवाने की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई है।

# मार्ग दुर्घटना में घायलों को बजरंग दल जिला सह संयोजक ने कराया भर्ती

**कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज।** उरई रोड पर मार्ग दुर्घटना में एक युवक घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार महंत नगर कोंच निवासी शीलू कुशवाहा रविवार की रात अपने एक साथी के साथ बाइक पर सवार होकर कोंच लौट रहा था तभी कुसमी गांव के समीप मार्ग दुर्घटना में शीलू व उसका साथी सड़क पर गिरकर घायल हो गये। घटना के समय मौके से गुजर रहे कोंच निवासी बजरंग दल के जिला सह संयोजक आकाश उदैनिया ने वहां रुककर घायलों की जानकारी ली और तत्काल 108 एम्बुलेंस बुलाकर दोनों को जिला अस्पताल उरई में भर्ती करवाया। फिलहाल घायल शीलू व उसके साथी को समय से उपचार मिल जाने से दोनों की हालत ठीक बताई जा रही है।

# सांसद राजेश वर्मा ने खेल स्पर्धा का उद्घाटन किया

- बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक होती हैं खेल प्रतियोगिताएं

**बिसवां (सीतापुर), समृद्धि न्यूज।**

खेलो इंडिया अभियान के तहत बिसवां के कंदुनी गाँव में सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया। सांसद राजेश वर्मा ने खेल स्पर्धा का उद्घाटन किया। सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि खेल हमारे जीवन के लिए बहुत ही लाभदायक हैं। खेल हमें समय बद्धता,धैर्य, अनुशासन,समूह में कार्य करना और लगन सिखाते हैं। खेलना हमें आत्मविश्वास के स्तर का निर्माण करना और सुधार करना सिखाता है। खेलों के नियमित अभ्यास से हम अधिक सक्रिय व स्वस्थ रहते हैं। कार्यक्रम के आयोजक शरद चौधरी ने कहा कि खेलों से बच्चों का संपूर्ण विकास होता है। यह उनके शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक बनते हैं। सांसद खेल स्पर्धा में हनुमत रामेश्वर दयाल बिसवां,श्रीराम चंपा देवी विद्यालय,सरस्वती बालिका विद्यालय बिसवां व टिकरा के साथ अहमदाबाद,कामापुर, नसीरपुर,शिव थाना,कंदुनी,कमुआपुर, भदेशिया,बंभौर आदि परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। खेल प्रतियोगिता में विजयी बच्चों को सांसद राजेश वर्मा, उपजिलाधिकारी बिसवां पीएल मौर्य,बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार ने मेडल पहनाकर और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा नेता मन्नू जैन, कृपाशंकर वर्मा,गिरजेश गुप्ता,पीयूष मौर्या,सनी गुप्ता,अमर बाजपेई,त्रिशार शर्मा, आमिर खान,मनोज वर्मा, विवेक बाजपेई,विजय जैन,आशीष वर्मा,मोनू मौर्य खंड शिक्षा अधिकारी बिसवां शिवमंगल वर्मा, जिला व्यायाम शिक्षक राज शर्मा,मोहम्मद जुनेद खां,प्रमोद दीक्षित,अजीत अवस्थी,आफताब आलम,मोहम्मद इमरान, मोहम्मद जलीस अंसारी, सुनील भार्गव,लौंगश्री यादव,अनीत अवस्थी, मुजीब खां,सबाब आलम, आशुतोष जायसवाल, सुनील भार्गव,मनीष शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# महंत ने आधा सैकड़ा लोगों के साथ एसपी को दिया ज्ञापन

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के सरैनी स्थित पथरी धाम महंत पर दबंग युवकों ने कुल्हाड़ी से हमला कर घायल किया था। सभी दबंगों की गिरफ्तारी न होने से महंत ने आधा सैकड़ा साथियों के साथ एसपी इरज राजा को ज्ञापन दिया। सिरसाकलार थाना क्षेत्र के ग्राम सरैनी स्थित पथरी धाम के पास बीती 12 फरवरी को शराब पी रहे युवकों का वहां के महंत शांतिदास ने विरोध किया था। जिसके बाद उक्त युवकों ने महंत को घेरकर कुल्हाड़ी से हमला कर बुरी तरह जख्मी कर दिया गया था। इस घटना को लेकर महंत शांति दास ने गांव के ही राजदीप, अजय, धीरेंद्र व अन्य लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटना को कई दिन बीतने के बाद भी पुलिस ने अभी तक सभी हमलावरों को गिरफ्तार नहीं किया। जबकि पुलिस इस घटना के साजिशकर्ता को बचाने का प्रयास कर रही है। इस बात से नाराज साधु संतों ने सोमवार दोपहर को पुलिस ऑफिस में आकर आक्रोश जताया और एसपी को ज्ञापन देते हुए मांग की कि जल्द ही हमलावरों को गिरफ्तार किया जाए और उस व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया जाए। जिस ने महंत पर साजिश के तहत हमला कराया था।

# केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं : त्रियंबक त्रिपाठी

- भाजपा शासन में लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिला

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर बूथ सशक्तिकरण को लेकर कार्यशाला की गई। कार्यशाला में बूथ सशक्तिकरण पर जोर दिया गया। बैठक के मुख्य अतिथि त्रियंबक त्रिपाठी रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से केन्द्र की मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश दुनिया में अपनी सफलताओं का परचम लहरा रहा है। पीएम के विजन में देश तरक्की कर रहा है। भाजपा कार्यकर्ताओं से जनकल्याणकारी योजनाओं के सहारे जनता में पैठ बनाने को कहा। मुख्य अतिथि ने बूथ को मजबूत करने के लिए मार्गदर्शन किया। इसके साथ ही बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने कहा, भाजपा शासन में लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिला, गांव और किसानों की तरक्की का काम बीजेपी के शासन में हुआ। भाजपा सरकार ने सबका साथ-सबका विकास करके लोगों का विश्वास जीता है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेंहरोत्रा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को बूथ मजबूत करने के टिप्स दिए। इस अवसर पर जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर आदि मौजूद रहे पूर्व जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता रामनरेश मिश्रा राकेश त्रिपाठी क्षेत्रीय महामंत्री श्रीमती नीरज वर्मा पूर्व सदस्य विधान परिषद राकेश सिंह सभी जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष ब मंडल प्रभारी उपस्थित रहे।

# 2025 तक टीबी मुक्त भारत का सपना होगा साकार : उपेंद्र रावत

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**




- ● टीबी उन्मूलन के लिए भारत की लड़ाई अंतिम दौर में:उपेंद्र सिंह रावत
- ● गोद लिए गए 25 क्षय रोगियों को सांसद ने वितरित किया पुष्टाहार किट

सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने क्षय रोग को भारत से 2025 तक समाप्त करने के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। टीबी मुक्त भारत की लड़ाई अब निर्णायक दौर में है। उक्त बातें गोद लिए गए 25 क्षय रोगियों को लखपेड़ा बाग स्थित अपने आवास पर सोमवार को पुष्टाहार किट वितरित करने से पूर्व सांसद ने कही। उन्होंने कहा डब्ल्यूएचओ में विश्व से 2030 तक टीबी से उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया है जबकि प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता और संसाधन में अभूतपूर्व वृद्धि के चलते भारत यह लक्ष्य 2025 में ही प्राप्त करने की ओर अग्रसर है।टीबी उन्मूलन के लिए बजट आवंटन में मोदी सरकार ने पिछले 5 वर्षों में चार गुना वृद्धि करके अपनी मंशा जता दी। कहा कि उच्च-गुणवत्ता वाली दवाओं, डिजिटल तकनीक, निजी क्षेत्र और समाज की भागीदारी के चलते टीबी मुक्त भारत अभियान एक जनांदोलन बन चुका है। डॉक्टर विनय कुमार जैन ने सभी मरीजों को क्षय रोग के इलाज में सतर्कता बरतने की सलाह दी।सांसद द्वारा वितरित की गई प्रत्येक किट में एक किलो भुना चना,एक किलो मूंगफली,एक किलो गजक,एक किलो गुड़ एवं एक किलो सत्तू शामिल है। जिला क्षय रोग अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि गोद लिए गए प्रत्येक व्यक्ति को छह माह तक पुष्टाहार किट मुहैया कराई जाएगी। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग निशुल्क दवाई एवं 500 रुपये प्रतिमाह उपलब्ध कराएगा। इस अवसर पर विजय आनंद बाजपेई, जिला समन्वयक रितेश कुमार सिंह, प्रदीप सारंग, दिनेश रावत, विनय प्रकाश वर्मा मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर मृत मिली विवाहिता

**सिद्धौर बाराबंकी (समृद्धि न्यूज़)।** थाना असन्द्रा क्षेत्र में बीते रविवार की रात संदिग्ध हालातों में एक विवाहिता घर के अंदर मृत मिली। पति की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामला थाना असन्द्रा क्षेत्र के पूरे मोती मजरे हकामी गांव का है ।यहां का निवासी बोधनाथ उर्फ भोला पांडेय पेशे से वाहन चालक है।गांव में वह पत्नी मोहिनी और एक वर्षीय पुत्र के साथ रहता है ।बीते रविवार को वह वाहन लेकर कहीं गया था ।देर शाम जब वह घर लौटा तो घर के अंदर पत्नी मोहिनी (23) संदिग्ध परिस्थितियों में मृत मिली ।यह देखकर उसके होश उड़ गए और वह रोने चिल्लाने लगा।उसके चिल्लाने पर मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई ।बाद में इसकी सूचना पुलिस को दी गई ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव अपने कब्जे में ले लिया और आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया इस संबंध में इंस्पेक्टर नीतीश श्रीवास्तव का कहना है कि सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# गैंगेस्टर के वांछित को पुलिस ने भेजा जेल

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** गैंगेस्टर एक्ट मे वांछित एक अभियुक्त को सुबेहा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । सुबेहा थाने पर धारा 3(1) यूपी गैंगेस्टर अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमा में वांछित अभियुक्त तेज बहादुर उर्फ तेजू पुत्र जोखन राम निवासी सीबो थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी को गिरफ्तार किया गया है ।अभियुक्त काफी दिनो से फरार चल रहा था जिसकी पुलिस तलाश कर रही थी। उपनिरीक्षक लाल जी यादव व का0 दीपक सिंह द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।

## किशोर किशोरी सशक्तिकरण की आयोजित हुई कार्यशाला

**बनीकोडर बाराबंकी।** एसएनबी,ब्लॉक संसाधन केंद्र बनीकोडर में शासन की मंशानुरूप किशोर एवं किशोरी सशक्तिकरण हेत समग्र शिक्षा अभियान हेतु नवाचार सेल्फ एस्टीम एंड बॉडी कॉन्फिडेंस प्रोजेक्ट की तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन खंड शिक्षा अधिकारी बनीकोडर चंद्रशेखर यादव ने किया। इस अवसर पर यादव ने कहा इस प्रशिक्षण में शिक्षकों का छः कामिक्स के माध्यम से उन्मुखीकरण किया गया।इस प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों को यह संदेश दिया जाना है कि हम सभी जैसे भी हैं अच्छे हैं प्रकृति द्वारा दिया गया रूप ही सलोना है। हमें किसी मेकअप की आवश्यकता नहीं है हमें किसी को व्यक्तिगत बॉडी टॉक नहीं करना चाहिए ।हम सब शत प्रतिशत उपस्थिति पर ध्यान देते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करना है प्रशिक्षण में उच्च प्राथमिक विद्यालयों से 50 शिक्षको व शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण में संदर्भ दाता के रूप में सुभाष चंद तिवारी एवं अमिता रस्तोगी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## पर्यटन मंत्री को मिला गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड प्रमाण पत्र

**लखनऊ।** पिछले वर्ष दीपावली के अवसर पर राज्य सरकार द्वारा अयोध्या में दीपोत्सव का भव्य आयोजन एवं 1576955 दीपों को प्रज्जवलित करके गिनीज बुक विश्व रिकार्ड बनाया गया था। इसके लिए प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह को गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है।सोमवार को यह जानकारी देते हुए पर्यटन मंत्री श्री सिंह ने बताया कि विगत 23 अक्टूबर को राम नगरी अयोध्या में राज्य सरकार द्वारा दीपावली का दिव्य एवं भव्य आयोजन किया गया था।इस अवसर पर 1576955 दीप जलाये गये थे।दीपों की यह संख्या विश्व रिकार्ड बनी थी,जो गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड के रूप में दर्ज की गयी थी।

## दो दिवसीय शूटिंग प्रतियोगिता का हुआ समापन

**अयोध्या।** भवदीय पब्लिक स्कूल भवदीय शूटिंग रेंज में चल रही दो दिवसीय शूटिंग प्रतियोगिता का सोमवार की शाम को समापन हो गया।इस प्रतियोगिता में भारतीय सेना,उत्तर प्रदेश पुलिस व सीआरपीएफ के जवान,खिलाड़ी तथा महाविद्यालय व विद्यालय के बच्चे मौजूद रहे।प्रतियोगिता में लगभग तीन सौ प्रतिभागियों ने भाग लिया।इस श्रृंखला में प्रथम श्रेणी पर भारतीय सेना,द्वितीय श्रेणी पर उत्तर प्रदेश पुलिस तथा तृतीय श्रेणी पर सीआरपीएफ के जवान ने प्रथम,द्वितीय व तृतीय मेडल और पुरस्कार अर्जित किया।इस कार्यक्रम में विशेष रुप से अपर पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन सिंह,क्षेत्राधिकारी सदर डॉ राजेश तिवारी,क्षेत्राधिकारी यातायात प्रमोद यादव तथा विशेष अतिथि कर्नल रईस अहमद गनी ने सभी खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम को मूल रूप से बनाने के लिए मंडल शूटिंग कोच सनी वर्मा के नेतृत्व में सारे खिलाड़ियों का परिणाम और पुरस्कार घोषित किया गया।इस श्रृंखला में ऑफिसर्स कैटेगरी में डीआईजी/एसएसपी मुनिराज जी ने गोल्ड मेडल अर्जित कर अयोध्या पुलिस का मान बढ़ाया वही महिला आरक्षी नीलू शर्मा ने भी गोल्ड मेडल अर्जित किया।

## एक को अयोध्या आएंगी सपा महिला सभा प्रदेश अध्यक्ष

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रूबी श्रीवास्तव आगामी एक मार्च को अयोध्या जनपद के भ्रमण पर आएंगी।महिला सभा के पुनर्गठन के लिए महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश के अपने दूसरे चरण के कार्यक्रम में अयोध्या जनपद आ रही हैं। पार्टी प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि महिला प्रदेश अध्यक्ष एक मार्च को दस बजे पार्टी कार्यालय पर महिला सभा की निवर्तमान पदाधिकारियों से मुलाकात और जिला तथा महानगर कमेटी के पुनर्गठन पर चर्चा करेंगी।निवर्तमान सपा जिलाध्यक्ष गंगासिंह यादव और निवर्तमान महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने जिला और महानगर की समस्त निवर्तमान पदाधिकारियों से महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष के प्रथम आगमन पर जोरदार स्वागत करने का आग्रह किया है।

# कांग्रेस मुस्लिम विरोधी है : संजय गुर्जर

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**



हमीरपुर भारत बचाओ, संविधान बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पिछड़े वर्ग संत समागम यात्रा पर हैं। भारत बचाओ, संविधान बचाओ आंदोलन पिछड़ा वर्ग के संतों को जोड़कर एक बड़ा विकल्प खड़ा करने की मुहिम में है। आज यहां पत्रकारों से चर्चा में उन्होंने कहा है कि कांग्रेस और बीजेपी एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। आजादी से लेकर अब तक दोनों दलों ने पिछड़े, दलित व मुस्लिमों का सामाजिक व राजनीतिक शोषण किया है। हमारी मुहिम पिछड़े, दलित व मुस्लिमों के अधिकारों को दिलाने की है। कांग्रेस की यात्रा का लक्ष्य केवल सत्ता प्राप्त करना था, जो सम्भव नहीं है। अभी हाल में ही हरियाणा के भवानी में दो मुस्लिम समाज के युवाओं की बेरहमी से जिंदा जलाकर हत्या कर दी गई, वे दोनों लोग राजस्थान के भरतपुर के थे। उस मामले में राजस्थान की सरकार ने आरोपी मोनू मानेसर को क्लीन चिट दी है जो कांग्रेस की मुसलमानो के प्रति मानसिकता को दर्शाता है। इस घटनाक्रम से साफ हो गया है कि कांग्रेस मुस्लिम विरोधी है और यह सत्य है। अगर कांग्रेस मुस्लिम हितैषी होती तो बाबरी मस्जिद शहीद नहीं होती। यह दोनों ही दल उन लोगों के नेतृत्व में चल रहे हैं जो पिछड़े, दलित व मुस्लिमों से बड़ी हीनता रखते हैं। अब समय आ गया है सभी लोगों का इस बात को समझने का, बाबा साहब के संविधान व सरदार पटेल के अखण्ड भारत को बचाने का।

# दुद्धी अग्रहरि समाज के नए कार्यकारिणी का गठन

**दुद्धी सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**



नगर के उत्सव वाटिका में दुद्धी अग्रहरि समाज का बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें दुद्धी अग्रहरि समाज के नए कार्यकारिणी का गठन हुआ। अग्रहरि समाज के संरक्षक अक्षयवर नाथ अग्रहरि व रामलखन अग्रहरि को बनाया गया। अग्रहरि समाज के अध्यक्ष के रूप में सत्यनारायण सिंह अग्रहरि (एडवोकेट) को बनाया गया तो वही महामंत्री जवाहर लाल अग्रहरि (एडवोकेट) को बनाया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष/कार्यकारी अध्यक्ष नंदलाल अग्रहरि (एडवोकेट), उपाध्यक्ष में कन्हैया लाल अग्रहरि, वीरेन्द्र कुमार अग्रहरि, मंत्री में दिनेश चंद्र अग्रहरि, कृष्ण देव, राजेन्द्र प्रसाद, संगठन मंत्री सन्तोष कुमार एड0, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार अग्रहरि, ऑडिटर कैलाश नाथ गुप्त एड0, तो वही कार्यकारणी सदस्य में राजकुमार एड0, सुरेन्द्र कुमार अग्रहरि, कृष्ण कुमार अग्रहरि, महेंद्र सिंह अग्रहरि, कमलेश सिंह कमल अग्रहरि, पंकज कुमार उर्फ बुल्लू, बन्धन कुमार अग्रहरि, विनोद कुमार अग्रहरि, चन्द्रधर अग्रहरि, गोपाल दास अग्रहरि, ज्ञानेश्वर प्रसाद अग्रहरि को बनाया गया। अग्रहरि समाज के अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह अग्रहरि व महामंत्री जवाहर लाल अग्रहरि एडवोकेट ने यूपी पुलिस के दरोगा में नए नियुक्ति पाए प्रशांत अग्रहरि व प्रेम अग्रहरि निवासी दुद्धी को ढेर सारी बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इसी प्रकार मेहनत करते हुए आगे बढते रहे, और अपने माता पिता का नाम रौशन करते रहे।

# सांसद ने गौ आश्रय स्थल का पूजा कर किया उद्घाटन



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

विकास खण्ड सिद्धौर के अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्भौरा लोधी में निराश्रित गौवंश आश्रय स्थल का उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद बाराबंकी उपेन्द्र सिंह रावत व विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख आरती रावत ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व विधिवत पूजा अर्चना कर किया।

निराश्रित गौवंश आश्रय स्थल का निर्माण महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण गारन्टी योजना के द्वारा किया गया है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि इस निराश्रित गौवंश आश्रय स्थल के बन जाने से क्षेत्र के छुट्टा पशुओं से लोगों को निजात मिलेगी। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख आरती रावत ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी, मण्डल अध्यक्ष प्रवीण सिसोदिया, निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष राम कुमार मिश्रा, सत्यनाम वर्मा, बृजेश तिवारी, डॉ जे.एन पांडेय, पंकज सिंह, प्रधान सीता देवी, राहुल सिंह, राजकुमार, दीपक मिश्रा, सुरजीत पाल, दिनेश शर्मा, पवन मिश्रा, संतोष, हनुमान वर्मा, अनिल सिंह, रवि अवस्थी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहें।

# एनएसएस कैम्प में स्वास्थ्य पोषण के प्रति किया गया जागरूक



**मसौली बाराबंकी।** मौसम में उत्पन्न होने वाली सब्जियों एवं फलों के उपयोग के द्वारा हम अपनी सेहत को ठीक रख सकते हैं। सर्वांगीण शारीरिक विकास के लिए, संतुलित आहार का उपयोग करते हुए स्वस्थ समाज व अपने को स्वस्थ रख सकते हैं। उक्त विचार सीएचसी बड़ागांव के स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी आशाराम चौधरी ने वीणा सुधाकर ओझा महाविद्यालय मसौली में चल रही सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के तीसरे दिन बौद्धिक सत्र में व्यक्त किये। इस अवसर पर दिनेश कुमार सिंह ने ग्राम ज्योरी में छात्र-छात्राओं द्वारा किए गए कार्यों की आख्या प्रस्तुत करते हुए छात्र छात्राओं को बातचीत करने के तरीके पर विस्तृत चर्चा की।

# टैक्स बार ग्राउंड बना प्ले ग्राउंड, अधिवक्ताओं को भारी कठिनाई

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

जिला टैक्स बार ग्राउंड को यहां के कर्मचारियों ने प्ले ग्राउन्ड बना लिया जिससे व्यापारियों व अधिवक्ताओं को अपने वाहन खड़ा करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों की उदासीनता के चलते रोड के मुख्य गेट पर काफी दिनों से प्लस लैटरीन का टैंक लीकेज है। जिससे दूषित गंध व मच्छरों के कारण लोगों का आना जाना दूभर है। अधिवक्ताओं ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजी है। आज जिला टैक्स बार अध्यक्ष पवन कुमार वैश्य की अध्यक्षता में हुई आपात बैठक में कार्यालय में उन्होंने अधिवक्ताओं की शिकायत पर ध्यान देते हुए कहा कि आश्चर्य की बात है कि रोड के प्रमुख गेट के सामने कई महीनों से प्लस टैंक से मलवा बह रहा है। लेकिन कई बार मौखिक शिकायत के बावजूद यहां के अधिकारी इसे अनदेखा करते रहे हैं। जिस कारण दूषित मलबे से तेज दुर्गंध फैल रही है। कार्यालय के पीछे भी काफी कूड़े का मलबा पड़े रहने से मच्छरों का फैलाव हो रहा है। बीमारी फैलने का भय व्यापारियों व अधिवक्ताओं में समाया हुआ। महामंत्री मनोज कुमार जैन ने कहा कि कार्यालय के ग्राउन्ड पर यहां के कर्मचारियों ने प्ले ग्राउंड बना लिया है जिससे व्यापारियों व वकीलों को अपने वाहन खड़े करने में दिक्कत हो रही है, लेकिन अधिकारी मूक बने हुए हैं। बताया गया कि कार्यालय में ज्यादातर अधिकारी व कर्मचारी लंच के बाद अपनी सीट से अनुपस्थित रहते हैं। जिस कारण व्यापारियों के कार्य में असुविधा हो रही है। ज्यादातर अधिकारी/कर्मचारी जिला मुख्यालय पर निवास नहीं करते इसलिऐ उनका कार्यालय आने का समय कोई निश्चित नहीं है।

# क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा थाना चोपन का किया गया त्रिमासिक निरीक्षण



**चोपन/सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**

सोमवार को क्षेत्राधिकारी नगर राहुल पाण्डेय द्वारा थाना चोपन का त्रिमासिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम पुलिस द्वारा नगर क्षेत्राधिकारी को सलामी दी गयी तत्पश्चात सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण करते हुए कार्यालय, हवालात, शस्त्रागार, कंम्प्यूटर कक्ष, मेस, बैरक, महिला हेल्पडेस्क, ड्यूटी रजिस्टर आदि का निरीक्षण किया गया एवं सम्पूर्ण परिसर को साफ व स्वच्छ रखने एवं कार्यालय के अभिलेखों अपराध रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर को बेहतर व अद्यावधिक करते हुए व्यवस्थित रखरखाव हेतु प्रभारी निरीक्षक चोपन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों, वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने, नक्सली संचरण पर रोकथाम हेतु समय-समय पर प्रभावी कॉम्बिंग करने हेतु सम्बंधित थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया।

# भाजपा नेता और केंद्र के स्टेनो से जमकर हुई मारपीट

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



कृषि विज्ञान केन्द्र हैदरगढ़ में सोमवार को शुरू हुए दो दिवसीय किसान मेले में आज पहले दिन ही भाजपा नेता एवं कृषि विज्ञान केंद्र हैदरगढ़ के स्टेनो में जमकर मारपीट हो गई । जिसके बाद मेले में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। जिसके बाद केंद्र प्रभारी ने पुलिस से कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए सुरक्षा मांगी है।

जानकारी के अनुसार इस दो दिवसीय कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने सुबह दीप प्रज्वलित कर किसान मेले का शुभारंभ किया था।

केवीके परिसर में आयोजित हो रहे मेले में लगभग दो बजे तक सब कुछ ठीक ठाक था।किसान गोष्ठी चल रही थी।ट्रैक्टर कंपनियों एवं कई किसानों एवं सरकारी विभागों के भी स्टाल लगे थे।किसान इन सभी स्टालों पर पहुंचकर जानकारी ले रहे थे।इसी समय लगभग दो बजे पूर्व विधायक सुन्दरलाल दीक्षित के पुत्र भाजपा नेता पंकज दीक्षित किसान मेले में पहुंचे।एक ट्रैक्टर के स्टाल के सामने भाजपा नेता श्री दीक्षित एक मीडिया कर्मी से अपनी शिकायत रिकार्ड करा रहे थे।वह आरोप लगा रहे थे कि कृषि विज्ञान केन्द्र पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमो में किसानो नहीं दलालों का जमावड़ा लगता है। किसानों का नहीं दलालों का हित होता है।किसानों को कोई लाभ नहीं मिल रहा है इसी समय पास में मौजूद कृषि विज्ञान केंद्र में स्टेनो पद पर कार्यरत पचास वर्षीय आलोक कुमार सिंह ने पंकज दीक्षित के आरोपों का प्रतिरोध किया।इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया।अचानक दोनों के बीच हाथापाई एवं मारपीट शुरू हो गई।वहां मौजूद किसानों ने हस्तक्षेप कर दोनों पक्षो को अलग किया।इस घटना से किसान मेले में अव्यवस्था फैल गई और पूरा कार्यक्रम प्रभावित हो गया।घटना के बाद भाजपा नेता वहां से चले गए। इस घटना के बाद कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रभारी डॉ शैलेश कुमार सिंह ने कर्मचारियों के साथ बैठक की।प्रभारी डॉ सिंह ने बताया कि घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। बताया कि मंगलवार के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मेहनत की जा रही है।

# अयोध्या में साकार हो रहा है राम मंदिर निर्माण का सपना : गुप्ता

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**




रविवार को हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता और अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल,संयोजक सुधीर बंसल,पंजाब प्रभारी सोमचंद्र गोयल,सह प्रभारी दिल्ली सुमित बंसल का अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रदेश संगठन मंत्री उत्तम बंसल द्वारा भव्य स्वागत किया गया।इस कड़ी में जिला नगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने उनका स्मृति चिन्ह भेंटकर तथा जिला महामंत्री अनिल मौर्या ने माला व पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष श्री गुप्ता ने अयोध्या में बन रहे श्री राम मंदिर को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तारीफ करते हुए कहा कि अयोध्या में जो राम मंदिर बनने का सपना था,वह साकार हो रहा है।भगवान राम की पवित्र भूमि अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण हो रहा है इससे बड़ी खुशी की बात और कुछ हो ही नहीं सकती।उन्होंने कहा कि जब तीस वर्ष पहले मैं अयोध्या आया था तो यहां पर एक ढांचा था।आज उसी स्थान पर भगवान श्री राम का मंदिर बन रहा है।मैं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देता हूं जो हजारों वर्ष पुरानी गुलामी की दास्तां और एक गुलामी के मौजूद चिन्ह को खत्म करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से आज राम मंदिर का निर्माण भव्यता के साथ हो रहा है,यह एक मिसाल होगी?।श्री गुप्ता ने कहा कि मैंने तीस वर्ष पूर्व जो संकल्प लिया था आज वह पूरा हो रहा है।हम कहा करते थे राम लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे और आज वह अयोध्या में श्री राम मंदिर का भव्य निर्माण हो रहा है।इसी के साथ ही मैं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य उत्तम बंसल को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने जिस प्रकार से अयोध्या की धरती पर समाज सेवा का कार्य एवं व्यापार मंडल संचालित कर रहे हैं,इसके लिए मैं उनको धन्यवाद अर्पित करता हूं। इसी क्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने व्यापार मंडल को मजबूत करने,व्यापारियों को समय देने और व्यापारियों की सभी प्रकार की समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया और कहा कि अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा जब दृष्टि पर छापे पड़ रहे थे तो उन्होंने मुख्यमंत्री से मिलकर इस छापों पर रोक लगाई थी और लगातार हम व्यापार मंडल के व्यापारियों के हित के लिए कार्य कर रहे हैं।

# घघसरा बाजार में आम जनता के स्वास्थ्य के साथ हो रहा खिलवाड़

**सहजनवा गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़**




हमारे उत्तर प्रदेश सरकार जहा लाख कोशिश कर रही है की हर लोगो उत्तम स्वास्थ्य अच्छी शिक्षा मिले जिससे की देश और प्रदेश को आगे ले जाया जा सके है लेकिन कुछ ऐसे लोग भी है जो इसको होने नही देना चाहते हैं। आपको बता दे की मुख्यमंत्री के गृह जनपद गोरखपुर से करीब 20 किलोमीटर की दूरी पर एक विधानसभा सहजनवा आता है जहा पर कहने के लिए तो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र है मगर आप अगर वहा दवा कराने जा रहे है तो डॉक्टर तो देर सबेर मिल ही जायेंगे लेकिन दवा और जांच आपको बाहर ही लेना होगा आपको बता दे की सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के आस पास मकड़जाल की तरह मेडिकल स्टोर और पैथालोजी सेंटर जो है आखिर उनका देखभाल कौन करेगा ये भी तो देखना रहता है। जानकारी के अनुसार सहजनवा तहसील से महज 10 किलोमीटर की दूरी पर घघसरा बाजार है जहा पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अगल बगल में इतने मेडिकल स्टोर और पैथालॉजी सेंटर है की आप कनफुज हो जायेंगे की जांच कहा पर कराए और सबसे अच्छी बात है की जो भी सेंटर है उसको अनट्रेंड लड़के ही चलाते है और मेडिकल स्टोर तो वहा के कुछ लोकल मनबढ़ किस्म के लोग चला रहे है।



## कार्यालय ग्राम पंचायत जाजपुर बंजारा वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फरु0

पत्रांकः ग्रा0पं0/पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2022-2023 दिनांक 27/02/2023

### अल्पकालीन निविदा सूचना

पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जाजपुर बंजारा द्वारा कराये जाने वाले निर्माण सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में दिनांक 28/02/2023 से 05/03/2023 तक अपरान्ह 2 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 05/03/2023 को अपरान्ह 3 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | बीरेन्द्र सिंह पाल के घर से गमादेवी मंदिर तक खण्डजा निर्माण कार्य | 3.35 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

(बृजपाल सिंह) प्रधान (शैलेन्द्र त्रिपाठी) सचिव

**ग्राम पंचायत जाजपुर बंजारा विकास खण्ड मोहम्मदाबाद, फर्रुखाबाद।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत नदौरा वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फरु0

पत्रांकः ग्रा0पं0/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2022-2023 दिनांक 27/02/2023

### अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत नदौरा द्वारा कराये जाने वाले निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में दिनांक 28/02/2023 से 06/03/2023 तक अपरान्ह 2 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 06/03/2023 को अपरान्ह 3 बजे गठित कमेटी के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | रविन्द्र के दरवाजे से अमीर सिंह के दरवाजे तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 5,63,985 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | रामनिवास के दरवाजे से देवसिंह के खेत तक इंटरलाकिंग कार्य | 3,99,675 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | दिनेश के दरवाजे से जयवीर के दरवाजे तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 3,76,575 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4 | संदेश के दरवाजे से राजू के खेत तक इंटरलाकिंग कार्य | 3,79,804 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

(अनीता यादव) प्रधान (अखिलेश कुमार) सचिव

**ग्राम पंचायत नदौरा विकास खण्ड मोहम्मदाबाद, फर्रुखाबाद।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत न्यामतपुर भुक्सी वि0ख0 शमशाबाद, फरु0

पत्रांकः मीमो/ ग्रा0पं0/मनरेगा योजनान्तर्गत/टेण्डर प्रकाशन/ वित्तीय वर्ष 2022-2023 दिनांक 27/02/2023

### अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत न्यामतपुर भुक्सी द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यो पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में दिनांक 28/02/2023 से 05/03/2023 तक अपरान्ह 4 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 05/03/2023 को अपरान्ह 5 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | धर्मेन्द्र के घर से इंटरलाकिंग रोड तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 2.20600 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | लीटू के घर से सी0सी0 रोड तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 223493 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | रामसेवक के घर से सी0सी0 रोड तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 211,916 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | रामरतन के घर से सी0सी0 रोड तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 1,43,809 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 5- | संविलियन विद्यालय न्यामतपुर भुक्सी के प्रांगण में इंटरलाकिंग कार्य | 3.99731 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (शाहीन बेगम) सचिव (जगवीर सिंह)

**ग्राम पंचायत न्यामतपुर भुक्सी विकास खण्ड शमशाबाद, फर्रुखाबाद।**

# भारत जी 20 के माध्यम से विश्व गुरु बनेगा: जिला पंचायत अध्यक्ष

- चौथी औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व भारत अपनी युवा शक्ति एवं जनांकिकीय लाभांश के द्वारा करें: डीएम
- वीरभूमि राजकीय महाविद्यालय में नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में पड़ोसी युवा संसद का हुआ आयोजन






**महोबा, समृद्धि न्यूज**

वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में पड़ोसी युवा संसद का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी जिलाधिकारी मनोज कुमार प्राचार्य प्रो सुशील बाबू एवं नेहरू युवा केंद्र की विष्णु प्रिया ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। जी-20 देशों के सम्मेलन की अध्यक्षता भारत की अगुवाई में हो रही है जिसका मुख्य लक्ष्य भारतीय अर्थव्यवस्था में निवेश को बढ़ाना है चौथी औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व भारत अपनी युवा शक्ति एवं जनांकिकीय लाभांश के माध्यम से करें इसके लिए युवाओं को जागरूक बनाने उन्हें नई तकनीकी एवं कौशल विकास के प्रति प्रशिक्षण दिलाने के लिए प्रत्येक जिले में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है , देश के विकास के लिए युवा महापुरुषों के आदर्शों को अपनाएं यह बात पड़ोस युवा संसद को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी मनोज कुमार ने कही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी ने कहा कि भारत जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है जिसकी थीम वसुधैव कुटुंबकम की है भारत पूरी दुनिया में विश्व शांति दिलाने के लिए प्रयासरत है। प्राचार्य प्रो सुशील बाबू ने आपदा प्रबंधन एवं पर्यावरण की रक्षा हेतु युवाओं को आगे आने के लिए कहा। डॉ एलसी अनुरागी ने युवाओं की सुशासन व लोकतंत्र की भूमिका विषय पर बोलते हुए कहा कि यदि हम अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे तो हमें मौलिक अधिकार मिलेंगे और मजबूत लोकतंत्र मिलेगा। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ बृजेश कुमार सिंह ने वैश्विक शांति एवं सामाजिक सौहार्द पर प्रकाश डाला। डॉ अनवर आलम में वैश्विक अर्थव्यवस्था से भारतीय अर्थव्यवस्था में निवेश को बढ़ाए जाने के प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की। इसके पूर्व कार्यक्रम में नवरस म्यूजिकल ग्रुप के अबोध सोनी तथा सोमेंद्र की टीम के द्वारा सरस्वती वंदना, होली गीत तथा देशभक्ति से भी प्रेरित गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन अपर्णा नायक ने किया। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र के शुभम, प्रियंका, अमृता, रवि, मानसिंह, शिवम, भोला सिंह, राघवेंद्र, शिवराम ,प्रभात सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ संतोष कुमार पांडेय, डॉ प्रदीप कुमार, शैलेश तिवारी, डॉ डी के खरे, डॉ एसएस राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा जिला कार्यालय में बूथ सशक्तिकरण बैठक संपन्न

**महोबा। समृद्धि न्यूज**




**भारतीय** जनता पार्टी का बूथ सशक्तिकरण अभियान फरवरी से लेकर मार्च माह के अंत तक प्रदेश स्तर पर चलाया जाना है, यह जानकारी बैठक के मुख्य अतिथि महोबा भाजपा जिला प्रभारी रामनरेश तिवारी ने बताइए! बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह सेंगर द्वारा की गई! श्री तिवारी ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत चार मुख्य गतिविधियों को करना है जिसमें सभी बूथों का गठन एवं सत्यापन, पन्ना प्रमुखों की नियुक्ति (मतदाता सूची के प्रत्येक पन्ने हेतु), व्हाट्सएप समूह का गठन आईटी सेल द्वारा, मन की बात कार्यक्रम की जानकारी एवं रिपोर्टिंग! जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह सेंगर ने बताया कि विधानसभा वार 1 मार्च से 5 मार्च के बीच उक्त अभियान की बैठक होनी है, जिसमें वहां के रहने वाले मुख्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अपेक्षित रहेंगे! श्री सिंह ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की नीव बूथ पर टिकी है और यही कारण है कि 2014 से लेकर आज तक पार्टी सभी चुनाव में भारी बहुमत से विजय हुई है, इसीलिए हमारा नारा रहा है ÷मेरा बूथ सबसे मजबूत÷! उक्त बैठक में जिला महामंत्री अवधेश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष कौशल शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ दिग्विजय द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष मयंक तिवारी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष विभा पुरवार, नगर अध्यक्ष रेखा तिवारी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संदीप तिवारी, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष नरेश राजपूत, एवं अन्य सभी मंडलों के मंडल अध्यक्ष एवं अपेक्षित कार्यकर्ता जन उपस्थित रहे!

## खबरें एक नजर में

### 249 गोवंशों को पकड़कर गौशाला में संरक्षित किये गये

**मैनपुरी।** निराश्रित गौवंश से किसानों को निजात दिलाने के लिए जिला प्रशासन अभियान चलाकर निरंतर निराश्रित गौवशों को पकड़कर गौशालाओं में संरक्षित किये जा रहे हैं, इसी क्रम में आज जनपद में 249 गोवंशों को पकड़कर गौशाला में संरक्षित किये गये। प्र. जिलाधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि विकास खंड कुरावली क्षेत्र के 03 निराश्रित गौवंश को पकड़कर कान्हा गौ-आश्रय स्थल कुरावली में संरक्षित किये गये, विकास खंड किशनी क्षेत्र के 15 गौवंश को पकड़कर कान्हा गौ-आश्रय स्थल कुसमरा में, विकासखंड करहल क्षेत्र के 17 निराश्रित गौवंश को पकड़कर कान्हा गौ-आश्रय स्थल करहल में, विकासखंड घिरोर क्षेत्र के 03 गौवंश पकड़कर कान्हा गौ-आश्रय स्थल घिरोर में, विकास खंड सुल्तानगंज क्षेत्र के 17 गोवंश पकड़कर अस्थाई गौ- आश्रय स्थल भोगांव में, विकास खण्ड बेवर क्षेत्र के 05 गौवंश को पकड़कर अस्थाई गौ-आश्रय स्थल नगर पंचायत बेवर में, कुरावली क्षेत्र के 07 गौवंश अस्थाई गौ-आश्रय स्थल ज्योति खुड़िया में, घिरोर क्षेत्र के 15 गौवंश वृहद गौर संरक्षण केन्द्र गुराई में एवं करहल क्षेत्र के 15 गौवंश वृहद गौ संरक्षण केन्द्र इज्जतपुर खजुरारा की गौशालाओं में संरक्षित किये गये है। उन्होने बताया कि आज तक जनपद की 38 गौशालाओं में 3890 क्षमता के सापेक्ष 4672 गौवंश संरक्षित किये जा चुके हैं।

### तीन वांछित को पकड़कर जेल भेजा

**मैनपुरी।** पुलिस कप्तान के निर्देश पर धरपकड़ अभियान के तहत थाना पुलिस ने 3 वांछित अपराधियों को पकड़ा। पकड़े गए अपराधियों ने अपना नाम प्रमोद पुत्र राधेश्याम मनोज पुत्र ईश्वर दयाल निवासी कुंवरपुर भूरे पुत्र रुस्तम सिंह निवासी राजापुर बताया। पकड़े गए तीनों वांछित अपराधियों को थाना पुलिस ने जेल भेज दिया है। इस धरपकड़ अभियान से क्षेत्र के अन्य वांछित अपराधियों में भी हड़कंप मच गया है ।

### उचक्कों ने बाइक की डिग्गी से निकाले रुपये

**इटावा।** कस्बा लखना स्थित स्टेट बैंक में 40 हजार रुपए निकालकर अपनी मोटर साइकिल की डिग्गी में रखकर फुटकर लेने के लिए पास के दुकनदार के पास जाते ही डिग्गी से उचक्कों ने रुपए पार किये। पीड़ित युवक ने लखना पुलिस को इस मामले की जानकारी दी। पुलिस सीसी फुटेज खंगालने में लगी हुई है। इस सम्बंध में बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम नगला खादर नौंधना निवासी संतोष कुमार पुत्र रामसिंह ने बताया कि वह सोमबार की दोपहर को स्टेट बैंक से 40 हजार रुपए निकालकर लाये जिसे अपनी मोटरसाइकिल की स्टील की डिग्गी में लॉक लगाकर रख दिये और पडोस की लोहे की दुकान से फुटकर रुपए होने के लिए पूछने चले गये कि तभी घात लगाये उचक्के ने उनकी डिग्गी से लॉक खोलकर रुपए पार करके रफूचक्कर हो गया जब उन्होंने देखा तो डिग्गी खुली मिली रुपए गायब थे तो इसकी सूचना आसपास लोगों से पूछी व लखना पुलिस चौकी पर शिकायत करने गये। लेकिन इस मामले में कोई सुराग पुलिस को नहीं मिला अब पुलिस बैंक में लगी सीसी कैमरों को देखने में लगी हुई है। पुलिस की सजगता के बाबजूद चोर उचक्कों की सक्रियता बढी हुई है। आये दिन इस तरह की घटनाएं होती हैं।

### दो लोगों ने जहरीला पदार्थ खाया

**बांदा।** पैलानी थाना क्षेत्र के पड़ोहरा गांव निवासी श्यामा (62) पत्नी सिधीवा का सोमवार की दोपहर किसी बात को लेकर पति से विवाद हो गया। इसी से नाराज होकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालों को जानकारी हो सकी। इसी तरह शहर के निम्नीपार मुहल्ला निवासी श्यामा (28) पत्नी रामभरोसे को रविवार की शाम पति ने घरेलू कामकाज को लेकर डांट दिया। इसी से नाराज होकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने के बाद घरवालों को जानकारी हुई। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### युवक को लाठी से पीटकर गले में कसा फंदा

**बांदा।** दुकान से सामान खरीदकर घर लौट रहे युवक को तीन लोगों ने रास्ते में ही दबोच लिया। पहले उसे लाठियों से पीटकर बेदम कर दिया। इसके बाद जान से मारने की नीयत से उसके गले में फंदा कस दिया। इससे वह मरणासन्न हालत में पहुंच गया। हमलावर उसे मरा समझकर मौके से फरार हो गए। कुछ ही देर के बाद मौके पर पहुंचे चाचा ने देखा तो उसे उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है। कमासिन थाना क्षेत्र के लोहरा गांव निवासी स्वराज सिंह (18) पुत्र अनूप सिंह सूरत में रहकर मेहनत मजदूरी करता है। वह 20 दिन पहले ही सूरत से गांव आया है। रविवार की रात वह दुकान से सामान लेकर पैदल घर लौट रहा था। तभी रास्ते में ही तीन युवकों ने उसे दबोच लिया। गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर स्वराज को लाठियों से पीटकर घायल कर दिया। जान से मारने की नीयत से उसके गले में फंदा कस दिया। इससे वह बेहोश हो गया। आरोपी उसे मरा समझकर मौके से फरार हो गए। काफी देर बाद जब वह घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन की। मौके पर पहुंचे चाचा सुनील ने देखा तो वह मरणासन्न हालत में पड़ा हुआ था। उसे उठाकर नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। चाचा सुनील ने बताया कि उसकी किसी से कोई रंजिश नहीं थी। मारपीट का कारण अज्ञात है।

### ट्रेन से टकराकर राजमिस्त्री की हुई मौत

**बांदा।** काम निपटाने के बाद घर जा रहा राजमिस्त्री रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन से टकरा गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अतर्रा कस्बे के मूसानगर निवासी शिवचरन (70) पुत्र तिरछीवा राजमिस्त्री का काम करता था। वह ओरन रोड पर शारदा गली में मोनू मिश्रा के मकान में काम लगाए हुए था। रविवार की शाम काम निपटाने के बाद वह पैदल घर जा रहा था, रेलवे लाइन पार करते समय एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर कट गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देर रात तक जब वह घर नहीं पहुंचा तो परिजन उसकी तलाश में जुट गए। रात को थाने पहुंचे परिजनों ने उसकी शिनाख्त की। मृतक के परिजनों ने बताया कि वह राजमिस्त्री का काम करता था। वापस लौटते समय ट्रेन की चपेट में आकर कट गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

# अनूप यादव चुने गये उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष

जसवंतनगर। बीते कई बर्षो से तहसील मे कार्यरत लेखपाल अनूप यादव को उ0प्र0 लेखपाल संघ का जिलाध्यक्ष चुना गया। उ0प्र0 लेखपाल संघ जिला कार्यकारिणी के चुनाव मे तहसील मे ही कार्यरत लेखपाल माजिद हुसैन को संघ का कोषाध्यक्ष चुना गया है। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ द्वारा नामित चुनाव अधिकारी अवधेश कुमार खंण्ड मंत्री आगरा ने रविवार को भर्थना तहसील प्रागंण मे विधिवत चुनाव कराया जिसमे जिलाध्यक्ष पद के लिये लेखपाल अनूप यादव तथा इटावा तहसील मे कार्यरत लेखपाल राम कुमार वरूआ ने नामाकंन किया जिसके बाद मतदान कराया गया जिसमे जिले के 154 लेखपालो ने प्रतिभाग करते हुये अपने संगठन का चुनाव किया। जिसमे अनूप यादव 7



मतो से विजयी घोषित हुये। मतगणना के बाद चुनाव अधिकारी ने अनूप यादव को जिलाध्यक्ष ,पुष्पेन्द्र भदौरिया वरिष्ठ उपाध्यक्ष ,गणेश दत्त कनिष्ठ उपाध्यक्ष ,अवनीश कुमार कठेरिया मंत्री, गोपाल उपमंत्री ,कोषाध्यक्ष माजिद हुसैन, लेखापरीक्षक राहुल गोयल को निर्वाचित घोषित किया। उ0प्र0 लेखपाल संघ के प्रदेश अध्यक्ष राममूरत यादव तथा एसडीएम भर्थना एवं एसडीएम सदर की मौजूदगी मे चुनाव अधिकारी के द्वारा चुनाव सम्पन्न कराया गया। नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष अनूप यादव ने इससे पूर्व मे भी संघ के जिलाध्यक्ष पद के लिये नामाकंन किया था लेकिन वह चुनाव जीतने मे असफल रहे तभी से वह लगातार लेखपालो के हितो और अधिकारो की लडाई निरतंर लडते रहे जिसके कारण ही जिले के लेखपालो ने अपना समर्थन देकर उन्हे अपना जिलाध्यक्ष चुना है। नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष अनूप यादव ने बताया कि लेखपालो और आम जनता के मध्य अच्छे संम्बन्ध स्थापित कराना उनकी पहली प्राथमिकता है इसी के साथ लेखपाल समवर्ग की समस्याओ को जिले के वरिष्ठ अधिकारियो से मिलकर समय पर हल कराना उनका दायित्व है जिसे वह पूरी तत्परता के साथ निभायेगे। लेखपालो के हितो ,अधिकारो की लडाई संघ के माध्यम से प्रमुखता से लडते रहेगे।

### मोटे अनाज पर हुई कृषक गोष्ठी

**मैनपुरी।** विकास खंड कार्यालय के सभागार में मोटे अनाज पर आधारित रवी कृषक गोष्ठी एवं मेला का आयोजन उत्तर प्रदेश कृषि निदेशक मैनपुरी के तत्वाधान में संपन्न हुआ। जिसमें कृषि वैज्ञानिक कृषि विभाग के अधिकारी तथा विकास खंड कार्यालय के अधिकारी सहित क्षेत्रीय किसानों और नारी सशक्तिकरण की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। ब्लॉक अध्यक्ष प्रतिनिधि शैलेंद्र यादव की उपस्थिति में खंड विकास अधिकारी शिव गोविंद सिंह ने कृषक गोष्ठी का उद्घाटन फीता काटकर किया। तत्पश्चात कृषक वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को जानकारी दी गई कि मोटे अनाज की पैदावार अनेक तरीकों की खादो के कारण कम होती जा रही है। इसलिए मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिए यूरिया और डीएपी का उपयोग न करके गोबर से निर्मित तथा केंचुआ से तैयार की गई खाद का उपयोग करें। उर्वरा शक्ति भी बढ़ेगी और अनाज की पैदावार मैं भी बढ़ोतरी हो जाएगी।

# नसबंदी के बाद महिला की हालत बिगड़ी, मौत

**बांदा।** नसबंदी के बाद महिला की हालत बिगड़ गई। उसकी मौत हो गई। शव देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का कहना है कि डाक्टरों ने गलत नसबंदी की है। इसी के चलते उसकी मौत हुई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। थानाध्यक्ष का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सच्चाई सामने आएगी। पैलानी थाना क्षेत्र के अमलोर गांव निवासी ज्योति (27) पत्नी जयप्रकाश निषाद ने तीन फरवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिंदवारी में नसबंदी कराया था। नसबंदी कराने के बाद उसकी हालत बिगड़ गई। घरवाले उसे लेकर कई अस्पताल गए। वहां उसका उपचार कराया। सोमवार की सुबह ज्योति ने दम तोड़ दिया। शव देखते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घरवालों से पूछतांछ करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के जेठ हरीप्रकाश पुत्र रामगोपाल निषाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि नसबंदी के बाद से उसकी बहू की हालत बिगड़ गई। इससे उसकी मौत हो गई। आरोप लगाया कि नसबंदी के दौरान डाक्टरों ने लापरवाही की। इसी के चलते उसकी मौत हुई है। इधर थानाध्यक्ष पैलानी कुलदीप तिवारी ने बताया कि तहरीर मिल गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद संबंधित चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उधर, तिंदवारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डा. लवलेश पटेल तथा नसबंदी करने वाले चिकित्सक डा. वीके श्रीवास्तव का कहना है कि जो भी कम्युनिकेशन होता है वह सात दिन के अंदर हो जाता है।

# आम आदमी पार्टी से भाजपा डर गई : इक़रार अहमद

इटावा। आम आदमी पार्टी देश की सबसे तेज आगे बढ़ने वाली पार्टी है, सबसे कम समय में आम आदमी पार्टी एक राष्ट्रीय पार्टी बन गई है आम आदमी पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों से पूरे देश की जनता तेजी के साथ आम आदमी पार्टी से जुड़ रही है। जिससे भारतीय जनता पार्टी बौखला गई है। इसलिए आम आदमी पार्टी के नेताओं को फर्जी मामलों में फंसाकर गिरफ्तार किया जा रहा है।

उपरोक्त बात आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता इक़रार अहमद ने कही। उन्होंने कहा कि मनीष सिसोदिया ऐसे व्यक्ति हैं जिन्होंने देश के लोगों का सरकारी स्कूलों में विश्वास जगाया है, जिन्होंने सरकारी स्कूलों को वर्ल्ड क्लास बना कर दिखाया है जिसे यू एन अमेरिका के लोग आकर देख रहे हैं। जिन्होने पिछले 8 सालों में दिल्ली के 80 लाख गरीब बच्चों को वर्ल्ड क्लास की शिक्षा बिल्कुल फ्री में दी है, जिन्होंने दिल्ली के गरीब बच्चों को आईएएस, पीसीएस, इंजीनियर, डॉक्टर फ्री शिक्षा देकर बनाया है। ऐसे नेता की गिरफ्तारी इस बात का सबूत है कि देश में लोकतंत्र खतरे में आ चुका है। इक़रार अहमद ने कहा कि देश के सारे संवैधानिक इंस्टिट्यूशन पर मोदी जी का कब्जा हो चुका है। भारतीय जनता पार्टी को अगर किसी पार्टी से डर लगता है तो वह आम आदमी पार्टी है। क्योंकि आम आदमी पार्टी ही भारतीय जनता पार्टी को पूरे देश में हरा सकती है । इसलिए आम आदमी पार्टी को कुचलने का काम मोदी जी कर रहे हैं, पर हम आम आदमी पार्टी वाले हैं। किसी से डरने वाले नहीं हैं। किसी के सामने झुकने वाले नहीं हैं, आप पार्टी देश के गरीब बच्चों को विश्वस्तरीय शिक्षा फ्री में देने के लिए बनी है, हम देश के गरीबों को बेहतर इलाज देने के लिए बने हैं, हम मां- बहनों को सुरक्षा देने के लिए बने हैं, हम बुजुर्गो को तीर्थ यात्रा कराने के लिए बने हैं,हम महिलाओं को मुफ़्त सफ़र करने के लिये बने हैं, हम गरीबों को मुफ्त बिजली पानी देने के लिये राजनीति करते हैं।हम लड़ेंगे और जीतेंगे।

# दामाद ने पत्नी, सास समेत तीन को पेचकस से गोदा

- शहर के खाईंपार मुहल्ले में हुई घटना
- आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंपा, अस्पताल से भागा

**बांदा।** पत्नी के तलाक के मुकदमे से परेशान दामाद रविवार की रात ससुराल जा पहुंचा। वहां पर मौजूद पत्नी, सास और सास की जेठानी पर पेचकस से ताबड़तोड़ वार करते हुए गोद डाला। इससे तीनो लोग लहूलुहान हो गए। शोरशराबा सुनकर मुहल्ले पड़ोस के लोग पहुंचे तो आरोपी ने उन्हें भी पेचकस से गोदने की धमकी देकर ठंडा कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पत्नी के भाइयों ने उसे दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जेठानी को कानपुर रेफर कर दिया। अस्पताल से आरोपी भी भाग निकला। घायल मां-बेटी का कहना है कि पुलिस चाहती तो उसे कस्टडी में ले लेती। लेकिन पुलिस ने



ऐसा नहीं किया। शहर के खाईपार मुहल्ला निवासी राबिया पत्नी चांद अली ने अपनी बेटी अलीशा की शादी शहर के खूंटी चैराहा मुहल्ला निवासी सुल्तान पुत्र रफीक के साथ की थी। कुछ दिन तक तो अलीशा ठीकठाक रही। इसके बाद पति उसे प्रताड़ित करने लगा। मारपीट कर गाली-गलौज करने लगा। इसी से परेशान होकर अलीशा एक वर्ष से अपने मायके में रहने लगी। अलीशा उसके साथ नहीं जाना चाहती। इस पर उसने तलाक का वाद दायर कर दिया है। दो-तीन तारीखें पड़ीं, उन तारीखों में सुल्तान हाजिर भी नहीं हुआ। रविवार की दोपहर सास बबली अपनी बहू से मिलने आई और समझौता करने की बात कहने लगी। इस पर अलीशा ने उसे समझौता करने से मना कर दिया। घर पहुंची सास बबली ने अपने बेटे सुल्तान को बताया। रात को सुल्तान सूना मौका पाकर अपनी ससुराल खाईपार पहुंच गया। पहले उसने पत्नी अलीशा (22) पर पेचकस से हमला कर दिया। उसके सिर पर कई पेचकस मारे, इससे वह लहूलुहान हो गई। बेटी को पिटता देख मां राबिया (35) और बड़ी मां बानो (45) पत्नी परवेज बचाने आई तो उन्हें भी पेचकस से गोद डाला। इससे सभी लोग लहूलुहान हो गई। मुहल्ले पड़ोस के लोग दौड़े, लेकिन सुल्तान ने उन्हें भी पेचकस से गोदने की धमकी दी, जिससे मुहल्ले पड़ोस के लोग भी ठिठक गए। सूचना पाकर अलीशा के भाई अरमान और परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। हमला करके भाग रहे सुल्तान को दबोच लिया, कोतवाली ले गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस सुल्तान को भी अस्पताल ले आई थी। कुछ देर रुकने के बाद वह अस्पताल से भाग निकला। डाक्टरों ने बानो की हालत देख उसे मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। घरवालों ने बानो को झांसी में भर्ती कराया। वहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है। इधर, कोतवाली प्रभारी श्यामबाबू शुक्ला ने बताया कि फिलहाल तहरीर नहीं मिली है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### अस्पताल में असुरक्षित हैं मां-बेटी

**बांदा।** ससुराल में दामाद ने मां-बेटी समेत तीन लोगों पर पेचकस से हमला कर दिया। इससे सभी लोग घायल हो गई। राबिया और उसकी बेटी अलीशा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। भर्ती के दौरान दोनो मां-बेटी अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रही हैं। अलीशा का कहना है कि उसके भाइयों ने सुल्तान को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। पुलिस चाहती तो उसे गिरफ्तार कर लेती। लेकिन पुलिस ने उसे गिरफ्तार नहीं किया। वह अस्पताल से भाग गया। अब उन्हें यह भय सता रहा है कि अस्पताल में कहीं उनकी हत्या न कर दी जाए।

# पत्नी ने थाने में शिकायत की तो पति ने खाया जहर

- बस स्टैंड पर अचेत होने पर सीएचसी में भर्ती कराया
- थाना प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल सहित अस्पताल में रहे मौजूद

**पनवाड़ी (महोबा), समृद्धि न्यूज**

**पत्नी** द्वारा थाना में शिकायत दर्ज कराने से आहत हुए जीवन साथी ने बस स्टैंड पर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया और अचेत होकर गिर पड़ा। यह देखकर हरकत में आई थाना पुलिस ने आनन फानन में चिकित्सीय उपचार हेतु सीएचसी में भर्ती कराया है। इस दौरान सीएचसी में थाना प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार पांडेय पुलिस बल समेत मौजूद रहे। वहीं डॉ कनिष्क माहुर का कहना है कि युवक की हालत संतोषजनक है। उधर पति की हालत को देखकर शिकायतकर्ता पत्नी



सदमा में देखी गयी। मामला कस्बा के धुवियाना मुहाल निवासी घासीराम श्रीवास के 19 वर्षीय पुत्र विष्णु ने कोई डेढ़ साल पहले अपनी मर्जी से पूर्व परिचित नीता संग शादी की थी। शादी का कुछ समय दोनों का हंसी खुशी से गुजरा और इसके बाद जरा जरा सी बात पर कहासुनी शुरू हो गयी। आएदिन पति पत्नी के विवाद को लेकर पंचायत भी की जा चुकी। आज रविवार को हुई कहासुनी के बाद पत्नी नीता ने थाना पुलिस को शिकायती पत्र दिया। इस बात की जानकारी होने पर पति विष्णु पीछे से बस स्टैंड पहुँचा और पत्नी को थाना पुलिस में देखकर आहत हो गया तथा पूर्व नियोजित तरीके से उसने बस स्टैंड थाना गेट पर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। अचेत होकर गिरने की खबर पर पुलिस व उक्त की पत्नी हरकत में आ गयी। पुलिस द्वारा पत्नी के सहयोग से उपचार हेतु समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां डॉक्टर ने आनन फानन में उपचार किया पीड़ित व उसकी पत्नी के निजी अनुरोध पर प्राइवेट डॉक्टर को सीएचसी बुलाया गया। समाचार लिखे जाने तक पीड़ित विष्णु की हालत सन्तोषजनक है। थाना प्रभारी निरीक्षक शशि पांडेय का कहना है कि पहले पत्नी कार्यवाही की मांग कर रही थी। अब उसके खुदकुशी के प्रयास करने की कोशिश के बाद पत्नी कार्यवाही हेतु हाथ खड़े कर रही है। आश्चर्य यह है कि दम्पति के कोई परिजन मौके पर हालचाल लेने नही आये है।

सीओ कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार ने कहा कि 'पति की मारपीट से परेशान पीड़िता थाने में शिकायत करने आई थी. पत्नी द्वारा पुलिस में शिकायत किए जाने से डरे हुए व्यक्ति ने थाने में आने से पहले ही जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया और थाने के बाहर हंगामा करने लगा. पुलिस द्वारा उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया है।

# पुलिस ने मुठभेड़ में खनन अधिकारी का हमलावर को किया गिरफ्तार

**इटावा।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर के निर्देशन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना बिठौली पुलिस ने खनन अधिकारी पर हमला करने वाले इनामी वांछित आरोपी को मुठभेड में गिरफ्तार किया।

जनपद में आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं वारण्टी, वांछितों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना बिठौली पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मर्दानपुरा के पास संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चैकिंग कर रही थी जिसमें पुलिस टीम को बल्लो की गढिया की तरफ से एक मोटर साइकिल आती हुई दिखाई दी जिसे रोकने पर मोटर साइकिल सवार द्वारा मोटर साइकिल को पीछे की ओर मोडकर भागने का प्रयास किया गया। संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस ने पीछा किया तो मोटर साइकिल सवार द्वारा स्वयं को पुलिस से घिरता हुआ देखकर पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया जिसमें पुलिस टीम ने अपना बचाव करते हुए मोटर साइकिल सवार की घेराबंदी कर ग्राम मर्दानपुरा के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी अशोक पुत्र राम खिलाडी निवासी घुरैय्या खेडा थाना दिहौली जनपद धौलपुर राजस्थान ने पूछताछ में बताया कि कमिश्नरेट आगरा में उसने खनन अधिकारी पर हमला किया था जिसके संबंध में कमिश्नरेट आगरा में पंजीकृत अभियोग में वह 15000 रुपये का इनामी भी है। आरोपी के कब्जे से चोरी की मोटर साइकिल, अवैध अधिया, 3 जिंदा व एक खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। इस सफलता में थानाध्यक्ष बिठौली बेचन सिंह , उ.नि महेश पाठक का. गौरव प्रताप, का. शशिभान, का. राहुल का सराहनीय योगदान रहा।

# हाईस्कूल के 3311 व इण्टरमीडिएट के 1979 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

▸ माया देवी इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की छात्रा परीक्षा के दौरान हुई बेहोश, जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

**जिले** में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की परीक्षा नकलविहीन एवं शुचितापूर्ण सम्पन कराए जाने हेतु परीक्षा केन्द्रों पर जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों की गाड़ियां दिन भर फर्राटा भरती रहीं सोमवार को प्रथम पाली में हाई स्कूल विज्ञान विषय की परीक्षा में 28822 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 25511 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 3311 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में इण्टरमीडिएट की विज्ञान व गणित विषय की परीक्षा मे कुल 18239 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 16260 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 1979 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में परीक्षा केंद्र माया देवी इंटर कॉलेज सरायमीरा में परीक्षा दे रही छात्रा अंशिका पुत्री अशोक कुमार निवासी ककबलापुर जसरापुर परीक्षा के दौरान बेहोश हो गई, जिस पर केंद्र व्यवस्थापक ने कंट्रोल रूम को जानकारी दी। कंट्रोल रूम से सह प्रभारी आशीष शुक्ला ने 108 नंबर पर सूचना देते हुए विद्यालय में एंबुलेंस भिजवाई, जिसके बाद विद्यालय की दो शिक्षिकाएं छात्रा के पिता के साथ एम्बुलेंस में छात्रा को बैठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। परीक्षा केंद्र श्री रामेश्वर सिंह जनता इंटर कॉलेज सरायकायम परोर में सेक्टर मजिस्ट्रेट प्रदीप कुमार गौतम ने कंट्रोल रूम में सूचना दी गई कि उपरोक्त परीक्षा केंद्र पर छात्रों के मध्य परीक्षा बोध में वार्तालाप होता है, जिस पर कंट्रोल रूम से केंद्र व्यवस्थापक को चेतावनी देते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। सेक्टर मजिस्ट्रेट गिरीश चंद्र द्वारा कंट्रोल रूम को सूचना दी गई कि स्व. बांकेलाल इंटर कॉलेज नथापुरवा में समय से पुलिस बल नहीं पहुंचा है तथा जेपी गर्ल्स इंटर कॉलेज कन्नौज में उप जिलाधिकारी सदर ने औचक निरीक्षण किया जहां पर उन्होंने सभी परीक्षा कक्षाओं में लगे ऑडियो को निष्क्रिय पाया और इसकी सूचना कंट्रोल रूम को दी जिस पर कंट्रोल रूम से केंद्र व्यवस्थापक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। प्रथम पाली में संयुक्त शिक्षा निदेशक मनोज कुमार द्विवेदी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र बाबू ने विमला देवी बृजमोहन सिंह इंटर कॉलेज सराय प्रयाग, जेडी जनता इंटर कॉलेज छिबरामऊ, हीरालाल इ.द. इंटर कॉलेज छिबरामऊ, बीएसएस इंटर कॉलेज हैबतपुर कटरा सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। कंट्रोल रूम से सह-प्रभारी आशीष कुमार शुक्ला ने बताया कि द्वितीय पाली में जनपद के 104 परीक्षा केंद्रों पर इंटरमीडिएट गणित एवं विज्ञान विषय की परीक्षा का आयोजन किया गया। द्वितीय पाली में 18239 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें 16260 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 1979 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में सचल दल ने गोमती देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज मकरंद नगर, कन्हैयालाल सरस्वती विद्या मंदिर, सुशीला देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज कन्नौज, केके इंटर कॉलेज कन्नौज, मुस्लिम मोहमदिया इंटर कॉलेज कन्नौज सहित अन्य कई परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। संयुक्त शिक्षा निदेशक मनोज कुमार द्विवेदी व जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र बाबू ने संयुक्त रुप से कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया। यहां सभी कार्य सही पाया गया।



कन्ट्रोल रुम का निरीक्षण करते संयुक्त शिक्षा निदेशक मनोज कुमार द्विवेदी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक राजेंद्र बाबू

# बीआरसी पर प्रधानाध्यापकों की हुई मासिक बैठक




बैठक में दिशा निर्देश देते बीईओ महेश चंद्र शर्मा व मौजूद शिक्षक-शिक्षिकाएं — समृद्धि न्यूज

**जलालाबाद कन्नौज**

**सोमवार** को ब्लॉक संसाधन केन्द्र जलालाबाद में खण्ड शिक्षाधिकारी महेश चन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में प्रधानाध्यापक व इंचार्ज प्रधानाध्यापको की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बीईओ महेश चंद्र शर्मा ने निपुण भारत अभियान, डीबीटी, मिशन शक्ति कार्यक्रम फेज चार, निरक्षर भारत अभियान के अन्तर्गत निरक्षरो के सर्वे के कार्य को पूरा करने, मॉं समूह की माताओं के एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं यूडॉयस प्लस मॉड्यूल पर विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओ से सम्बन्धित डाटा को भरने से सम्बन्धित जानकारी देते हुए समस्त कार्यो को स-समय पूर्ण करने के निर्देश दिए। एआरपी सत्यपाल यादव ने निपुण डैस बोर्ड के बारे में व जितेंद्र प्रताप सिंह ने आगामी माह में प्रस्तावित नैट टू की परीक्षा के बारे में जानकारी दी। इस दौरान नोडल शिक्षक संकुल रामऔतार, राकेश कुमार, मनोज कुमार, अवधनारायण, विजय कुमार, राजीव कुमार, प्रदीप कुमार, रेनू कमल, प्रिया सिंह, आकांक्षा अवस्थी, प्रियंका गुप्त, अनुराग गौतम, विपिन कुमार, रामप्रकाश आदि शिक्षक-शिक्षिकाए मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## जेवरात व नकदी चोरी का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** विगत एक दिन पूर्व क्षेत्र के ग्राम जुनेदपुर में घर में सो रहे परिजनों को चकमा देकर दीवार फांदकर घर में घुसे चोरों ने बक्से का ताला तोड़कर जेवरात व नगदी चोरी कर लिए थे। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम जुनैदपुर निवासी कमलेश पाल पुत्र सोनेलाल द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि विगत 26 फरवरी कि भोर अपने परिजनों के साथ सो रहे थे। तभी अज्ञात चोर ने दीवार फांद कर घर में घुसकर बक्से का ताला तोड़कर जेवरात व नकदी चोरी कर लिए। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की हुई मौत

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** अनियंत्रित गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने सड़क किनारे जा रही महिला के टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे परिजनों द्वारा इलाज के लिए ले जाते समय महिला की मृत्यु हो गई। मृतका के पति ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम रजलामऊ निवासी जगदीश पुत्र पूसे लाल द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि रविवार की शाम उसकी पत्नी पुष्पा जीटी रोड किनारे घर की ओर जा रही थी। तभी अनियंत्रित गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसने इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## घर से नगदी व जेवरात लेकर चोर हुए फरार

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** छिबरामऊ थाना क्षेत्रान्तर्गत देर रात परिवार के लोग जब गहरी नींद में सो रहे थे उसी दौरान चोरों ने निशाना बनाते हुए एक लाख की नगरी सहित लाखों के जेवरात पर हाथ साफकर आराम से निकल गए।घटना की जानकारी होने पर पीड़ित परिवार ने मामले की शिकायत पुलिस से की। कोतवाली के प्रेमपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम डालूपुर निवासी सौरभ सिंह पुत्र जगदीश सिंह ने बताया कि बीती रात वह अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे। तभी देर रात छत के जरिए घर के अंदर घुसे चोरों ने सेफ अलमारी में रखें 1 लाख रुपए की नगदी सहित एक छोटा बक्सा उठा ले गए और पीछे खेत में ले जाकर उसमें रखी एक सोने की चैन, 6 अंगूठी व 1 जोड़ी कान की झुमकी चोरी कर पार कर दी। सुबह घटना की जानकारी होने पर गांव में हड़कंप मच गया पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन कर चोरों की तलाश शुरू कर दी।

## थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई संपन्न

**सौरिख,समृद्धि न्यूज।** आगामी त्योहारों के चलते थाना परिसर में नगर के संभ्रांत लोगों के बीच पीस कमेटी का आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्राधिकारी ने लोगों को आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए त्योहारों को मनाने का संदेश दिया। थाना परिसर में रंगों का त्यौहार होली और शबेरात के त्यौहार को देखते हुए नगर के संभ्रांत लोगों की मौजूदगी में एक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्राधिकारी दीपक दुबे ने मौजूद लोगों से मिलजुलकर त्यौहार मनाने का संकल्प दिलाया।उन्होंने कहा यदि कोई भी असामजिक तत्व त्यौहार पर अराजकता फैलाने की कोशिश करेगा तो उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी इस दौरान त्यौहार शांति पूर्वक मनाये जाने को लेकर उपस्थित लोगों ने भी अपने अपने विचार रखे।इस दौरान थाना प्रभारी विक्रम सिंह,गुड्डू नंबरदार विनोद शुक्ला, वारिद अली आदेश दुबे,अली अब्बास,फीरोज गांधी संजीव दुबे,सहित नगर के तमाम संभ्रांत लोग रहे उपस्थित रहे।

# डिप्टी सीएम की गिरफ्तारी पर आप ने किया धरना प्रदर्शन

▸ जिलाध्यक्ष ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं संग तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन किया

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**दिल्ली** के उप मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी से नाराज आम आदमी पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने केन्द्र की भाजपा सरकार पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए धरना प्रदर्शन कर रिहा करने की मांग की। दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया को सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए जाने से आम आदमी पार्टी के लोगों ने केन्द्र की भाजपा सरकार पर बदले की कार्यवाही और तानाशाही का आरोप लगाया।आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्र कांत यादव के नेत्रत्व में सैकड़ों आप कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर में जोरदार धरना प्रदर्शन कर भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार नारे लगाए और कार्यकर्ताओं ने चेतावनी देते हुए जल्द से जल्द मनीष सिसोदिया को रिहा किया जाने की मांग की।जिलाध्यक्ष ने कहा कि मनीष सिसोदिया को जल्द ही रिहा नहीं किया गया तो आम आदमी पार्टी देशव्यापी आंदोलन करेगी और सड़कों पर उतरने पर बाध्य होगी।इस दौरान गिरंद सिंह यादव, सुभाष चंद्र यादव, गौरव सिंह, सुरेंद्र सिंह यादव, घारम सिंह, जय किशन यादव, भूरा जाटव, सुनील कुमार, अर्जुन सिंह, नफीसा बेगम, प्रीतम, जरीना बेगम, मुन्नी बेगम,साइना बेगम, कप्तान सिंह यादव,गोविंद, गुड्डू, विनय प्रताप सिंह,मोहन सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।




प्रदर्शन करते आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता — समृद्धि न्यूज

# पुलिस ने 69 लोगों के खिलाफ की मिनी गुण्डा एक्ट की कार्रवाई

**कन्नौज।** आगामी त्योहारों में शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत प्रभावी पुलिसिंग कार्यवाई के चलते एसपी के निर्देशन में जिले की पुलिस ने 69 अपराधियों के विरुद्ध मिनी गुंडा एक्ट की कार्यवाही की है। उक्त सभी आरोपियों के खिलाफ सम्बन्धित थाना क्षेत्रों में आपराधिक मामले दर्ज हैं। आगामी त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराने व कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के दृष्टिकोण से प्रभावी पुलिसिंग के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत उच्चाधिकारियों के अनुमोदनोपरांत 69 अपराधियों के विरुद्ध धारा 110 जी मिनी गुंडा एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। उक्त सभी आरोपियों के खिलाफ सम्बन्धित थाना क्षेत्रों में विभिन्न आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## दो पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** तिर्वा क्षेत्र मे दहशत फैलाने एंव अराजकता का मौहाल बनाने के आरोप मे पुलिस ने दो लोगो के खिलाफ गैंगस्टर की कार्यवाही की है। अपराध और अपराधियो पर शिकंजा कसने के लिये पुलिस कप्तान की निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने अभियान चला रखा है। जिसके चलते पुलिस ने क्षेत्र के मदनापुर गांव निवासी अखिलेश पुत्र ठेकेदार एंव ज्ञान सिंह पुत्र नन्हेलाल पर क्षेत्र मे दहशत फैलाने एंव अराजकता का मौहाल बनाने के आरोप मे गैंगस्टर की कार्यवाही की है। कोतवाल महेशवीर सिंह ने बताया कि दोनो व्यक्ति शातिर किस्म के है। जो क्षत्र मे अपना दबदबा कायम रखते है। इनके खिलाफ कोई भी व्यक्ति जुबान खोलने को तैयार नही होता एंव इनके खिलाफ अपराधिक मुकद्मे भी दर्ज है।

# चोरों के हौसले बुलन्द, सिपाही के घर का तालाकाटकर लाखों का सामान किया पार

**कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

▸ सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए चोर, पुलिस जांच पड़ताल में जुटी

**पुलिस** की गश्त पर सवालिया निशान लगाते हुए चोरों ने एक सिपाही के घर को निशाना बनाकर सूने घर के सदर दरवाजे का ताला काट दिया और ज्वैलरी व कैश समेत कीमती सामान पार चम्पत हो गए। पीड़ित जनपद मुख्यालय पर न्यायालय की सुरक्षा में तैनात है। वह सरकारी काम से फर्रुखाबाद गए थे, वहीं उनका परिवार घर में ताला लगाकर एक शादी समारोह में गया हुआ था। चोरी की घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और घटनास्थल पर जांच पड़ताल की।

सदर कोतवाली क्षेत्र की सरायमीरा चौकी क्षेत्रान्तर्ग यशोदानगर स्थित डीआईओएस कार्यालय के निकट सिपाही राजीव यादव का मकान है। उनकी जनपद न्यायालय की सुरक्षा में तैनाती है और वह सरकारी कार्य से फर्रुखाबाद गए हुए थे। कार्य में देर हो जाने के कारण वह रात्रि में वहीं रुक गए, वहीं उनका परिवार परिवार घर में ताला लगाकर एक शादी समारोह शामिल होने गया था। इसी दौरान चोरों ने उनके घर को निशाना बना लिया और बीती रविवार की रात चोरों ने उनके घर के सदर दरवाजे का ताला तोड़ दिया और घर में प्रवेश कर गए। चोरों ने घर में रखी नकदी व ज्वैलरी समेत कीमती सामान पार कर दिया और फरार हो गए। हांलाकि घर में घुसे चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। चोरी की घटना को अंजाम देने से पहले चोरों ने कैमरों के कनेक्शन काट दिए थे, जिससे चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में नही आ सकी। कैमरे में तीन चोर नजर आए है, जिसमे से एक चोर कैप लगाए हुए। दूसरा चोर चेहरे पर कपडा लपेटे नजर आ रहा है। सुबह जब पड़ोसियों ने उनके घर के दरवाजे को खुला और पास में ही टूटे ताले का पड़ा देख तो वे अंचम्भित हो गए। पड़ोसियों ने तत्काल मामले की जानकारी फोन द्वारा सिपाही राजीव यादव को दी। चोरी की घटना की खबर मिलते ही वे तत्काल फर्रुखाबाद से कन्नौज रवाना हो लिए। घर आकर देखा तो सभी कमरे खुले पड़े थे और कमरों में रखा सामान बिखरा हुआ था। जिसके बाद उन्होंने कोतवाली पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही सरायमीरा चौकी इंचार्ज तरुण कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। पीड़ित के अनुसार ज्वेलरी व नकदी समेत लगभग 8 लाख का सामान चोर चुरा ले गए।

# पालिका व नगर पंचायत प्रशासन ने कराई फागिंग



नगर में फागिंग करते पालिका कर्मी — समृद्धि न्यूज

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज**

**बदलते** मौसम में मच्छरों के प्रकोप से नागरिकों को बचाने के उद्देश्य अधिशासी अधिकारी द्वारा नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत समधन के प्रमुख मार्गो पर फागिंग कराई गई। जिससे नागरिकों ने राहत की सांस ली।

सोमवार को अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह के निर्देश पर हरकत में आए पालिका कर्मियों ने नगर के जीटी रोड, तिर्वा रोड, रेलवे रोड, फतेहगढ़ रोड सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर फागिंग करा कर नागरिकों को राहत प्रदान की। उधर समधन नगर पंचायत कर्मियों ने फतेहगढ़ रोड, बाजार रोड सहित अन्य प्रमुख मार्गो पर फागिंग कराई। जिससे नागरिकों ने राहत की सांस ली। इस दौरान पालिका कर्मी पूरन सिंह सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

# व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने रथ यात्रा की बनाई रणनीति



व्यापार मंडल की बैठक में मौजूद पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज**

**बीती** शाम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन हुआ जिसमें आगामी 30 अप्रैल को व्यापार मंडल की रथ यात्रा नगर में भ्रमण एवं स्वागत की तैयारी के संबंध में रणनीति तय की गई। इस दौरान प्रदेश मंत्री प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि व्यापारियों की एकजुटता के लिए रथ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। रविवार की शाम नगर के तिराहा स्थित रेस्टोरेंट पर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों कि आयोजित बैठक मैं प्रदेश मंत्री प्रकाश अग्रवाल ने नगर कमेटी के पदाधिकारियों को आगामी 30 अप्रैल की व्यापार मंडल की रथ यात्रा एवं स्वागत कार्यक्रम की जिम्मेदारी सौंपने के उपरांत कहा कि व्यापारी हितों के लिए संगठन संघर्षरत है इसलिए एकजुटता बेहद जरूरी है। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष रामकुमार पाठक ने की व कार्यक्रम की रूपरेखा का अनुमोदन नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता ने किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष मोहित प्रकाश गुप्ता, जिला मंत्री डा0 रघुनंदन सिंह, नगर महामंत्री अनुराग गुप्ता, नसीर अहमद, वरिष्ठ नगर उपाध्यक्ष दयाशंकर कटियार, सुशील राठौर, नगर मंत्री भैया लाल दुवे, नगर सदस्य ब्रजेश कौशल, भूरा कठेरिया, परवेज अहमद चंदन आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## लेहामढ़ हत्याकाण्ड मे पुलिस हत्यारो से कोसो दूर

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के लोहमढ़ गांव मे हुई युवक की हत्या की घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद पुलिस हत्यारो तक पहुंचने मे नाकाम रही। गौरतलब हो कि लोहामढ़ गांव निवासी भूपेन्द्र सिंह तोमर एडवोकेट के छोटे भाई धीरेन्द्र सिंह उर्फ रेशू की धारदार हथियार से निर्मम हत्या कर दी गई थी। घटना मे मृतक के भाई अधिवक्ता श्री सिंह ने गावं के ही बाबू पुत्र विजय पाण्डेय के अलावा रजईमऊराजा गांव निवासी शिशुपाल पुत्र लालता सिंह एंव उनके दो लड़के पुनीत व राहुल व नथापुर्वा गांव निवासी राजकुमारी व अंशिका पुत्री फुंदीलाल एंव कोतवाली सदर के मीरपुर गांव निवासी सत्यम् व शुभम् पुत्रगण अशोक सिंह के खिलाफ भाई की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। हत्यारो की गिरफ्तारी के लिये पुलिस की कई टीमें कार्य कर रही है। इसके बावजूद भी 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस न तो हत्यारो तक पहुंच सकी और न ही उसे कोई अहम सुराग हाथ लगा। कोवताल महेशवीर सिंह का दावा है कि पुलिस जल्द ही हत्यारो तक पहुंच जायेगी और घटना का खुलासा कर दिया जायेगा।

# अंबेडकर की मूर्ति क्षतिग्रस्त करने वाले चार लोगों को पकड़ा

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज**

**विगत** दिनों पूर्व संविधान रचयिता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को क्षतिग्रस्त करने बाले चार आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लेकर कार्यवाही की है।

सोमवार को उच्चाधिकारियों के निर्देशन पर कोतवाली पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार एवं मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर थाना इंदरगढ़ के ग्राम यहीदिया निवासी शिवा सिंह सेंगर पुत्र प्रताप सिंह, ग्राम झूसीनागर निवासी रितिक भदौरिया पुत्र समर पाल, ग्राम लखियाइमऊ निवासी भोले उर्फ शिवनारायण पुत्र आनंद मोहन सिंह व ग्राम चाचासांडा निवासी यीशु उर्फ मोहित सिंह पुत्र राजन सिंह को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि इंदुयाइगंज में उनके दोस्त रजत का तिलक समारोह था। जिसमें वह सभी लोग सम्मिलित हुए थे। कार्यक्रम के उपरांत रजत की बहन की सहेली भी अपने भाई के साथ आई हुई थी। रात होने के कारण उसके द्वारा अपने घर सराय प्रयाग तक छोड़ने की बात कही थी। जिस पर चारों लोग उसको घर छोड़ने के लिए गए थे और वापस आते समय उन्हें प्यास लगी। तो पानी पीने के लिए वह सराय प्रयाग में स्थित मंदिर पर लगे नल पर रुके थे। वहीं पास में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति लगी हुई थी। जिस पर उनके द्वारा पत्थर मारा गया। प्रथम बार में मूर्ति की केवल अंगुली टूटी थी और चले गए। किंतु दोबारा फिर वापस आए और सभी ने पत्थर मारकर हाथ में ली हुई किताब तोड़कर मूर्ति को छतिग्रस्त कर कर अपने घर वापस चले गए थे। वही उच्चाधिकारियों ने आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम सराय प्रयाग चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार, उप निरीक्षक राकेश कुमार पटेल सहित कॉन्स्टेबल ओम सिंह चौहान, प्रदीप कुमार, नकुल सोनकर की सराहना की।



पुलिस हिरासत में मौजूद आरोपी — समृद्धि न्यूज

# बैंक सेल्स मैनेजर ने ट्रेन से कटकर दी जान



घटनास्थल पर जांच पड़ताल करती पुलिस

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** ट्रेन की चपेट में आकर बैंक के सेल्स मैनेजर की मौत हो गई। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

जनपद मैनपुरी के थाना बेवर क्षेत्र के मोहल्ला काजीटोला निवासी अनुप कुमार श्रीवास्तव पुत्र रामनरेश जो की एक्सिस बैंक कायमगंज में सेल्स मैनेजर के पद पर कार्यरत था। वह बीते लगभग तीन माह से कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नई कॉलोनी में आशू के यहां किराये पर रह रहा था। सोमवार को वह बाइक से पितौरा क्रासिंग पूर्वी केविन के पास पहुंचा और ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दे दी। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना पुलिस को दी। मौके पर जीआरपी उ0नि0 शिवकुमार यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये और सूचना मृतक के परिजनों को दी। जानकारी होने पर मृतक की पत्नी क्षमा, भाई अखिलेश कुमार व अमित कुमार आदि परिजन मौके पर पहुंचे। उनका रो-रोकर बुरा हाल था। सूत्रों की मानें तो मां से हुए विवाद में मृतक ने घटना को अंजाम दिया।

# द्वादश ज्योतिर्लिंग के वार्षिकोत्सव पर भक्तों ने की पूजा अर्चना



पूजा अर्चना करते भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 14वां भव्य वार्षिकोत्सव कोठापार्चा स्थित मंदिर श्री महा मंगलेश्वरनाथ महाराज द्वादश ज्योतिर्लिंग धाम में तीसरे दिन रुद्राभिषेक हुआ। स्थानीय भक्तों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आचार्य ने विधि विधान से पूजा अर्चना करायी और देर शाम महाआरती व प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर यजमान दीपक मिश्रा व उनकी पत्नी सुरभि मिश्रा, रामजी बाजपेयी, अवनीश दीक्षित, नीलू पाण्डेय, निर्दोष शुक्ला, अर्पण मिश्रा, पवन अवस्थी मौजूद रहे।

# सड़क न बनने से उत्तेजित युवा व्यापारियों ने ईओ कार्यालय के बाहर दिया धरना

- लिखित आश्वासन के बाद धरना समाप्त



ईओ कार्यालय के बाहर धरना देते युवा व्यापारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** युवा नगर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने युवा प्रदेश मंत्री अंकुर श्रीवास्तव के साथ नगर पालिका पहुंचकर ईओ कार्यालय के बाहर धरना दिया। दर्जनों व्यापारियों के साथ धरना देकर अधिशाषी अभियंता रवींद्र कुमार को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि टाउनहाल रकाबगंज रोड बनवाने का एक हफ्ते का समय दिया गया था। 15 दिन बीत जाने के बाद सड़क निर्माण कार्य नहीं शुरु हुआ। जिससे असंतुष्ट होकर व्यापारियों ने धरना दिया। टूटी सड़क होने के कारण व्यापार बाधित है। सड़क की धूल गर्दा दुकानों के अंदर घुस जाती है। खाने पीने की दुकानों में सामान दूषित हो जाता है। जिससे आक्रोशित होकर व्यापारियों ने धरना दिया। ईओ के लिखित आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया गया।

इस मौके पर अंकुर श्रीवास्तव, नितिन वर्मा, अमित वर्मा, गोविंद बाथम, राजेंद्र चौहान सलमान खान, मो0 इसरार, नितिन गुप्ता, लल्ला, दानिश, करीम, शानू तिवारी, सुभाष वर्मा, अमन, चंदन, राधाकृष्ण आदि लोग मौजूद रहे। अधिशाषी अधिकारी ने कहा 10 दिन के अंदर निर्माण कार्य को पूरा कर दिया जायेगा। ऐसे में कार्य नहीं हुआ, तो संस्था को ब्लेकलिस्टेड घोषित कर दिया जायेगा। लिखित आश्वासन के बाद सभी व्यापारियों ने धरना समाप्त किया।

# युवाओं ने पुण्यतिथि पर चंद्रशेखर आजाद को किया याद



पुण्यतिथि पर चंद्रशेखर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते युवा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** चन्द्रशेखर आजाद की पुण्य तिथि पर बद्री विशाल महाविद्यालय पहुंचकर युवाओं ने वीर सपूत को श्रद्धासुमन अर्पित किये। भारत के वीर सपूत चन्द्रशेखर आजाद की पुण्य तिथि पर भारत माता व वंदेमातरम उद्घोष के साथ श्रद्धांजलि दी गई। जीवीए अकेडमी एण्ड कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट के छात्रों व युवाओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। अध्यक्षता करते हुए रामनारायन आजाद के सुपुत्र बॉबी दुबे मानवाधिकारी संगठन के अध्यक्ष आदित्य दीक्षित ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं की भागीदारी ऐसे कार्यक्रमों में होनी चाहिए, आज युवा भटक रहा है। क्रांतिकारियों को भूलने लगा है। इस मौके पर रवी मिश्रा, विपिन अवस्थी, सुनील गुप्ता, मोहित माथुर, शुभनीत, शिवम आदि लोग मौजूद रहे।

# समस्याओं को लेकर किसान यूनियन ने अतिरिक्त एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन के जिला महामंत्री मेघराज सिंह सोमवंशी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर समस्याओं से संबंधित जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा।

किसान यूनियन हरपाल गुट के लोगों ने सात सूत्रीय ज्ञापन में मांग की है कि गौटिया से कुतलूपुर तक पीडब्लूडी मार्ग को मुक्त कराया जाये। कुबेरपुर कुतलूपुर में क्रीड़ास्थल, खलिहान, पशु शवदाह गृह की आवंटित जगह चारागाह, देव स्थान पर माफियाओं द्वारा कब्जा किया गया है। सरकार की मंशा के अनुसार तुरंत कार्यवाही कर मुक्त कराया जाये। ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य इंस्पेक्टर की मिलीभगत के कारण खाद्य सामग्री समस्त दुकानदारों तक नकली व मिलावटी बेची जा रही है। शीघ्र कार्यवाही की जाये। गंगाजी के कहर से पूरा प्रदेश छह महीने बाद भी जलमग्न रहता है। जिस कारण फसल की उपज कोई भी नहीं हो पाती है। किसान भुखमरी की कगार पर है। ऐसे में गंगा मइया का जल को स्थायी करने के बाद निरोधक कार्य अथवा पुल आदि का निर्माण कराया जाये। जिससे क्षेत्रीय लोगों की लाखों की फसल बरबाद होने से बच सके। ग्रामीण क्षेत्र में झोलाछाप डाक्टर द्वारा आम जन मानस की जान खतरे में है। अभियान चलाकर इन्हें प्रतिबंधित किया जाये। प्रत्येक गाव में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया जाये। गौटिया से कुतलूपुर मार्ग पर बसों का संचालन किया जाये। डग्गामार वाहनों की लूट खसोट बंद कर क्षेत्रीय लोगों का विकास किया जा सके, आदि सभी समस्यायें से निजात दिलायी जाये। एक महीने के अंदर समस्याओं से निजात नहीं मिला, तो किसान यूनियन कलेक्ट्रेट प्रांगण में आंदोलन करते हुए धरना देगा। इस मौक पर निर्मल सिंह, बृजेश कुमार, संतराम, मीना देवी सहित एक दर्जन किसान यूनियन के नेता मौजूद रहे।



अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान यूनियन के लोग

# सेन्ट पॉल्स ब्राइटन एकेडमी में लगा हेल्थ कैंप




हेल्थ चेकअप के दौरान मौजूद शिक्षक-शिक्षिकायें व स्वास्थ्य टीम

- 200 से अधिक बच्चों की हुई हेल्थ काउंसलिंग
- प्रधानाचार्य ने हेल्थ टीम को दिया धन्यवाद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सेंट पॉल ब्राइटन एकेडमी बंधौआ में वार्षिक हेल्थ कैंप का आयोजन हुआ। मेमोरियल मिशन अस्पताल की टीम ने काउंसलिंग की एवं स्वास्थ्य संबंधी बच्चों को जानकारी दी। कैंप में बच्चों को स्वास्थ्य का परीक्षण करते हुए आंखों, दांतों को साफ रखने की सलाह दी। बच्चों को समय-समय पर विद्यालय में हेल्थ चेकअप किया जाता है। जिसके तहत सोमवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन विद्यालय परिसर में प्रधानाचार्य रोजीशन विश्वासी की देखरेख में सम्पन्न हुआ। स्वास्थ्य टीम ने बच्चों का हेल्थ चेकअप किया। जिसमें डाक्टर निशांत मैसी डॉ0 निखिल प्रसाद, संदीप लाल, मेराज अली, ऐश्वर्या अवस्थी, मुस्कान यादव, सपना, शिल्पी यादव, रश्मी शाक्य आदि टीम के सदस्यों ने काउंसलिंग कर जांच एवं उपचार के साथ परामर्श दिया। 200 से अधिक बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। मेमोरियल मिशन अस्पताल के दंत रोग चिकित्सक डॉ0 निखिल प्रसाद ने अधिकांश बच्चों के दांत गंदे पाये। जिन्हें नियमित ब्रश करने आदि की सलाह दी। कई बच्चों के दांतों में कीड़े लगे पाये गये। जिनका उपचार किया गया। प्रधानाचार्य रोजीशन विश्वासी ने पूरी टीम की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिका बिन्दू द्विवेदी, अभिषेक सिंह, संजीव सिंह, पुष्पेंद्र पाल, ज्योतिका मसीह, ज्योति मिश्रा, अर्चना पाल, देवेंद्र जायसवाल आदि लोग मौजूद रहे।

# वोटर्स पार्टी का विद्युत विभाग के खिलाफ तीसरे दिन धरना जारी



विद्युत विभाग के खिलाफ धरने में बैठे वोटर्स पार्टी के लोग

- मांगें पूरी न होने तक जारी रहेगा धरना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** वोटरशिप व विद्युत विभाग के द्वारा कार्यकर्ताओं के उत्पीड़न को लेकर वोटर्स पार्टी इंटरनेशनल का मुख्यालय पर तीसरे दिन भी धरना जारी रहा। जानकारी के अनुसार सोमवार को वोटर्स पार्टी के वैद्य वीरेंद्र कुमार आर्य की अगुवाई में तीसरे दिन भी धरना जारी रहा।

मांग पत्र में विद्युत विभाग के अधिकारियों पर बिलों में करोड़ों रुपए की हेराफेरी व कार्यकर्ताओं का जानबूझकर उत्पीड़न करना व किसानों की उपजाऊ भूमि पर खम्बों का मकड़जाल परमीशन न कोई अनुदान, घरों व विद्यालयों की छतों से हाईवोल्टेज लाइन निकालना, दुर्घटना के दौरान आर्थिक क्षतिपूर्ति न दिया जाना, देश की गरीब जनता को गुलामी से मुक्त कराने के लिए वोटर शिप कानून, अमीरी रेखा, उत्तराधिकार, सीमांकन कानून तथा एक सरकार एक चुनाव देश में लागू हो, आदि मांगे शामिल हैं। पदाधिकारियों ने कहा कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक हम लोग विद्युत बिल नहीं जमा करेंगे और ना ही धरना समाप्त करेंगे। इस दौरान आरएन मानव, नरेश गांधी, महात्मा नंदलाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बरगदिया घाट पर जेसीबी लगाकर साफ-सफाई कराने की मांग



ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते गंगा सेवक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गंगा समिति के लोगों ने नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि गंगा तट बरगदिया घाट पर पूजा सामिग्री व खंडित मूर्तियों को लोग छोड़ जाते है। जिस कारण गंगा तट पर गंदगी फैली है। नगर पालिका द्वारा जेसीबी लगवाकर साफ-सफाई व कूड़े एवं खंडित मूर्ति को भू-विसर्जित किया जाये। जिससे घाट पर आने वाले लोगों को गंदगी का सामना न करना पड़े। इस मौके पर राजीव वर्मा, राजेन्द्र बाथम, नीतू मिश्रा, आशीष मिश्रा, नन्दकिशोर दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

# आप ने प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन




अतिरिक्त एसडीएम को ज्ञापन सौंपते आप नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दिल्ली के उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया की सीबीआई द्वारा की गयी गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि गिरफ्तारी के विरोध में सांसद संजय सिंह, मंत्री गोपाल राय, विधायक ऋतुराज झा, दिनेश मोहनिया, रोहित महरौलिया, आदिल खान समेत कई पार्षदों और कार्यकर्ताओं को फतेहपुर बेरी थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जो कि निंदनीय है। आप नेताओं ने कहा कि दिल्ली के बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए रात दिन मेहनत करने वाले आम आदमी पार्टी के शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार करके भाजपा ने साबित कर दिया कि वह आम आदमी पार्टी के सिद्धांतों और उसकी बढ़ती लोकप्रियता से कितना भयभीत है। सोमवार को दिल्ली का शिक्षा, यातायात और चिकित्सा मॉडल सभी देशवासियों की पहली पसंद है। क्या राष्ट्रहित में जनता की सेवा करना अपराध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी वास्तव में भ्रष्टाचारियों को सजा देना चाहते हैं तो आज तक अपने मित्र अडानी के ऊपर उन्होंने किसी तरह की जांच क्यों नहीं करवाई। भाजपा की तानाशाही चरम सीमा पर है। आम आदमी पार्टी इस ज्ञापन के माध्यम मांग की कि जिस प्रकार अब सरकार के दबाव में जांच समितियां असंवैधानिक कृत्य में लिप्त हैं इनकी जांच करवाई जाये और मनीष सिसोदिया के साथ आप नेताओं को रिहा कर बेबुनियाद आरोपों से बरी किया जाये। इस मौके पर गोविंद शाक्य, कुलदीप सिंह, डॉ0 काशीराम कुशवाहा, प्रमोद प्रकाश सक्सेना, जितेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, डॉ0 अनिल, कृष्ण कुमार, नदीम कुरैशी, उमेशचंद्र गुप्ता मौजूद रहे।

# बच्चों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार को मिल जुलकर रोकें: सचिन




जानकारी देते बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड राजेपुर में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक खंड विकास अधिकारी कौशल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार को रोकने का मिलजुलकर प्रयास करना है। हमारा दायित्व है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को हेल्पलाइन नम्बरों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाए। 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर की जानकारी लोगों को दें।

बैठक में बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने बाल विवाह को रोके जाने की अपील की और कहा कि बाल विवाह करना अपराध है। जिसमें 02 वर्ष तक की सजा एवं 1 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। बाल संरक्षण से संबंधित विभिन्न जानकारी प्रदान करते हुए 1098, 112, 181, 1076, 1090 आदि के विषय में बताया। प्रत्येक 3 माह में ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक कराने संबंधी प्रशिक्षण आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिया गया। उन्होंने कहा कि बच्चे इस समाज की नींव होते हैं इसलिए उनका उचित पोषण जरूरी है। उन्होंने जानकारी दी कि जनपद में चाइल्ड लाइन सुविधा 24 घण्टे संचालित है। किसी भी बच्चे के मिलने पर 1098 की टीम मौके पर पहुंचेगी। उन्होंने वन स्टॉप सेन्टर की जानकारी प्रदान की और कहा कि किसी भी पीड़ित बालिका या महिला को एक ही छत के नीचे 24 घण्टे तत्काल पुलिस, चिकित्सा एवं परामर्श की सहायता प्रदान की जाती है। संजय सचान ने कहा कि सभी अपने-अपने ग्राम में प्रत्येक गर्भवती एवं धात्री माताओं तथा उनके नवजात शिशुओं के उचित पोषण पर विशेष ध्यान दें तथा ये सभी जानकारी आम जनमानस को दें। जिससे कि वे विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकें। बाल कल्याण पुलिस अधिकारी इला सिंह ने पॉक्सो एक्ट की विस्तार से जानकारी दी और कहा कि अपने क्षेत्र में बालिकाओं के साथ-साथ बालकों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करें। जिससे घटनाएं कम हो सकती हैं। इस अवसर पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ0 एम0ए0 सिद्दीकी, सुपरवाइजर सोना भदौरिया, श्यामा त्रिपाठी, आँकड़ा विश्लेषक सुनील वर्मा, सन्दीप सक्सेना, ब्लॉक समन्वयक करन सिंह उपस्थित रहे।

## आईटीआई कालेज में रोजगार मेला आज

**फर्रुखाबाद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क में 28 फरवरी मंगलवार को आयोजित होने वाले अप्रेन्टिसशिप मेले में लगभग रिक्त 200 अभ्यार्थी को रोजगार दिया जायेगा। मेले में महेंद्रा एण्ड लि0 रुद्रपुर उत्तराखंड कंपनी प्रतिभाग कर रही है। सभी पात्र छात्र-छात्रायें शैक्षिक प्रमाण पत्रों व डिप्लोमा के साथ आईटीआई स्कूल प्रातः 10 बजे पहुंचकर रोजगार मेले में प्रतिभाग करें। यह जानकारी प्रधानाचार्य ने दी है।

# चुनाव में सफलता के लिए बूथ का सशक्त होना जरुरी: जिलाध्यक्ष

- बूथ सशक्तिकरण जिला जिला कार्यशाला का हुआ आयोजन
- आगामी चुनावों में पूरी दमदारी से जुटे कार्यकर्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को आवास विकास कॉलोनी स्थित भाजपा कार्यालय पर जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता की अध्यक्षता में बूथ सशक्तिकरण जिला कार्यशाला का आयोजन मुख्य अतिथि संगठन प्रभारी व विधान परिषद सदस्य डॉक्टर अरुण पाठक की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

संगठन प्रभारी विधान परिषद सदस्य डॉ0 अरुण पाठक ने जिला कार्यशाला को संबोधित करते हुए बताया प्रदेश संगठन ने बूथ सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्य योजनाएं बनाई हैं। यह अभियान 1 मार्च से 30 मार्च तक चलेगा। संगठन की बूथ समिति के नए प्रारूप के अंतर्गत अध्यक्ष सहित 11 कार्यकर्ता होंगे। बूथ समिति की पिछ्ली कार्यकारिणी 21 सदस्यों वाली थी। शक्ति केंद्र पर कोई बदलाव नहीं किया गया है। संगठन का उद्देश्य है लगातार चुनावों में सफलता बनाए रखने के लिए बूथ का सशक्त होना चाहिए। चुनावों में जीत तभी सुनिश्चित होगी जब बूथ जीता जा सकेगा। यह अभियान जिले स्तर के उपरांत विधानसभा व मंडल स्तर पर भी चलेगा। प्रत्येक मतदाता सूची पर भी नए पन्ना प्रमुख बनाए जाएंगे। कार्यक्रम की मॉनिटरिंग प्रदेश कार्यालय द्वारा की जाएगी। आगामी नगर निकाय चुनाव एवं लोकसभा चुनावों में पूरी ताकत के साथ पार्टी कार्यकर्ता जुटें।

भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने बताया 1 मार्च से 30 मार्च के मध्य चलने वाले बूथ सशक्तिकरण अभियान के लिए सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी गई हैं। 16 मार्च से 26 मार्च के मध्य बूथ गठन का कार्य होना है। 2022 विधानसभा चुनावों में 1626 बूथ थे जिसको संशोधित करते हुए 1529 बूथ बनाए गए हैं। इन सभी बूथों पर समिति 11 सदस्यों वाली बनाई जाएगी। विधानसभा स्तर पर होने वाली कार्यशाला में मंडल पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्षस, मंडल टोली, शक्ति केंद्र संयोजक,स अल्पकालीन विस्तारक, आईटी व सोशल मीडिया प्रमुख एवं मंडल की टीम अपेक्षित रहेगी। यह सभी सदस्य नई बूथ समिति का गठन करेंगे। बूथ समिति का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनेगा जिसमें सभी सदस्य जुड़ेंगे। बूथ समिति की पूरी जानकारी के लिए सरल एप्प डाउनलोड करनी होगी कार्यशाला का संचालन जिला उपाध्यक्ष जय गंगवार ने किया। इस मौके पर सांसद मुकेश राजपूत, डॉ बीके गंगवार, ठाकुर वीरेंद्र सिंह राठौर, हिमांशु गुप्ता, संजीव गुप्ता, विजय गुप्ता, अभिषेक त्रिवेदी, बबीता पाठक, श्वेता दुबे, अमरदीप दीक्षित, हेमचंद्र राजपूत, धीरेंद्र वर्मा, गोपाल राठौर, विकास पांडे, रामवीर सिंह चौहान, मीरा सिंह, ममता सक्सेना, चित्रा अग्निहोत्री, सरस्वती वर्मा, मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद भाजपा नेत्री





# दो बाइकें भिड़ीं, पीछे से आ रहे डंपर ने कुचला, दो भाइयों की मौत

- भाई को कारखाने छोड़ने जा रहे थे मृतक, दूसरा बाइक चालक घायल, चालक डंपर छोड़कर फरार



रोते बिलखते मृतक के परिजन



मृतक निखिल



मृतक नितेश

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** ओवरटेक करने के दौरान दो बाइकें आपस में भिड़ गयी, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने सड़क पर गिरे दो सगे भाइयों को कुचल दिया। जिससे दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दूसरा बाइक चालक गंभीर रुप से घायल हो गया। इस दौरान चालक डंपर छोड़कर भाग गया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई और सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेजा तथा डंपर को अपने कब्जे में ले लिया। जानकारी होने पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना क्षेत्र के गांव शेखपुर निवासी 18 वर्षीय नितीश किता नगला में दोना पत्तल के कारखाने में काम करता था। बड़ा भाई 22 वर्षीय निखिल उसे सोमवार सुबह बाइक से कारखाने छोड़ने जा रहा था। गांव नगला दाउद के पास नवीन मंडी समिति के नजदीक आगे चल रहे वाहन को निखिल ने ओवर टेक किया, तभी उसकी बाइक पेरी नवादा निवासी नितिन कुमार की बाइक से टकरा गई। इससे दोनों भाई सड़क पर गिर गए, तभी पीछे से आ रहा तेज रफ्तार डंपर दोनों भाइयों के ऊपर से निकल गया। इससे दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा देखकर चालक ने डंपर को खड़ा कर दिया और वहां से भाग गया। इस दौरान दूसरा बाइक चालक नितिन कुमार गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ गई और सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की तथा घायल नितिन को उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया। घटना की जानकारी होने पर मृतक की मां रेखा, पिता नरेंद्र, दादी लक्ष्मी, बाबा सुरेश, पत्नी संगीता आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतकों के पिता नरेंद्र कुमार ने बताया कि वह एक पेट्रोल पम्प पर सेल्समैन का काम करता है। उनके पांच पुत्र है, जिनमें निखिल, नीतीश, चित्रांश, दिव्यांश, सूर्यांश व दो बेटियां अनु व राधा है। सबसे बड़ा पुत्र निखिल व उससे छोटा नीतीश था। निखिल की शादी 3 महीने पहले ही एटा जिले से हुई थी। वहीं दूसरा बाइक चालक नितिन कुमार अपनी बहन प्रिया को हाईस्कूल की परीक्षा दिलाने के लिए आरपी इंटर कालेज छोड़ने गया था। वहां से नितिन अपने चचेरे भाई सौरभ के पास जा रहा था, लेकिन सौरभ भी अपने चचेरे भाई प्रांशु को लोको रोड स्थित एक स्कूल में हाईस्कूल की परीक्षा दिलाने गया था। सौरभ ने फोन कर नितिन को अपने पास बुलाया था, तभी रास्ते में एक्सीडेंट हो गया। हालत बिगड़ने पर नितिन को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। चाचा सर्वेश की तहरीर पर पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# तिकोना चौकी इंचार्ज सहित चार के विरुद्ध कोर्ट में याचिका दायर



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोतवली के बजरिया निहालचंद निवासी इरफान पुत्र अब्दुल लतीफने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में चौकी इंचार्ज समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए 156(3) के तहत याचिका दायर की। इसमें तीन लोगों पर घर में घुस कर मारपीट करने, तेजाब डालने व दरोगा पर आरोपियों का सहयोग करने के कारण रिपोर्ट न लिखने का आरोप लगाया है। याचिकाकर्ता ने बताया कि मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला सुभाषनगर निवासी अभय कुमार सक्सेना उर्फ चिन्हा, बजरिया निहालचंद्र निवासी अरमान उर्फ अफजाल, फिरदोस व तिकोना चौकी इंचार्ज अवधेश अवस्थी के खिलाफ कोर्ट में अर्जी दायर की है। इसमें कहा कि 22 फरवरी को तीन आरोपी तमंचा व बोलत में कुछ पदार्थ लेकर घर में घुस आए। तमंचा दिखाकर मकान खाली करने का दबाव बनाया। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके ऊपर तरल पदार्थ डाल दिया। पीठ पर पदार्थ गिरने से उसके पकड़े और उसका शरीर जलने लगाए तब पता चला कि वह तेजाब था। परिजनों ने पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपियों ने तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना की जानकारी चौकी प्रभारी को दी। उन्होंने आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की उल्टा उसको चौकी से भगा दिया। आरोपी इससे पूर्व भी उसके साथ घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। सीजेएम ने अर्जी पर शहर कोतवाली से रिपोर्ट मांगी है।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर घुसने से तीन मकान क्षतिग्रस्त

- थानाध्यक्ष ने जेसीबी मंगवाकर ट्रैक्टर को निकलवाया बाहर



अनियंत्रित होकर सड़क किनारे घर में घुसे ट्रैक्टर को निकालती जेसीबी

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** आटा लादकर एक दुकान पर उतारने जा रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे घर में जा घुसा। जिससे आसपास के दो और मकान भी क्षतिग्रस्त हो गये। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष ने जेसीबी मंगवाकर घर के अंदर घुसे ट्रैक्टर को खिंचवाकर बाहर निकाला उसे कब्जे में ले लिया।

जानकारी के अनुसार जनपद शाहजहांपुर के थाना कांठ के गांव मुड़िया निवासी संतोष कुमार ट्रैक्टर से आटा लादकर कायमगंज स्थित एक दुकान पर उतारने जा रहा था। सोमवार सुबह अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ग्राम मुरैठी निवासी नरेंद्र यादव के मकान में जा घुसा। पास में बने गंगा शरण और नंदराम का भी मकान क्षतिग्रस्त हो गया। इस दौरान ग्रामीणो की भीड़ लग गई और सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लिया तथा आटा को दूसरे ट्रैक्टर पर लोड कराकर भेज दिया। थानाध्यक्ष मनोज भाटी ने बताया कि घटना की तहरीर नहीं मिली है। अगर तहरीर मिली, तो जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

### गोताखोरों को नहीं मिला मानदेय

**फर्रुखाबाद (सं,)।** मेला रामनगरिया में गोताखोरों को जिला प्रशासन की ओर से लगाया गया था लेकिन उनका मानदेय नहीं दिया गया जिसके चलते सोमवार को गोताखोरों ने मुख्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी को संबोधित शिकायती पत्र सौंपा।

# अन्तर्जनपदीय गिरोह के दो लुटेरे गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में आरोपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अंतर्जनपदीय लुटेरे गिरोह के दो सदस्य पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरी की गई बाइकें व लूटे गए 13 मोबाइल आदि सामान बरामद कर जेल भेज दिया।

अपर पुलिस अधीक्षक डा0 संजय सिंह ने वार्ता के दौरान घटना का खुलासा करते हुए बताया कि विशाल सिंह जाटव पुत्र महेश चंद्र निवासी देवरामपुर ठंडी सड़क, शाहरुख मंसूरी पुत्र उस्मान मंसूरी उर्फ शमसुद्दीन निवासी पिपरगांव को गमा देवी मंदिर के निकट से गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से लूट चोरी की गई बाइकें व 13 मोबाइल बरामद हुए। एक साथी मौका पाकर फरार हो गया। जिसका नाम अतुल जाटव बताया गया। विशाल के विरुद्ध 13 मुकदमे व शाहरुख पर 7 मुकदमे दर्ज है। पकड़े गए बदमाशों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

### आलू से लदी ट्राली बीच सड़क पर पलटी, हादसा टला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोल्ड स्टोरेज के लिए आलू ले जाते समय ट्रैक्टर अनियंत्रित हो जाने पर ट्राली पलट गयी। चालक व उस पर बैठे अन्य लोग बाल-बाल बच गये। इस दौरान यातायात अवरुद्ध हो गया। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर सड़क पर पड़े बोरो को हटवाकर रास्ता खुलवाया। सुनील कुमार निवासी हरसिंगपुर गोवा थाना मऊदरवाजा ट्रैक्टर पर आलू लादकर गुरसायगंज जनपद कन्नौज स्थित एक कोल्ड स्टोरेज में रखने जा रहे थे। जैसे ही जसमई चौराहे के निकट पहुंचे, तभी अधिक वजन होने के कारण ट्राली बीच सड़क पर पलट गयी। जिससे आलू से भरे बोरे बीच सड़क पर जा गिरे। जिससे यातायात अवरुद्ध हो गया। रायपुर चौकी के सिपाही विपिन व अभिषेक ने पहुंचकर बीच सड़क से बोरों को हटवाकर यातायात चालू कराया। इस दौरान चालक व उस पर बैठे अन्य लोग बाल-बाल बच गये।

## खबरें चलते-चलते

### रुपये न देने पर पुत्रों ने मां को पीटा, शिकायत पुलिस से

**शमशाबाद (सं.)।** प्रधानमंत्री आवास की किशत में से पैसा न देने पर पुत्रों ने मां के साथ मारपीट कर दी और जानमाल की धमकी देने पर पीड़ित मां ने थाने पहुंचकर अपने पुत्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए तहरीर दी। थाना क्षेत्र के ग्राम उगरपुर निवासी रामा देवी पत्नी स्वर्गीय आशाराम ने अपने पुत्र धीर सिंह तथा झांगड़ी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। जिसमें दर्शाया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उसका आवास स्वीकृत हुआ है। आवास की पहली किस्त आने पर पीड़िता ने निर्माण सामग्री खरीद ली। इस बात से नाराज दोनों पुत्रों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि उसके पुत्र उससे खर्चे के लिए रुपये मांगते हैं। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

### तमंचा कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

**शमशाबाद (सं.)।** चौकी प्रभारी फैजबाग संजय राय पुलिस बल के साथ ग्राम ठंडी कुइया रजलामई के निकट चेकिंग अभियान चला रहे थे, तभी मुखबिर की सूचना पर धमगमा चौराहे के पास से एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम बृजेश कुमार पुत्र रामअवतार निवासी खुडिना खार बताया। तलाशी में उसके पास से 315 बोर व दो कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

### पत्नी के मायके चले जाने पर पति ने फांसी लगाकर दी जान

**कमालगंज (सं.)।** पत्नी के मायके चले जाने पर पति ने पंखे में मफलर डालकर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के भाई ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाकर पंचनामा भरकर आगे की कार्यवाही की। थाना क्षेत्र के ग्राम रानूखेड़ा निवासी नवाब सिंह पुत्र देवी दयाल ने थाने पहुंचकर पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसका 42 वर्षीय भाई राजीव कुमार ने घर के अंदर पंखे में मफलर डालकर आत्महत्या कर ली। उसके दो बच्चे हैं, जिन्हें लेकर उसकी पत्नी मायके चली गई। कई बार बुलाने पर वापस नहीं आयी। इसी से परेशान होकर मेरे भाई ने फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। मौके पर उपनिरीक्षक नागेन्द्र सिंह, सिपाही कपिल कुमार, होमगार्ड अवधेश ने पहुंचकर शव को उतरवाकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।


### अवैध खनन होने पर सहायक चकबंदी अधिकारी ने दर्ज कराया मुकदमा

**कमालगंज (सं.)।** अवैध खनन होने की शिकायत मिलने पर चकबंदी विभाग के अभिलेख पद पर तैनात कर्मी ने पुलिस को तहरीर दी। जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया। सौरभ कुमार च0 ले0 स0च0 अधिकारी कार्यालय अंतिम अभिलेख के पद पर नियुक्ति है। दी गई तहरीर में दर्शाया कि ग्राम गुगौरा में अवैध खनन की सूचना प्राप्त हुई है। मौके पर जाकर देखा तो शिकायत सही पायी गई। ग्राम चौसपुर परगना भोजपुर के अभिलेखों पर मौके पर अवलोकन किया गया तो पाया गया की चक संख्या 432 तो पुष्पेंद्र सिंह एवं भूपेंद्र सिंह पुत्र शिवचरण निवासी राम्पुरा के नाम दर्ज है जो कि गाटा संख्या 417, 418 448, 449 पर प्रस्तावित है एवं मुख्य मार्ग की मिट्टी उठा ली है। मौके पर जेसीबी से खनन होता मिला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पुष्पेन्द्र, भूपेन्द्र, जेसीबी चालक व ठेकेदार के विरुद्ध उत्तर प्रदेश उप खनिज नियमावली की धारा 3 एवं 57 एवं 7,4,21 में मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

### दंपत्ति सहित चार पर मुकदमा दर्ज

**कमालगंज (सं.)।** रवि गुप्ता निवासी मोहल्ला आजादनगर ने थाने में दी तहरीर में दर्शाया कि ब्रजराज उर्फ ब्रजपाल, ब्रजराज की पत्नी व दो अज्ञात निवासी ग्राम संतोषपुर ने मेरी दुकान का शटर तोड़कर अपना गेट लगा दिया और फोन से गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर उपरोक्त लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सख्ती के चलते हाईस्कूल में 2234 एवं इंटर में 1507 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी



बोर्ड की परीक्षा में भाग लेंती छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** यूपी बोर्ड की परीक्षाओं में जबरदस्त सख्ती के चलते आज कुल 3741 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा छोड़ दी। जिससे हाईस्कूल विज्ञान विषय में 2234 तथा इंटर में जीव विज्ञान एवं गणित विषय में 1507 परीक्षार्थी शामिल है। हाईस्कूल के अनिवार्य विषय की परीक्षा होने के कारण सुबह की पाली में 28166 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। सचल दलों ने अपने-अपने क्षेत्र के आवंटित विद्यालयों का निरीक्षण किया तथा केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक निर्देश दिये एवं परीक्षार्थियों की तलाशी ली। बोर्ड परीक्षा कन्ट्रोल रुम प्रभारी राम लखन ने बताया कि सोमवार की हाईस्कूल विज्ञान तथा इंटर की जीव विज्ञान एवं गणित विषय की परीक्षा में कुल 3741 छात्र-छात्राओं ने नकल पर सख्ती के चलते परीक्षा से किनारा कर लिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक आधे से अधिक परीक्षाएं सम्पन्न हो चुकी है, परन्तु अभी तक कोई छात्र नकल करते हुए नहीं पकड़ा जा सकता। अब मात्र पांच दिनों की परीक्षाएं शेष बची है।

### ट्रैक्टर चालक पर मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज (सं.)।** सहदेव सिंह पुत्र शालिग्राम निवासी ग्राम महिलई थाना जसवंतनगर इटावा ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि ट्रैक्टर संख्या यूपी 84एएल/7663 के चालक ने मेरे भतीजे अनूप कुमार जब वह कावंर लेकर जल चढ़ाने जा रहा था, तभी टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे सैफई रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शिकायत के आधा पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# गृह कलह के चलते टेंपो चालक ने फांसी लगाकर दी जान



रोते बिलखते मृतक के परिजन



**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** गृह कलह के चलते टेंपों चालक ने पेड़ पर साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव बलीपुर भगवंत उलियापुर निवासी 35 वर्षीय विजय वीर पुत्र राम रहीश जो रोज की तरह टेंपो चलाकर घर पर लौटा था। परिवार से कहासुनी होने पर विजय ने घर के पास में खड़े पकड़िया के पेड़ पर धोती से फांसी लगाकर जान दे दी। इस दौरान परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं सूचना पुलिस को जैसे ही हुई घटना स्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। इस दौरान परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया।

मृतक तीन भाईयों में सबसे छोटा था। भाई महावीर, अजयवीर, मां शिवकाली आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। थानाध्यक्ष मनोज भाटी ने बताया कि परिजनों के मना कर देने पर पंचनामा भरने तक की कार्यवाही की गई। पोस्टमार्टम नहीं कराया गया।

# जेसीबी लेकर पहुंचे ईओ ने दुकानों के चबूतरे तुड़वाए

**खबर का असर**

- नाला बंद होने से प्राचीन मंदिर के मुख्य द्वार पर भर गया था पानी
- महाशिवरात्रि पर भक्तों को हुई थी परेशानी



चबूतरों को तोड़ती जेसीबी मशीन

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** कस्बे में स्थित त्रेता युग कालीन रामेश्वर नाथ मंदिर के बाहर जमा गंदा पानी निकलवाने के लिए सोमवार को ईओ सुभाष चंद्र जेसीबी लेकर नाले पर बनी दुकानें तुड़वाने पहुंचे। जानकारी होते ही दुकान मालिक भी मौके पर पहुंच गए। मंदिर के महंत से सुलह समझौते के बाद दुकानों के चबूतरे तुड़वाकर जलनिकासी की व्यवस्था की गई। इसके बाद दुकानदारों ने राहत की सांस ली।

कंपिल स्थित रामश्वरनाथ मंदिर का मुख्यद्वार गंगा रोड पर है। इसके आगे से ही एक नाला निकल रहा है। इसके आगे कुछ लोगों ने दुकानें बना ली। इन दुकानों के चबूतरे भी बनाए इससे जल निकासी रुक गई। मंदिर के मुख्यद्वार पर ही दुर्गंधयुक्त गंदापानी इकट्ठा हो गया। इससे आसपास रहने वालों को तो समस्या हो ही रही थी। साथ ही मंदिर आने वाले भक्त भी परेशानी का सामना कर रहे थे। समृद्धि न्यूज़ ने इस खबर को एक सप्ताह पूर्व प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद सोमवार को नगर पंचायत के ईओ सुभाष चंद्र दोपहर बाद जेसीबी लेकर मंदिर के पास पहुंच गए। इसकी जानकारी जैसे ही दुकान मालिकों को मिली वे भी मौके पर पहुंच गए। दुकान मालिक व दुकानदारों में खलबली मच गई। मंदिर के महंत जी से इस बारे में बात की गई। इस दौरान दुकानों के चबूतरे तोड़कर जल निकासी की व्यवस्था करवाने की बात पर समझौता हो गया। दुकानदारों को चबूतरों से अपना सामान हटा लिया। इसके बाद जेसीबी ने चबूतरे तोड़ दिए। ईओ ने बताया कि जल निकासी की व्यवस्था की जा रही है। बजट आते ही नाले रका निर्माण करवाया जाएगा। जलभराव से लोगों को समस्या ना हो इसका ध्यान रखा जाएगा।

# फर्जी दस्तावेज से लोन लेने वाले महिला सहित चार लोग गिरफ्तार

- रेलवे में कार्यरत दिखाकर बहन की शादी के नाम से लिया 15 लाख



पुलिस हिरासत में आरोपी व पीछे बैठी महिला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फर्जी दस्तावेज तैयार कर सर्विस स्लिप पर लोन बैंक से लेने वाले दो जालसाज व उसकी महिला साथी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली फतेहगढ़ स्टेट बैंक की डिफेंस एरिया शाखा के प्रबंधक ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 7 फरवरी को कैंट स्थित शाखा में संदीप कुमार नामक व्यक्ति ने बताया कि वह भारतीय रेलवे सेवा में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत है और सर्विस लोन चाहिए।

उसने बताया कि बहन की शादी के लिए पैसे की आवश्यकता है। बैंक द्वारा मांगे गए सभी दस्तावेज उपलब्ध कराने पर 15 लाख का लोन 7 फरवरी को स्वीकृत होने पर संदीप के खाते में ट्रांसफर कर दिया गया। फोन करने पर जब फोन नहीं उठाया तो यह महसूस हुआ कि शायद बहन की शादी में व्यस्त होगा। 23 फरवरी को उसका फोन बंद हो गया। संदेह होने पर फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन पर जब पूछताछ की तो पता लगा कि इस नाम का कोई व्यक्ति विभाग में कार्यरत नहीं है तो समझ में आया कि धोखाधड़ी की गई है और इस दौरान एटीएम के माध्यम से कई जनपदों में जाकर धनराशि निकाली गई। 30 हजार रुपये की धनराशि गीता देवी के खाते में ट्रांसफर की गई। संदीप कुमार, राज चौधरी, अमन पाल ने षड्यंत्र रच कर फर्जी दस्तावेज तैयार कर इस घटना को अंजाम दिया है। बैंक शाखा प्रबंधक की तहरीर पर पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से एक महिला व अन्य आरोपियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ शुरू कर दी है।

### शादी से इन्कार कर देने पर पुलिस को दी तहरीर

**शमशाबाद (सं.)।** थाना क्षेत्र के ग्राम नैगमा निवासी वेदराम पुत्र पन्नालाल ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसने अपनी पुत्री का विवाह अतुल कुमार पुत्र संजीव कुमार निवासी अताईपुर कायमगंज के साथ तय किया था। आरोप है अतुल के पिता संजीव कुमार ने रिस्तेदारों के साथ नगर में स्थित चौमुखी महादेव मंदिर में 27 जनवरी को पुत्री को देखा। बात तय हो जाने पर 29 जनवरी को रोक व 1 फरवरी को सगाई की रस्म अदा की गई। सारे कार्यक्रम सम्पन्न हो जाने के बाद एक सप्ताह का समय मांगकर विवाह कार्यक्रम की तिथि तय करने की बात कही और 20 फरवरी को शादी करने से मना कर दिया। गांव के रहने वाले मोहनलाल ने मध्यस्थता कर रिश्ता तय कराया था। पीड़ित पिता ने लड़का, उसके पिता, रिश्तेदार व मझिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।